संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार, 21 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के मतदान में बुजुर्गों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 139 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# 49 सीटों पर 57.35% वोटिंग

● सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 73% और सबसे कम महाराष्ट्र में 48.88% मतदान हुआ

**मताधिकार**

▶▶ बंगाल में भाजपा-टीएमसी समर्थक भिड़े, मुंबई में उद्धव गुट के 3 कार्यकर्ता गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** 2024 लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान खत्म हो गया है। कुल 57.35% वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 73% और सबसे कम महाराष्ट्र में 48.88% मतदान हुआ है। इसके अलावा ओडिशा विधानसभा के सेकेंड फेज की 35 सीटों पर 60.70%, झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट पर 68.26% और लखनऊ ईस्ट सीट पर 52.25% वोटिंग हुई है। उत्तर प्रदेश के महोबा में ड्यूटी के दौरान सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल के बैरकपुर और हुगली में भाजपा कैंडिडेट्स और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हुई है मुंबई में मतदान केंद्र के पास डमी एश्ट रखने के आरोप में पुलिस ने शिवसेना के तीन कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है।



मुंबई में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, गुलजार, सुभाष घई, अक्षय कुमार, नाना पाटेकर, अनिल कपूर, मनोज बाजपेयी के अलावा RBI गवर्नर शक्तिकांत दास और अनिल अंबानी ने वोटिंग की। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीएसपी सुप्रीमो मायावती, सतीश चंद्र मिश्रा ने लखनऊ में, राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली में वोट डाला। 543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हुआ था। आज की सीटों को मिलाकर कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है। बाकी 2 चरणों में 114 सीटों पर वोटिंग होनी अभी बाकी है।

## कभी अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं बोला: पीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीटीआई को एक इंटव्यू दिया। इस दौरान पीएम ने कहा कि वह किसी को भी 'विशेष नागरिक' के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे, उन्होंने कांग्रेस पर संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा कि दक्षिण में बीजेपी की कमजोरी का वर्णन कई मिथकों के समान है जैसे कि बीजेपी शहरी-केंद्रित, बनिया-ब्राह्मण पार्टी है। पीटीआई को दिए इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा, बीजेपी दक्षिण में सबसे बड़ी पार्टी होगी, एनडीए 400 सीटें जीतने की ओर अग्रसर है।

**मैंने अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं बोला एक शब्दः** पीएम मोदी ने इंटरव्यू में कहा कि मैंने अल्पसंख्यकों के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला है। मैं कांग्रेस की वोट बैंक की राजनीति के खिलाफ बोल रहा हूं। मैं कांग्रेस के संविधान के खिलाफ काम करने पर बोल रहा हूं। बाबासाहेब अम्बेडकर और पंडित (जवाहरलाल) नेहरू सहित भारत के संविधान निर्माताओं ने निर्णय लिया कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। अब जब आप उससे मुंह मोड़ रहे हैं तो उन्हें बेनकाब करना मेरी जिम्मेदारी है। बीजेपी कभी भी अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं है।

**4 जून, 400 पार- पीएम मोदीः** एनडीए के लिए 400 सीटों का लक्ष्य हासिल करने के लिए दक्षिणी



**दो टूक**

▶▶ अल्पसंख्यकों के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला है। कांग्रेस की वोट बैंक की राजनीति के खिलाफ बोल रहा हूं

और पूर्वी राज्यों में बीजेपी की रणनीति पर पीटीआई के एक सवाल के जवाब में पीएम मोदी ने कहा, हमारी रणनीति पूरे देश के लिए एक ही है- 'फिर एक बार मोदी सरकार' और '4 जून, 400 पार'; इसलिए राज्यों के आधार पर इसमें कोई अंतर नहीं है। 2019 (लोकसभा) चुनाव को देखें तो दक्षिण में तब भी सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी थी। मैं फिर से कहता हूं- इस बार दक्षिण में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा होगी और उसके सहयोगी इसमें और (सीटें) जोड़ेंगे। उनसे फिर पूछा गया कि क्या उनका इरादा कभी भी अपने चुनावी भाषणों में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का नहीं था, तो उन्होंने कहा, बीजेपी कभी भी अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं रही है।

## चार आईएसआईएस आतंकवादी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद हवाई अड्डे पर इस्लामिक स्टेट के चार आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। चारों आतंकी श्रीलंकाई नागरिक बताए जा रहे हैं। गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की ओर से यह कार्रवाई की गई है। गुजरात एटीएस ने सोमवार को बताया कि उसने सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से चार आतंकियो को गिरफ्तार किया है। पिछले साल अगस्त में एटीएस ने अलकायदा से कथित संबंधों के आरोप में राजकोट से तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। प्रथम दृष्टया वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के लिए लोगों को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के लिए एक बांग्लादेशी हैंडलर के लिए काम कर रहे थे। गुजरात के डीजीपी विकाश सहाय ने बताया, 'सूचना मिली थी कि चार लोग मोहम्मद नुसरत, मोहम्मद नुफ्रान, मोहम्मद फारिस और मोहम्मद राजदीन श्रीलंकाई नागरिक हैं।

## धर्मपुर के समग्र विकास लिए वचनबद्ध : अनुराग ठाकुर

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** जिला मंडी के धर्मपुर में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री व वर्तमान भाजापा प्रत्याशी सांसद अनुराग ठाकुर ने एक दिवसीय जनसभायें की। उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की और कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिमाचल तथा धर्मपुर के समग्र विकास लिए वचनबद्ध है। 75 वर्षों में जहां कांग्रेस सरकार हिमाचल में एक किलोमीटर तक रेल लाइन नहीं बिछा पाई परंतु भाजपा के कार्यकाल में रेल लाइन उन पहुंच चुकी है, बिलासपुर पहुंचने वाली है और कुछ ही समय में हमीरपुर एमंडी के मुख्यालय में पहुंच जाएगी। आईआईटी, एनआईटीए एम्स जैसे संस्थान भी भाजपा की ही देन है। वही आपदा के समय करोड़ों की राशि केंद्र सरकार ने प्रदेश को भेजी परंतु प्रदेश सरकार पीड़ितो को सहायता पहुंचने में असफल रही। वहीं भाजपा के रजत ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान कांगेस सरकार ने आपदा के नाम पर चहेतों की तिजोरियां भरी। वास्तव में जिन लोगों का आपदा से नुकसान हुआ उन्हें कुछ नही मिला और जिनका नुकसान हुआ ही नहीं उन्हें लाखों रुपए दिए गए। कुछ आपदा पीड़ितों को तो तरपाल भी नसीब नहीं हुऐ। राजनीतिक इशारे पर बंदर बांट की गई उन्होंने कहा कि एक कांग्रेसी उपप्रधान जिसका कोई भी नुकसान नहीं हुआ था उसको नब्बे हजार की सहायता राशि आपदा के नाम पर सरकार द्वारा प्रदान की गई है। ऐसे दर्जनों उदाहरण है जहां चहेतों को सरकारी धन लुटाया गया।



**वोट की अपील**

▶▶ वर्तमान कांगेस सरकार ने आपदा के नाम पर चहेतों की तिजोरियां भरी: रजत ठाकुर

## ईडी ने केजरीवाल की मांगी 14 दिनों की हिरासत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** ईडी ने दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दायर कर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 2 जून को सरेंडर करने के बाद 14 दिनों की न्यायिक हिरासत की मांग की है। ईडी ने ये याचिका स्पेशज जज कावेजी बावेजा की कोर्ट में दाखिल की है। अरविंद केजरीवाल 1 जून तक अंतरिम जमानत पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा करते हुए 2 जून को सरेंडर करने का आदेश दिया था। अब ईडी ने केजरीवाल को 2 जून के बाद 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की मांग की है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि निःसंदेह उनके खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं लेकिन उन्हें दोषी नहीं ठहराया गया है। उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत देते हुए अपने फैसले में कहा था कि केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री और एक राष्ट्रीय दल के नेता हैं।



## दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथः पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** इरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रइसी विदेश मंत्री होसैन आमिर-अब्दोलाहियान व कुछ दूसरे अधिकारियों की एक हेलीकाप्टर हादसे में हुई मौत पर भारत ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति रईसी की मौत पर गहरा सदमा करार दिया है और अपना दुख व्यक्त करते हुए भारत-इरान रिश्तों को मजबूत बनाने में रईसी के योगदान को याद किया है।

**भारत-इरान के रिश्ते कैसे हैं?**

विदेश मंत्री जयशंकर अपने शोक संदेश में मृतक राष्ट्रपति व विदेश मंत्री के साथ अपनी मुलाकातों को याद किया है और कहा है कि इस दुख की घड़ी में भारत इरान की जनता के साथ है। रईसी के कार्यकाल में जिस तरह से भारत-इरान के रिश्ते बढ़ रहे थे उसके मद्देनजर एक साथ राष्ट्रपति और विदेश मंत्री की मौत का तात्कालिक असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि दीर्घकालिक रिश्तों पर कोई असर पड़ने की आशंका नहीं है।

**इब्राहिम रईसी की मौत :** पीएम मोदी ने अपने शोक संदेश में लिखा है कि इरान के राष्ट्रपति डॉ. सैयद इब्राहिम रईसी की दुखद मौत से काफी दुख व गहरा आघात लगा है।

## भाजपा की गारंटी सही नहीं: ममता

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंसकुराः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को पंसकुरा में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर इस चुनाव में उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस को अधिकतम सीटें मिलती हैं तो यह सुनिश्चित होगा कि केंद्र में सरकार बनाने पर वह विपक्षी इंडी गठबंधन की पूरी तरह से मदद कर सकेंगी।

**सीएम ममता ने केंद्र पर बोला हमलाः** टीएमसी सुप्रीमो ने इस दौरान भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की गारंटी सही नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार आम लोगों को रसोई गैस, बिजली आदि मुफ्त में नहीं दे रही है।



**भाजपा ने संदेशखाली में रची थी साजिशः** उन्होंने कहा कि यह दिल्ली का वोट है और अगर हम यहां जीत दर्ज करते हैं तो इंडिया गठबंधन द्वारा बनाई जाने वाली सरकार की पूरी तरह से मदद करने में सक्षम होंगे। सीएम ममता ने एक बार फिर से दोहराया कि भाजपा ने संदेशखाली की महिलाओं के संबंध में साजिश रची थी। सीएम ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य में लोगों के बीच साजिश के माध्यम से टकराव पैदा करना चाहती है। उन्होंने इस दौरान लोगों से जाति और धर्म से परे एकजुट रहने का आग्रह किया।


**निशाने पर** कांग्रेस पार्टी के छह विधायकों को भारतीय जनता पार्टी ने खरीदा हैः मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्दर सिंह

## बिकने और खरीदने वालों को सबक सिखायेगी जनताः सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस के बागियों और भाजपा पर फिर निशाना साधा है। चम्बा जिले के चुराह विधानसभा क्षेत्र में कांगड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में आयोजित एक जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार का चुनाव देश और प्रदेश की आने वाली राजनीति को नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के छह विधायकों को भारतीय जनता पार्टी ने खरीदा है तथा यह चुनाव खरीद फरोख्त की राजनीति को करारा जवाब देने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता इस बार बिकने वाले विधायकों के साथ साथ खरीददार पार्टी को भी कड़ा सबक सिखायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायक भी बिके हैं और दूसरी किश्त पाने के लिए अपना इस्तीफा स्वीकार कराने के लिए विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास धनबल नहीं है और जनता की ताकत ही कांग्रेस पार्टी की ताकत है। नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर और भाजपा की हिमाचल प्रदेश सरकार बनाने की हसरतें अधूरी ही रह जाएंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपना साढ़े तीन साल का बाकी कार्यकाल भी पूरा करेगी और सरकार को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता जागरूक है और देवी-देवताओं में विश्वास रखती है। ऐसे में खरीद फरोख्त की राजनीति हिमाचल प्रदेश की जनता को मंजूरी नहीं है। सुक्खू ने कहा कि भाजपा पिछले 15 सालों से कांगड़ा लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करती आ रही है लेकिन भाजपा के सांसद कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने में नाकाम सिद्ध हुए हैं।



MARUTi nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour

16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB COMPLETE CTP UNIT BASYS PRINT



Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033

Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

ACTION INDIA
ऊना, 21 मई 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

# जनता की ताकत ही कांग्रेस की ताकतः सीएम

## भंजराडू में लगे जनबल जीतेगा, धनबल हारेगा के नारे, चम्बा जिले में मुख्यमंत्री ने आनंद शर्मा के पक्ष में किया प्रचार

**हामिद**

**चंबाः मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को चम्बा जिले के चुराह विधानसभा क्षेत्र में कांगड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में प्रचार किया और लोगों से आनंद शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। भंजराडू में एक विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा पिछले 15 सालों से कांगड़ा लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करती आ रही है लेकिन भाजपा के सांसद कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने में नाकाम सिद्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस पार्टी ने दिग्गज नेता आनंद शर्मा को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने



कहा कि आनंद शर्मा पहले भी हिमाचल प्रदेश के मुद्दों की पैरवी करते रहे हैं और लोकसभा सांसद के रूप में इस लोकसभा क्षेत्र की आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि आनंद शर्मा संसद में हिमाचल प्रदेश के हितों की मजबूती के साथ पैरवी करेंगे। ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस बार का चुनाव देश और प्रदेश की आने वाली राजनीति को नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 6 विधायकों को भारतीय जनता पार्टी ने खरीदा है तथा यह चुनाव खरीद फ रोख्त की राजनीति को करारा जवाब देने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता इस बार बिकने वाले विधायकों के साथ-साथ खरीददार पार्टी को भी कड़ा सबक सिखायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायक भी बिके हैं और दूसरी किश्त पाने के लिए अपना इस्तीफा स्वीकार कराने के लिए विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास धनबल नहीं है और जनता की ताकत ही कांग्रेस पार्टी की ताकत है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर का सिला-सिलाया कोट दर्जी के पास ही रह जाएगा। उन्होंने कहा कि जय राम ठाकुर और भाजपा की हिमाचल प्रदेश सरकार बनाने की हसरतें अधूरी ही रह जाएंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपना साढ़े तीन साल का बाकी कार्यकाल भी पूरा करेगी और सरकार को कोई खतरा नहीं है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता जागरूक है और देवी-देवताओं में विश्वास रखती है। ऐसे में खरीद फरोख्त की राजनीति हिमाचल प्रदेश की जनता को मंजूरी नहीं है।ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने पिछले सवा साल में प्रदेश के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाईं और उन्हें धरातल पर लागू किया। आपदा में राज्य सरकार ने प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए कानून बदल दिया और अपने संसाधनों से 4500 करोड़ रुपए का विशेष आर्थिक पैकेज प्रदान किया, जिसके तहत पूरी तरह से घर नष्ट होने पर मुआवजा राशि को 1.30 लाख रुपए से बढ़ाकर सात लाख रुपए किया, जबकि कच्चे घर को नुक्सान होने पर मुआवजा राशि 4000 रुपए बढ़ाकर एक लाख रुपए की।

# 634 मतदाताओं को घर से मतदान करवाएंगेः लक्ष्मण

**सुभाग सचदेवा**

**गोहरः 28-नाचन** (अ.ज.) विधान सभा क्षेत्र में अति वरिष्ठ मतदाताओं को 21 से 26 मई तक मोबाइल पोलिंग टीम में घर में ही मतदान करने की सुविधा प्रदान करेगी। सहायक चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनैट ने आज जानकारी देते हुए बताया 21 मई से 26 मई तक मोबाईल पोलिंग टीमें 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं के साथ.साथ 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान कराने के लिए घर-घर दस्तक देंगी। इस संदर्भ में राजकीय महाविद्यालय बासा में पोलिंग पार्टी के सभी सेक्टर ऑफि सर, माइक्रो आब्जर्वर,



पोलिंग ऑफिसर के साथ सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा पोलिंग पार्टी को नाचन निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पोस्टल बैलट से मतदान करने वाले मतदाताओं पर जानकारी देते हुए कहा कि 28-नाचन अ.ज. विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 634 मतदाताओं ने घर में मतदान करने का विकल्प दिया है। जिसमे से 85 वर्ष से अधिक उम्र के 162 मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग 472 मतदाता हैं। मतदान करवाने के लिए 14 टीमों का गठन किया गया हैं। जिसमें 14 सेक्टर अधिकारियों, 14 माइकों आब्जर्वर, 28 मतदान कर्मी तथा 14 सुरक्षा कर्मी के साथ सम्बन्धित मतदान केंद्र के बीएलओ भी मौजूद रहेंगे।

# लोकसभा चुनाव में तैनात कर्मियों के लिए ईडीसी का आदान-प्रदान

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत गत दिवस को उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में 4-शिमला (अ.जा.) संसदीय क्षेत्र के लिए तैनात मतदान कर्मियों के इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफि केट (ईडीसी) का आदान-प्रदान किया गया। यह कार्य अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजीत भारद्वाज व अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा की निगरानी में सम्पन्न हुआ।शिमला संसदीय क्षेत्र के 17 विधानसभा क्षेत्रों (66-रामपुर विधानसभा क्षेत्र



को छोडकर) में तैनात मतदान कर्मियों के ईडीसी का आदान-प्रदान किया गया है, जिसमें जिला सोलन के 50-अर्की, 51-नालागढ़, 52-दून, 53-सोलन, 54-कसौली व जिला सिरमौर के 55-पच्छाद, 56-नाहन, 57-रेणुकाजी, 58-पावंटा साहिब, 59-शिलाई तथा जिला शिमला के 60-चौपाल, 61-ठियोग, 62-कसुम्पटी, 63-शिमला, 64-शिमला ग्रामीण, 65-जुब्बल-कोटखाई व 67-रोहडू विधानसभा क्षेत्र शामिल है।

# 62-कसुम्पटी वि.स. के पीठासीन, सहायक पीठासीन व मतदान अधिकारियों की रिर्हसल अब 24 मई को

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहायक उपायुक्त 62-कसुम्पटी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोपाल चंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी की रिर्हसल जो 23 मई, 2024 को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, छोटा शिमला में शाम के सत्र समय में 2 बजे होनी थी वह अब 24 मई, 2024 को उसी स्थान पर सुबह के सत्र समय 10 बजे होगी।उन्होंने बताया कि यह परिवर्तन इसलिए किया गया है क्योंकि 23 व 24 मई को चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा वोटर फेसिलिटेशन सेंटर में पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोटिंग की जानी है।

# महिला चिकित्सकों ने बिताएं, कुछ फुर्सत के पल

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** मां दुर्गा स्वरूप नारी सम्मान और डॉक्टरी पेशे से समाज की सेवा करने में तत्पर रहने वाली करीब 70 महिला चिकित्सकों ने हमीरपुर में एक भव्य समारोह में भाग लिया। डीएनएस नामक इस कार्यक्रम में हमीरपुर मेडिकल कॉलेज, एम्स बिलासपुर, टांडा मेडिकल कॉलेज, नेरचौक मेडिकल कॉलेज, निजी चिकित्सक, दंत चिकित्सक, वेटरनरी आयुर्वेदिक ने फु र्सत के कुछ पल बिताए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला चिकित्सकों का सम्मान करना और उन्हें उनके




व्यस्ततम दिनचर्या जिसमें की पारिवारिक, व्यवसायिक सामाजिक दायित्व से एक दिन अपने लिए निकाल कर कुछ पल फु र्सत के गुजारना शामिल था। इस अवसर पर आयोजित समिति की सदस्य डॉक्टर आस्था कालिया, दंत चिकित्सक ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों जैसे कविता सम्मेलन डीजे डांस, पेंटिंग, इंडोर खेलों का आयोजन किया गया।

# कांग्रेस नेताओं के प्रचार पर महिलाएं करेगी घेरावः मनीषा

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** सिरमौर भाजपा महिला मोर्चा रेणुका मंडल की मीडिया प्रभारी मनीषा ठाकुर ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ कांग्रेस पार्टी के नेताओं का घेराव किया जाएगा क्योंकि उन्होंने प्रदेश की महिलाओं के साथ धोखा किया है मनीषा ठाकुर ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय नेता प्रियंका गांधी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के अतिरिक्त कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं ने विधानसभा चुनाव के दौरान अपने चुनावी घोषणा पत्र में प्रदेश की महिलाओं को गारंटी दी थी की यदि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है तो हम 18 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाओं को प्रति महा 15 सो रुपए महिला सम्मान निधि राशि देंगे लेकिन सरकार को बनते हुए डेड वर्ष से भी अधिक समय हो गया है लेकिन आज तक किसी भी महिला के खाते में 15 सो रुपए नहीं आए हैं जिससे प्रदेश की महिलाएं अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है मनीषा



**घेराव**

**▶▶ यदि हमारे क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के नेता प्रचार करने आते हैं तो उनका क्षेत्र की महिलाएं घेराव करेगी**

ठाकुर ने बताया कि यदि हमारे क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के नेता प्रचार करने आते हैं तो उनका क्षेत्र की महिलाएं घेराव करेगी उन्होंने बताया कि एक महिला के 28 हजार रुपए बनते हैं यदि उन्होंने पिछले पैसे नहीं दिए तो उनको बेनकाब कर गांव में नहीं घुसने देंगे और उनको वोट की चोट से करारा जवाब दिया जाएगा उन्होंने बताया कि अब महिलाएं उनके झांसे में आने वाली नहीं है।

# सिरमौर में आगामी 5 दिनों तक लू चलने का अलर्ट जारी

**एसपी जैरथ**


**नाहनः** उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि मौसम विज्ञान केंद्र, शिमला द्वारा प्रदेश सहित सिरमौर जिला में आगामी 5 दिनों तक लू (हीट वेव) चलने का अलर्ट जारी किया गया है। सुमित खिमटा ने मौसम विज्ञान केंद्र, शिमला द्वारा जारी लू अलर्ट के दृष्टिगत सिरमौर जिला के लोगों से अगले 4-5 दिनों तक जरूरी सावधानियां व एहतियात बरतने की अपील की है। उपायुक्त ने कहा कि मौसम विज्ञान केंद्र, शिमला द्वारा जारी अलर्ट में सिरमौर जिला के धौलाकुआं और पांवटा साहिब क्षेत्र में भीषण लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अलर्ट को देखते हुए जिला के समस्त लोगों विशेषकर शिशुओं, बुजुर्गों और क्रॉनिक डिजीज वाले लोगों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।उन्होंने लोगों से अपील की है कि अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें, अधिक से अधिक पानी पियें, शरीर को ठंडा और ढाक कर रखें, सूती एवं पतले वस्त्र पहने, जरूरत पडने पर छाते या सर को दुपट्टे, टोपी आदि से ढके, अनावश्यक यात्रा करने से बचें।

यदि अति आवश्यक हो तो अपने साथ पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी रखें, दिन में अत्यधिक धूप पडने पर खिड़कियों को बंद रखें व रात्रि में खिड़कियों एवं दरवाजों को खुला व हवादार रखें, दोपहर 12 बजे से लेकर 4 तक यात्रा एवं घरों से कम बाहर निकलने की कोशिश करें।

# 'स्वर्गीय हेमकांत कात्यायान थे पत्रकारिता के भीष्म पितामह'

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** मण्डी प्रेस क्लब के संस्थापक व पूर्व प्रधान स्वर्गीय हेमकांत कात्यान की पहली पुण्यतिथि पर प्रेस रूम में श्रंद्धाजलि समारोह का आयोजित किया गया, जिसमें स्वर्गीय हेमकांत के परिजन भी मौजूद रहे। इस दौरान जिला के सभी प्रिंट व इलेट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार व लोक संपर्क विभाग अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत 2 मिनट का मौन रख कर की गई उसके उपरांत सभी मीडिया कर्मियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ पत्रकार बीरबल शर्मा ने



स्वर्गीय हेमकांत कात्यायान के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकार क्षेत्र में उनका अहम योगदान रहा हैं, जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि वह प्रेस क्लब के संस्थापक थे और उन्होंने प्रेस क्लब मंडी को खड़ा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं जिसको लेकर प्रेस क्लब मण्डी व उनके परिजनों ने फैसला लिया है कि उनकी स्मृति में हर वर्ष उनके नाम से एक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। पत्रकारिता क्षेत्र में आने वाली नई पीढ़ी के लोग भी उनके संघर्षों को जान सके और पत्रकारिता क्षेत्र में हमेशा उनका नाम बना रहे। उन्होंने कहा कि जब हेमकांत कात्यान ने पत्रकारिता शुरू की थी तो उसमें का दौर बहुत ही कठिन और विकट था। उन्होंने अपने पत्रकारिता क्षेत्र में निष्काम भाव से काम किया और अंतिम सांस तक कर्मकता, ईमानदारी और लगन सील होने के साथ-साथ समाज सेवा में तत्पर रहकर पत्रकारिता की।

# हिमाचल-उत्तराखंड सीमा पर कार से 3.33 लाख की नकदी बरामद

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** लोकसभा चुनाव के बीच सिरमौर पुलिस सीमाओं पर अलर्ट है। हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश की साथ लगती जिले की सीमाओं पर 19 स्थानों पर नाके लगाकर दिन-रात वाहनों की चेकिंग की जा रही है। पुलिस उत्तराखंड-हिमाचल की सीमा पर मीनस में कार नंबर एचपी 08-ए-3539 को जांच के लिए रोका। इस दौरान पुलिस ने रणजीत पुत्र लायकराम निवासी गांव दोची, मालत, तहसील कुपवी, जिला शिमला से 3.33 लाख की नकदी बरामद की। इस नकदी के बारे में कार मालिक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

# आपातकाल में हेल्पलाइन नंबर का ज्ञान जरूरीः राजन

## 10 दिवसीय एनसीसी शिविर में कैडेट्स को मिला आपदा का विशेष प्रशिक्षण

**एसपी जैरथ**

**नाहनः जिला** मुख्यालय नाहन में राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर में आपदा के दौरान किस तरह से राहत पहुंचाई जा सकती है इस पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से राजन कुमार शर्मा के द्वारा आपातकालीन स्थिति में दूरभाष के उन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी गई जो मुख्य रूप से सहायक सिद्ध होते हैं। शिविर के दूसरे सत्र में आदर्श अग्निशमन केंद्र



नाहन के फायरमैन रामदयाल शर्मा के द्वारा घरेलू और जंगली आग से कैसे बचा और बचाया जाए इस पर विशेष जानकारी भी दी गई। अग्निशमन विभाग के द्वारा प्रयोगात्मक रूप से विभिन्न प्रकार की आग से सुरक्षा के बारे में भी बताया गया।शिविर में कमांडेंट कर्नल राजीव शर्मा ने बताया कि इस शिविर में जिला के लगभग 19 सरकारी विद्यालयों एवं 04 सरकारी राजकीय महाविद्यालयों से लगभग 600 बाल व बालिका कैडेट्स भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि आपात स्थिति में हम किस तरह से एक दूसरे के लिए सहायक सिद्ध हो सके, इसको लेकर विशेष रूप से प्रशिक्षित होना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि आपदाएं कई तरह की होती हैं जैसे मानव निर्मित और प्राकृतिक आपदाओं में भविष्य को कैसे सुरक्षित किया जाए इसको लेकर विषय वस्तु की जानकारी होना भी जरूरी है।

# विहिप एवं बजरंग दल की कार्यकारिणी का हुआ गठन

**मनीष**

**सोलनः सोलन** के साथ सटी पंचायत सलोगड़ा में आज विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार ने शिरकत की उनके साथ जिला मंत्री बलवंत सिंह भट्टी, जिला संयोजक बजरंग दल कुनाल शर्मा, विभाग सह सयोंजक तारा सिंह और जिला सह मंत्री मोहन सिंह, प्रखंड मंत्री कसौली बबलू भट्ट, कंडाघाट से सुखबिंदर प्रखड मंत्री मौजूद रहे। उसके बाद अध्यक्ष द्वारा सलोगड़ा की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जिसमें मोहित गुप्ता को प्रखंड संयोजक, पंकज कुमार को विश्व हिंदू का प्रखंड अध्यक्ष, नेकराम को प्रखंड सह



अध्यक्ष, करण (विकी) सह प्रखंड सयोंजक, हरजीत सिंह को बजरंग दल का विद्यार्थी प्रमुख, मनोज कुमार गौ रक्षा प्रमुख, अनिल कुमार बजरंग दल मिलन प्रमुख, दीपांकुर को सुरक्षा प्रमुख, राकेश को को बजरंग दल गौ रक्षा प्रमुख, अनिल कुमार को बजरंग दल मिलन प्रमुख, दीपांकुर को प्रमुख सुरक्षा प्रमुख, राकेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया विश्व हिंदू के अध्यक्ष ने कहा यह नियुक्तियां तत्कालीन प्रभाव से लागू होगी।इस मौके पर स्थानीय निवासी एवं समाजसेवी सलोगड़ा मनीष कुमार

**जिम्मेदारी**

**▶▶ जिसके चलते हमारी चाहे गौ रक्षा की बात हो लव जिहाद की बात हो, हिंदुओं रक्षा, आज जो राम मंदिर का निर्माण हुआ है**

विशेष रूप से उपस्थित रहे उन्होंने कहा की विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल देश में अच्छा कार्य कर रहा है जिसके चलते हमारी चाहे गौ रक्षा की बात हो लव जिहाद की बात हो, हिंदुओं रक्षा, आज जो राम मंदिर का निर्माण हुआ है उसमें भी विश्व हिंदू परिषद का अहम रोल रहा है सलोगड़ा के लिए गर्व की बात है कि इसका गठन किया गया।

# रेल पर राजनीति करने वालों की बातें उतरी पटरी से नीचेः रिंटू

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** जो लोग हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में बार.बार रेल का मुद्दा उठाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सीखने की कोशिश करते रहे हैं उनकी झूठी बातें खुद ही पटरी से उतर चुकी है हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में रेल नेटवर्क का जहां लंबा विस्तार हुआ है वहां अनेक नई सुविधा यात्रियों के लिए उपलब्ध हुई है। आज हमीरपुर से सयुंक्त बयान देते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राकेश ठाकुर एवं अजय रिंटू ने यह बात कही है।

जिला के दोनों महामंत्री राकेश ठाकुर एवं अजय रिंटू का सयुंक्त ब्यान भाजपा नेताओं ने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर के कार्यकाल

**वन विहार**

**▶▶ हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में रेल नेटवर्क का जहां लंबा विस्तार हुआ है वहां अनेक नई सुविधा यात्रियों के लिए उपलब्ध हुई है**

में रेल सेवा का विस्तार जमीनी हकीकत पर सबके सामने है जिसे कोई नहीं नकार सकता फि र बात चाहे इस संसदीय क्षेत्र में यात्रियों के सुविधा के लिए 13 नई ट्रेन चलाने की हो दिल्ली तक बंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने की हो या फिर आस्था एक्सप्रेस के जरिए अयोध्या तक जाकर धार्मिक यात्रा की सुविधा



पाने की हो 6753 करोड़ की लागत से भानु पाली बिलासपुर रेलवे लाइन का निर्माण हो रहा है रेल परियोजनाओं के लिए बजट में बड़ा प्रावधान किया गया है।

मेडिकल सुविधाओं और हायर एजुकेशन में हमीरपुर ने मारी बाजी जिसमें बिलासपुर लेह रेलवे लाइन के लिए 1000 करोड रुपए नांगल उन तलवाड़ा रेलवे लाइन के लिए 450 सौ करोड रुपए शामिल रहे हैं। 50 लाख की लागत से पुणे रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए एक रिटायरिंग रूम बना है पुणे से मथुरा उज्जैन तक रेल सेवा शुरू हुई है ऊना से हरिद्वार के लिए भी इस सुविधा को शुरू किया गया है। इसके अलावा मेडिकल क्षेत्र में भी सुविधाओं के विस्तार के लिए काफ ी काम हुआ है 1471 करोड़ की लागत से एम्स बिलासपुर का निर्माण हुआ है हमीरपुर में 355 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज बन रहा है। 495 करोड़ की लागत से ऊना में पीजीआई सैटलाइट सेंटर बना है ऊना हमीरपुर और बिलासपुर में डायलिसिस सेंटर बनाए गए हैं 60 करोड़ की लागत से हमीरपुर बिलासपुर और ऊना में मदर चाइल्ड अस्पताल बने हैं।

# सी-विजिल ऐप से करे आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**नरेंद्र अंगारिया**

**केलांगः** चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करने हेतू सी-विजिल ऐप का प्रावधान किया गया है जिसमें कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत फ ोटो, विडियो व आडियो रिकॉर्डिंग करके कर सकता है। किसी भी प्रकार के आचार संहिता उल्लंघन जैसे शराब, पैसे व मुफ्त उपहारों का आवंटन, निर्वाचकों को डराने धमकाने, घृणा फैलाने वाले सार्वजनिक भाषण, मतदाता परिवहन, फेक न्यूज पेड न्यूज की स्थिति में आम नागरिक सी विजिल




ऐप के माध्यम से सूचना दे सकता है। जिसका निपटारा 100 मिनट के भीतर किए जाने का प्रावधान है।

नोडल अधिकारी आदर्श आचार संहिता जिला लाहौल स्पिति मनोज कुमार ने क्षेत्र के नागरिको से अपील की है कि वे स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आगे आएं व लोकतन्त्र को मजबूत करने में अपना बहुमूल्य योगदान दे।

# सीएम कांग्रेस सरकार की डेढ़ साल की एक भी उपलब्धि नहीं गिना पाए: बिंदल




साधा निशाना

**कांग्रेस की सरकार निकम्मी सरकार निकली है क्योंकि उन्होंनें डेढ़ साल भाजपा को गाली देते हुए बीता दिया**

मनीष

**सोलन: भाजपा** शिमला संसदीय क्षेत्र की बैठक का आयोजन बाय पास रोड पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल द्वारा को गई। उनके साथ संसदीय क्षेत्र प्रभारी पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी, राजीव सहजल, प्रदेश महामंत्री डॉ सिकंदर कुमार, सुरेश भारद्वाज और प्रदेश पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नाहन रैली को लेकर रहा जिसमें शिमला संसदीय क्षेत्र से 50 हजार से अधिक लोग भाग लेंगे, इसके उपरांत मंडल अनुसार वृत भी लिया गया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने इस अवसर पर कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री पिछले एक महीने के प्रचार में कांग्रेस सरकार की डेढ़ साल की एक भी उपलब्धि नहीं गिना पाए और उन्होनें इस बात को स्वीकार कर लिया कि कांग्रेस की सरकार महा निकम्मी सरकार निकली है क्योंकि उन्होनें डेढ़ साल भाजपा को गाली देते हुए बीता दिया। डॉ. बिन्दल ने कहा कि डेढ़ महीने के चुनाव प्रचार में मुख्यमंत्री ने यह नहीं बताया कि उन्होनें 2022 के चुनाव में 97 प्रतिशत हिन्दुओं को हराने का दावा किया था तो 2024 में यह दावा क्यों नहीं कर रहे हैं। डॉ. बिन्दल ने कहा कि अभी तक मुख्यमंत्री और सरकार ने यह स्पष्ट नहीं किया कि श्रीराम का विरोधी, श्रीराम जन्म स्थान पर राम मंदिर का विरोधी जिसने भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकार दिया ऐसे अधिवक्ता मनु सिंघवी को राज्य सभा का उम्मीदवार क्यों बनाया? डॉ. बिन्दल ने कहा कि कांग्रेस के एक पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णनम ने यह रहस्योद्घाटन किया कि यदि कांग्रेस की सरकार बनी तो दोबारा से भगवान श्रीराम को टैंट में रख दिया जाएगा अर्थात विशेष कानून लाकर श्रीराम जन्म स्थान पर निर्मित भव्य राम मंदिर को ध्वस्त किया जाएगा। ऐसी सनातन विरोधी, राम विरोधी, विकास विरोधी, तुष्टीकरण की राजनीति पर चलने वाली, जाति, धर्म, सम्प्रदाय पर देश और प्रदेश को बांटने वाली कांग्रेस पार्टी हिमाचल की जनता से वोट मांगने की हकदार नहीं हो सकती। उन्होंने कहा की देश चलाना चूरन बेचना नहीं है, उसके लिए 56 इंच का सीना चाहिए जो पीएम नरेन्द्र मोदी के ही पास है। बिंदल ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला कहा, चार जून को चुनाव परिणाम आने के बाद छह जून को राहुल बाबा छुट्टी पर विदेश चले जाएंगे।

# दिव्यांगजनों के सुगम्य वातावरण बनाने का है हर प्रयास: बीजू हिमदल

सामावेश

**हमें पता चला कि हर कोई नागरिक दिव्यान्गों को मुख्य धारा में अपने साथ सामावेश के लिए तैयार है**




श्याम कुल्वी

**कुल्लू :** बीजू हिमदल, कार्यक्रम प्रबंधक साम्फि या फ उंडेशन नें वैश्विक सुग्मयता दिवस को समर्पित सप्ताह के दौरान कहे उन्होंने कहा कि हमारा केंद्र दिव्यांग जनों के विकास के लिए थैरेपी सेवाओं के साथ-साथ दिव्यान्गों को उनके हक. दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करता है। उसी उद्देश्य से आज हमने आश बाल विकास केंद्र कुल्लू में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के साथ मिलकर वैश्विक सुग्मयता दिवस के उपलक्ष्य पर विचार विमर्श किए, उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए हर तरह से सुगम्य वातावरण होना चाहिए जैसे कुल्लू में जिला प्रशासन के ध्यान में ये बात लायी गयी है कि कुल्लू के सभी शौचालय पूर्ण रूप से एक्सेसिबल होने चाहिए। हमें विश्वाश है कि बहुत जल्द इस विषय को अम्ल में लाया जाएगा। वहीं इसी उपलक्ष्य पर साम्फि या फ उंडेशन के निदेशक डॉ. रेखा ठाकुर नें कहा कि वैश्विक सुग्मयता दिवस 16 मई को मनाया जाता है तब से लेकर हमारी टीम आम जनों से एक्सेसिबिलिटी पर उनके विचार ले रही थी

जिस से हमें पता चला कि हर कोई नागरिक दिव्यान्गों को मुख्य धारा में अपने साथ सामावेश के लिए तैयार है।इस दौरान स्कूल, कॉलेज के छात्रों, बाजार से दुकानदारों, अभिभावकों एवं आम जनों से विचार लिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### शिमला के बाल सुधार गृह में बच्चों को यातनाएं, हाईकोर्ट का सरकार से जबाव तलब

खेमचंद शास्त्री

**मंडी:** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने शिमला के हीरानगर स्थित बाल सुधार गृह में बच्चों के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन की शिकायत पर सोमवार को राज्य सरकार एवं अन्य को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। अब 24 जून को सुनवाई होगी।मानवाधिकार संरक्षण के लिए कार्यरत संस्था उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव द्वारा चीफ जस्टिस को लिखे पत्र को आपराधिक जनहित याचिका मानकर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक और इसी विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति राकेश कैंथला की बेंच ने इनके अलावा बाल सुधार गृह के अधीक्षक कौशल गुलेरिया एवं तीन कर्मचारियों-राहुल (कुक), योगेश (किचन हेल्पर), एवं रोहित (सुरक्षा गार्ड) को भी पार्टी बनाया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव को भेजे पत्र में अजय श्रीवास्तव ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस बाल सुधार गृह में बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है। सोलन जिले के जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड द्वारा बाल सुधार गृह में भेजे गए बच्चों में से 2 ने बोर्ड के समक्ष लिखित शिकायत भी की है। अजय श्रीवास्तव ने पत्र में लिखा कि एक बच्चे ने बाल सुधार गृह से छूटने के बाद उन्हें फोन पर वहां के रोंगटे खड़े करने वाले हालात बताए। यातनाओं से छुटकारा पाने के लिए दो बच्चे कलाई की नसें काटकर आत्महत्या की कोशिश भी कर चुके हैं। बच्चे ने आरोप लगाया कि सुधार गृह के अधीक्षक कौशल गुलरिया अक्सर दफ्तर में शराब के नशे में होते हैं। वह और उनके साथ रसोईया राहुल और रसोई सहायक योगेश भी बात-बात पर बच्चों को बुरी तरह मारते और बहुत गंदी गालियां देते हैं। बच्चे के अनुसार स्टाफ के कुछ लोग ड्रग्स का सेवन भी करते हैं। बाल सुधार गृह से छूट कर उस बच्चे ने अजय श्रीवास्तव को बताया कि 13 अक्टूबर 2023 को अधीक्षक कौशल गुलरिया और उसके साथियों ने छह बच्चों को बहुत बुरी तरह मारा पीटा। उसे भी इतना मारा की मुंह से खून निकलने लगा जिससे उसकी कमीज लाल हो गई। एक अन्य बच्चे को भी काफी खून निकला। इन दोनों बच्चों की कमीज सबूत मिटाने के लिए जला दी गई। एक अन्य बच्चे को पिटाई से हड्डियों में गंभीर चोट आई और उसका बाजू उतर गया।

### अडानी एसीसी सीमेंट समूह शिद्दत से कर रही परंपरा को आगे बढ़ाने का काम: संजय वशिष्ठ



कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर: एसीसी** अदानी समूह द्वारा बरमाणा की सीमेंट नगरी स्थित स्पोर्ट्स ग्राउंड में पिछले 7 दिनों से चल रही टी-10 क्रिकेट टूनार्मेंट खेलें सम्पन्न हुई। एसीसी गागल अडानी सीमेंट ग्रुप बरमाणा के हेड संजय वशिष्ठ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।उन्होंने गगल टी 10 चैम्पियनशिप के दोनों विजेताओं को बधाई दी। सभी टीमों ने अपना बेहतर प्रदर्शन दिया। इस दौरान सभी खेल प्रेमियों ने भारी संख्या में क्रिकेट के रोमांचक मैच का आनंद उठाया। पुरुष टी 10 में चैंपियन एडमिन वॉरियर्स और महिला टी 10 चैंपियन में डायनामिक क्वींस थे। एडमिन वॉरियर्स बनाम पैकिंग पैंथर्स के बीच मैच खेला गया। एडमिन वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 152 रन बनाए। ओपनिंग करते हुए हुकुम सूद ने 89 रन बनाये और मुकेश ठाकुर ने 44 रन बनाए जिससे बहुत बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। वही दूसरी पारी वाले स्कोर बनाने में असमर्थ रहे। इसको पैकिंग पैंथर्स 10 ओवर में 96 रन ही बना सकी और 56 रनों से हार गई। विक्रम कुमार कप्तान थे जिन्होंने टीम का नेतृत्व किया। महिलाओं का फ इनल डायनामिक क्वींस बनाम सुपर स्ट्राइकर के बीच खेला गया। सुपर स्ट्राइकरश ने 9 वें ओवर में 110 रन बनाए। डायनामिक क्वींस 7 विकेट से विजयी रही। कप्तान स्वाति मोदी थीं जिन्होंने टीम का नेतृत्व किया। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यातिथि एसीसी गागल अडानी सीमेंट ग्रुप बरमाणा के हेड संजय वशिष्ठ ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजनों से एक दूसरे को जानने का मौका मिलता है।

# गर्मी होने के चलते बदले गए जिला स्कूलों के समय

विजय समयाल

**कांगड़ा:** जिला कांगड़ा में तेज गर्मी पडने के कारण जिला कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने आदेश जारी किए है कि तेज गर्मी होने के चलते अब जिला कांगड़ा के सभी सरकारी व निजी स्कूल सुबह 7:30 बजे खुलेंगे इसी के साथ दोपहर 1 बजे सभी सरकारी व निजी स्कूलों में बच्चो को छुट्टी कर दी जाएगी उन्होंने कहा की स्कूली बच्चों को तेज गर्मी से बचाया जा सके इसके लिए जिला प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। वहीं बात अगर मौसम विभाग की कि जाए तो अभी आने वाले दिनों में जिला कांगड़ा के लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा इसी के साथ मौसम विभाग ने जिला कांगड़ा में लू चलने की चेतावनी भी जारी की हुई है और लोगो से अग्रह किया है कि लोग तेज धूप से बचने के लिए गिले कपड़े से अपने सिर और मुंह को ढक ले ताकि जिला में चल रही लू से बचा जा सके इसीके साथ अगर तापमान की बात की जाए तो दोपहर में जिला कांगड़ा का तापमान है वह 39 डिग्री तक पहुंच जा रहा है वही जिला कांगड़ा के निचले इलाकों में भीषण गर्मी पडने के कारण लोग भी इस भीषण गर्मी से बचने के लिए धर्मशाला की और अपना रुख कर रहे हैं।

# परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टी है कांग्रेस: राकेश जम्वाल

खेमचंद शास्त्री

**मंडी: भारतीय** जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एंव सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लोकसभा के लिए वोट डाले जाएंगे। नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में जो देश की जनता की ईमानदारी के साथ सेवा की है। आज पूरे देश का जो वातावरण हम देख रहे हैं और अपने क्षेत्र मंडी क्षेत्र में भी हम देख रहे हैं कि एक तारीख को आप वोट डालेंगे। 4 तारीख को परिणाम आएगा और मंडी संसदीय क्षेत्र से हमारी प्रत्याशी कंगना रनौत की जीत होगी और दिल्ली में तीसरी बार नरेंद्र मोदीजी प्रधानमंत्री बनेंगे। उसके पश्चात 4 तारीख को परिणाम आएगा और 6 तारीख को कांग्रेस के नेता राहुल गांधी



छुट्टियां मनाने विदेश चले जाएंगे। क्योंकि एक तरफ मोदी जैसा सशक्त नेतृत्व हमारे पास है, जो 24 में से 18 घंटे काम करते हैं। पिछले 10 वर्षों में एक दिन भी छुट्टी ना लेने वाला नेतृत्व मोदीजी के रूप में हमारे पास है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस का नेतृत्व राहुल गांधी के पास है, जो हार के बहाने बनाने में माहिर हैं और छुट्टी चले जाते हैं। राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस देश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। परिवारवार को बढ़ावा दिया। आज हम देख रहे हैं कि अमेठी लोकसभा की हमारी सीट हमारी है। इस सीट पर कांग्रेस पार्टी ने वर्षों तक कब्जा जमाए रखा, लेकिन अमेठी में विकास कैसा हुआ, वह वहां की जनता ने मोदी सरकार में देखा। अमेठी की जनता ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को वहां से पराजित करके भेजा और भाजपा नेत्री जो विजय बनाकर संसद में भेजा। प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एंव सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि आज रायबरेली लोकसभा सीट, जहां से सोनिया गांधी चुनाव लड़ती थी, वहां से किसी आम कार्यकर्ता को चुनाव में न उतार कर अपने बेटे राहुल गांधी को चुनाव मैदान में उतारा है।

### नाहन में अचानक बिगड़ी 28 वर्षीय युवक की तबीयत, मौत

एसपी जैरथ

**नाहन:** जिला मुख्यालय नाहन में एक 28 साल के युवक की अचानक तबीयत खराब होने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान नीतीश (28) निवासी गांव बडोन श्री रेणुका जी के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक युवक अपने किसी दोस्त के पास नाहन रहने आया था। इसी दौरान रविवार सुबह अचानक युवक की तबीयत बिगड़ गई। युवक के दोस्त ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन युवक ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि युवक नशे का आदि भी था। उधर, जांच अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद युवक के शव को परिजनों के हवाले कर दिया है।

# तानाशाह व असफल मुख्यमंत्री के रूप में जाने जाएंगे सुक्खू

विवेकानंद वशिष्ठ

**हमीरपुर:** कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को इतिहास में एक तानाशाह व असफ ल मुख्यमंत्री के रूप में जाना जाएगा। उनकी तानाशाही के चलते सरकार में विधायकों से लेकर मंत्री तक प्रताड़ित होते रहे। आज दिन तक सुक्खू इस बात को जनता के बीच में क्यों नहीं रख सके कि उन्हीं की सरकार में मंत्री ने अपने पद से क्यों त्यागपत्र दिया था। बाद में ऐसी कौन सी डील हुई जिससे कि मंत्री ने त्यागपत्र वापस लिया।

विधायकों की सदस्यता रद्द कर जनता के मत का किया अपमान



लोकतांत्रिक ढांचे में इतिहास में पहली बार तानाशाही का ऐसा तांडव हुआ कि जनता द्वारा चुने गए विधायकों की उनका कोई पक्ष सुने बिना विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। अपनी ही पार्टी के चुने हुए विधायकों व मंत्रियों के बीच समन्वय न बिठा पाना उनकी सबसे बड़ी असफलता रही है। प्रदेश की जनता ने उन्हें पूरा जनमत दिया और हमीरपुर की जनता ने उन्हें चुनकर चार विधायक दिए थे।

### घास लेने जंगल गई महिला की ढांक से गिरने पर मौत

एसपी जैरथ

**नाहन:** जिला सिरमौर के राजगढ़ उपमंडल में एक महिला की ढांक में गिरकर मौत हो गई है। मृतक महिला की पहचान सुनीला देवी पत्नी भूपाल सिंह के तौर पर हुई है।जानकारी के अनुसार हादसा डाबरो जंगल में हुआ। छोगटाली पंचायत के पूर्व प्रधान आशा प्रकाश ने दूरभाष पर सूचना दी कि सुनीला देवी सुबह घर से जंगल की घासनी में घास लाने गई थी, जहां डाबरो नामक स्थान पर वह ढांक में गिर गई। परिजन उसे गाड़ी में उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# जीनियस ग्लोबल स्कूल में मदर डे ग्रैंड फिनाले की धूम



प्रतियोगिता

**जीनियस ग्लोबल स्कूल में मदर-डे सेलिब्रेशन का ग्रेंड फिनाले शनिवार को संपन्न हुआ**

मनीष

**सोलन: शहर** के आनंद विहार स्थित जीनियस ग्लोबल स्कूल में मदर-डे सेलिब्रेशन का ग्रेंड फिनाले शनिवार को संपन्न हुआ। शुक्रिया मां थीम पर आधारित ग्रेंड फिनाले में एमडी नीति शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि डायरेक्टर भुवनेश्वरी शर्मा, पायल तोमर, बबली वर्मा व पूजा खासतौर पर मौजूद रही। फिनाले का शुभारंभ छोटे बच्चों के वेलकम डांस से हुआ। उसके पश्चात फिनाले के सबसे आकर्षक प्रतियोगिता सुपर मॉम शुरू हुई। इस प्रतियोगिता में निधि मित्तल पहले स्थान पर रही। जबकि ज्योति दूसरे और अलका तीसरे स्थान पर रही। ललिता और आशा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। जीनियस टेलेंट क्वीन रेट्रो लुक में ज्योति पहले स्थान पर रही। जबकि प्रीती दूसरे और मरयम तीसरे स्थान पर रही है। जीनियस टेलेंट क्वीन (ब्राईडल लुक) में निताशा पहले पूजा दूसरे और ललिता तीसरे स्थान पर रही है। जबकि आशा और शिपाली को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। जीनियस क्रिएटिव क्वीन ज्योति पहले स्थान पर सुषमा दूसरे और बबिता तीसरे स्थान पर रही। जबकि ईशा को सांत्वना पुरस्कार दिया। जीनियस मोस्ट पॉपुलर रील अवार्ड में आदिति ठाकुर ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर ज्योति और तीसरे स्थान पर निताशा चौहान तो चौथे स्थान पर मीनाक्षी ने अपनी जगह बनाई है। जीनियस मोस्ट फोटोजेनिक अवार्ड में सुनीता पहले निताशा दूसरे तो मीनाक्षी बंसल तीसरे स्थान पर रही। जबाकि सविता देवी को सांत्वना पुरस्कार मिला।

इसके अलावा जीनियस सुपर शेफ प्रीति ने पहला स्थान झटका है। बबीता ने दूसरा स्थान तो दीपिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ज्योति को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर नीति शर्मा ने कहा की बच्चों के लिए एक मजबूत नींव के निर्माण में माता-पिता की अहम भूमिका होती है।

# लोगों से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान का किया आग्रह

## नारा लेखन, पेटिंग और निमंत्रण पत्र तैयार कर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

खेमचंद शास्त्री

**मंडी।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने कहा कि आगामी 1 जून को होने जा रहे लोकसभा चुनाव 2024 के मध्य नजर 30-द्रंग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता की गतिविधियां आयोजित की जा रही है इसी के अंतर्गत (स्वीप) टीम के द्वारा विभिन्न संस्थाओं में जाकर मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं इसी के तहत नोडल अधिकारी डॉ.




कल्याण चंद मंडोत्रा की अध्यक्षता मे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नस्लोह और चौकी भलेहड बुथ में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया नस्लोह और चौकी भलेहड बुथ में महिला मंडल और स्वयं सहायता समूह और स्थानीय जनता को शिविर मे लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान का महत्व समझा। इस दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नस्लोह के बच्चों के लिए नारा लेखन और पेटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। उन्होंने कहा कि मत प्रतिशत बढ़ाने में युवा एवं नए मतदाताओं की अहम भूमिका है। ऐसे में सभी युवा मतदाताओं से भारी संख्या में मतदान में भाग लेने का आह्वान किया। साथ ही समाज के दूसरे लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का भी आग्रह किया। शिवर में बच्चों के द्वारा 1 जून को मतदान करने के लिए निमंत्रण पत्र भी तैयार किए गए जो वह अपने माता-पिता और रिश्तेदारों को देगे शिविर मे सभी मतदाताओं को बिना किसी भेदभाव, स्वतंत्र व निष्पक्ष होकर मतदान करने का भी आह्वान किया।

# पौंग बांध प्रशासन की लापरवाही ने ले ली दो लोगों की जान

विजय समयाल

**कांगड़ा:** पौंग बांध घाटी में स्थित शिव मंदिर की लिफ्ट/ट्राली टूटने से उसमें सवार चार लोगों में दो की मौत हो गई। वहीं इस दौरान दो व्यक्ति गंभीर घायल हो गये। जानकारी के अनुसार पौंग बांध में स्थित शिव मंदिर में वीते दिन शाम करीब पांच बजे चार श्रद्धालू मंदिर में माथा टेकने के लिए आये। इस दौरान उन्होंने शिव मंदिर को सामान ढोने वाली लिफ्ट/ ट्राली का प्रयोग किया व जब ट्राली मंदिर के आधे रास्ते तक पहुंची तो इस दौरान लिफ्ट टूट गई। लिफ्ट/ट्राली के टूटने से काफी ऊंचाई पर मंदिर होने की वजह से लेफ्ट काफ ी स्पीड में वापिस आ गई व रैंप के टकराने से उसमें सवार चारों लोग नीचे गिर गये। इस दौरान पति दिनेश बहल व



उनकी पत्नी सोनिका बहल गंभीर रूप से घायल हो गये जिनकी अस्पताल ले जाते मौत हो गई। वहीं उनका बेटा शुभल बहल व एक अन्य व्यक्ति राजबीर गंभीर घायल हो गये जिनका प्रणव अस्पताल मुकेरियां में ईलाज चल रहा है। वहीं सूचना मिलते ही संसारपुर टैरस चौकी इंचार्ज एसआई संजय शर्मा व टीम ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया व शवों को कब्जे में कार्यवाही शुरू कर दी है।

हादसा

**पौंग बांध में स्थित शिव मंदिर में वीते दिन शाम करीब पांच बजे चार श्रद्धालू मंदिर में माथा टेकने के लिए आये**

मंदिर की लिफ्ट/ट्राली शाम करीब पांच बजे टूटने से उसमें सवार चार लोगों में दो की मौत हो गई। वहीं इस दौरान दो व्यक्ति गंभीर घायल हो गये। जानकारी के अनुसार पौंग बांध में स्थित शिव मंदिर में शाम करीब पांच बजे चार श्रद्धालू मंदिर में माथा टेकने के लिए आये। इस दौरान उन्होंने शिव मंदिर को सामान ढोने वाली लिफ्ट/ट्राली का प्रयोग किया व जब ट्राली मंदिर के आधे रास्ते तक पहुंची तो इस दौरान लिफ्ट टूट गई। लिफ्ट/ट्राली के टूटने से काफी ऊंचाई पर मंदिर होने की वजह से लेफ्ट काफ ी स्पीड में वापिस आ गई व रैंप के टकराने से उसमें सवार चारों लोग नीचे गिर गये। इस दौरान पति दिनेश बहल व उनकी पत्नी सोनिका बहल गंभीर रूप से घायल हो गये जिनकी अस्पताल ले जाते मौत हो गई। वहीं उनका बेटा शुभल बहल व एक अन्य व्यक्ति राजबीर गंभीर घायल हो गये जिनका प्रणव अस्पताल मुकेरियां में ईलाज चल रहा है। वहीं सूचना मिलते ही संसारपुर टैरस चौकी इंचार्ज एसआई संजय शर्मा व टीम ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया।

# राज्यपाल ने नशा मुक्त भारत अभियान का किया शुभारम्भ

चमन शर्मा

**शिमला:** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गत दिवस को राजभवन से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नशा मुक्त भारत अभियान को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान के अंतर्गत 40 दिनों तक शिमला जिला के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा।इस अवसर पर राज्यपाल ने ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र, पंथाघाटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र प्रतिबद्धता के साथ नशामुक्ति के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में नशामुक्ति अभियान



चलाए जा रहे हैं। नशा व्यक्ति और परिवार के साथ-साथ समाज के लिए हानिकारक है। उन्होंने सिंथेटिक दवाओं के बढ़ते प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को इनसे दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी द्वारा नशामुक्ति पर तैयार किए गए वीडियो को स्कूलों और कॉलेजों में दिखाया

जाना चाहिए।इस अवसर पर राज्यपाल ने विशेष रूप से डिजाइन किए गए वाहन का अवलोकन भी किया।

# दागदार नही देश चुनेगा दमदार सरकार : कंगना

## राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मू जनजातीय समाज का गौरव जनजातीय क्षेत्रों के विकास में नरेंद्र मोदी ने निभाई अहम भूमिका

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: लोकसभा** प्रत्याशी कंगना रनौत ने आज अपने चुनावी अभियान में लाहौल स्पीति के काजा में चुनाव प्रचार किया उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमाओं पर वसे क्षेत्रों के विकास में अहम भूमिका निभाई है पिछले दस वर्षों में सीमावर्ती क्षेत्रों के जीवन को सरल बनाने के लिए केंद्र सरकार ने हर पहलू को छूने का प्रयास किया है आज राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मू जनजातीय समाज गौरव हैं यह मात्र प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता के कारण ही संभव हो पाया है। जहां कांग्रेस के कुछ नेता जनजातीय क्षेत्रों में लोगों के उपर भद्दी टिप्पणियां करते हैं वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व ने जनजातीय समाज के खोए हुए गौरव को पुनः लौटाने का काम किया है वहीं स्वाधीनता आंदोलन में जनजातिय समाज के योगदान को भी देश के सामने लाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि देश आज फिर एक बार केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दमदार सरकार चुनने जा रहा है व साथ ही 4 जून को भाजपा का 400 पार का संकल्प भी जरूर पूरा होगा। कंगना रनौत ने राहुल गांधी हमला बोलते हुए कहा कि चार जून को चुनाव परिणाम आने के बाद छह जून को राहुल बाबा छुट्टी पर विदेश



चले जाएंगे। राहुल आपको अमेठी से हराकर स्मृति इरानी को सांसद बनाने का काम देश की जनता ने किया है। राहुल गांधी के अमेठी की सीट छोडकर रायबरेली से चुनाव लड?ा उनके डर को जगजाहिर करता है और वह रायबरेली से भी चुनाव हारने वाले हैं। उन्होंने कांग्रेस से प्रत्याशी विक्रमादित्य के उपर भी तंज कसा कि उनके मूंह में तो राम राम है परन्तु बगल में छुरी है उन्होंने विक्रमादित्य से सवाल पूछा की वह बताएं की अगर उनकी छवि इतनी ही बेदाग है तो उनके ई डी के मामले अभी तक लंबित क्यों हैं वो बताएं लम्बे समय तक उनके परिवार से ही मंडी के सांसद रहे तो क्यों नहीं उन्होंने मंडी का विकास किया जैसे की वो अपने भाषणों में जिक्र करते हैं रायबरेली की तरह ही मंडी को अपनी जागीर समझने वाले परिवार को जनता 1 जून को जबाव देगी मंडी की जनता ने कांग्रेस के झूठ को नकारने का मन बना लिया है। कंगना ने कहा कि आज लोकतंत्र मे परिवारवाद की कोई जगह नहीं है अतः मंडी की देवतुल्य जनता अपनी बेटी को जरूर सेवा का मौका देगी। चुनावी जनसंवाद में कंगना ने कहा कि यह चुनाव भारत को आत्मनिर्भर विकसित बनाने और प्रधानमंत्री चुनने का है, जबकि विपक्ष की तरफ से पीएम का कोई चेहरा नहीं है। इंडी गठबंधन मात्र परिवारों का गठबंधन है और उनकी मंशा व मन में मात्र भ्रष्टाचार है वहीं पिछले दस सालों में देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विरासत भी और विकास भी के ध्येय के साथ आगे बढ़ा है व पुनः भारत भाजपा को चुनने जा रहा है।

# जुब्बल में मोबाइल पोलिंग पार्टियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन



**चमन शर्मा**

**शिमला:** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनज? आज 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा एवं मतदान सुनिश्चित करवाने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुब्बल में मोबाइल पोलिंग पार्टी के लिए रिर्हसल का आयोजन किया गया, जिसमें सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमण्डलाधिकारी जुब्बल राजीव सांख्यान व नायब तहसीलदार जुब्बल संजीव भारद्वाज द्वारा पोलिंग पार्टी के सदस्यों को मतदान से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि इस कार्य के लिए 16 मोबाइल पोलिंग पार्टियां बनाई गई है और 2 मोबाइल पार्टियां रिजर्व रखी गई हैं। यह मोबाइल पोलिंग पार्टियां घर-घर जाकर उन 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों तथा दिव्यांग मतदाताओं से मतदान करवाएंगी, जिन्होंने घर से मतदान करने का संकल्प चुना है। यह कार्य 21 मई से लेकर 29 मई, 2024 तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अति आवश्यक है कि कोई भी बुर्जुग व दिव्यांग मतदाता मतदान से वंचित न रह सके। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मोबाईल पोलिंग पार्टी के सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी।

## कोटी में 22 मई और जुन्गा क्षेत्र में 24 मई को लगेगा पावर कट

**शिमला :** 11 केवी जोघो फीडर कोटी की आवश्यक मुरम्मत के चलते कोटी और मुंडाघाट अनुभाग के अंतर्गत आने क्षेत्र के अनेक गांव में 22 मई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उप मंडल जुन्गा से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आगामी बरसात आने से पूर्व बिजली की लाईनों और ट्रॉस्फार्मरज की आवश्यक मुरम्मत की जा रही है ताकि उपभोक्ताओं को बरसात में अबाधित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इसी प्रकार 24 मई को 11केवी फीडर अश्वनी खडड से जुन्गा की आवश्यक मुरम्मत की जानी है जिसके चलते जुन्गा सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले अनेक गांव में 24 मई को बिजली बदं रहेगी।

# रोजाना रजिस्टर में दर्ज हो प्रचार का एक-एक खर्चा: डॉ. कुंदन यादव

**व्यय पर्यवेक्षक**

**▶▶ डॉ. कुंदन यादव ने कहा कि अगर सभी उम्मीदवार दैनिक आधार पर अपने खर्चों का ब्यौरा पारदर्शिता के साथ मेंटेन रखेंगे**

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी डॉ. कुंदन यादव ने सभी उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों से आग्रह किया है



कि वे चुनाव प्रचार में हो रहे अपने खर्चों का ब्यौरा रोजाना रजिस्टर में दर्ज करें।

**निर्वाचन आयोग के व्यय पर्यवेक्षक ने उम्मीदवारों एवं प्रतिनिधियों से की अपील**

सोमवार को यहां हमीर भवन में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान डॉ. कुंदन यादव ने कहा कि अगर सभी उम्मीदवार दैनिक आधार पर अपने खर्चों का ब्यौरा पारदर्शिता के साथ मेंटेन रखेंगे तो इससे उन्हें अपने चुनावी खर्च की गणना में सुविधा होगी तथा सहायक व्यय पर्यवेक्षकों एवं अकाउंटिंग टीमों द्वारा बनाए गए शैडो रजिस्टर से मिलान में भी आसानी होगी। डॉ. कुंदन यादव ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करते ही उम्मीदवार के खर्चे की गणना शुरू हो जाती है और चुनाव परिणाम घोषित होने तक इस पर भारत निर्वाचन आयोग की कड़ी नजर रहती है। परिणाम घोषित होने पर निकाले जाने वाले जुलूस का खर्चा भी उम्मीदवार के खाते में ही जुड़ता है।

व्यय पर्यवेक्षक ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों के चुनावी खर्च वाले रजिस्टर की कम से कम तीन बार जांच की जाएगी। यह जांच 21,25 और 29 मई को होगी। उन्होंने बताया कि चुनावी खर्चे का नियमानुसार हिसाब न देने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है और उनके चुनाव लडने पर 3 साल तक का प्रतिबंध लग सकता है।

# संक्षिप्त खबरें

## जनबल की जीत, धनबल की हार होगी: रोहित ठाकुर

**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल में लोकसभा व 6 विधानसभा उप चुनाव में जनबल की जीत और धनबल की हार होगी। कोटखाई क्षेत्र के दरकोटी( गाजटा, निहारी, नगर पंचायत कोटखाई व हुल्ली में आयोजित बैठकों में शिक्षा मंत्री व शिमला लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी रोहित ठाकुर ने अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों के चलते सेब बागवानी पर खतरे के बादल मंडरा रहें हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि 2014 में भाजपा ने सेब पर आयात शुल्क को 100 : करने की बात की थी इसके विपरीत इसे पहले घटाकर पहले 50 : प्रतिशत किया फि? घटाकर 35 : कर दिया। आज 44 देशों से सस्ते दामों पर सेब आयात हो रहा हैं जिससे स्टोर में रखे सेब की कीमत में भारी गिरावट हुई हैं। उन्होंने कहा कि सांसद सुरेश कश्यप के पिछले पाँच वर्षों में दर्शन दुर्लभ रहे। लोगों को उम्मीद थी कि आपदा में सांसद शिमला लोकसभा में हुए नुकसान का केंद्र से मुद्दा उठाएंगे लेकि? लोगों को सांसद से केवल निराशा ही हाथ लगी। कोटखाई क्षेत्र में 36 पंचायतों को सांसद निधि से फूटी कौड़ी तक नहीं मिली। रोहित ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने वर्ष 2022 तक किसानों-बागवानों की आय दोगुना करने का वचन दिया था जबकि गत 10 वर्षों के कार्यकाल में कृषि-बागवानी पर लागत दोगुनी हो गई हैं और फसल के दस साल पुराने दाम मिल रहे हैं।उन्होंने कहा कि रोटी कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं जनता का अधिकार हैं लेकिन मौजूदा सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते मंहगाई दर 15 वर्षो के सर्वाधिक स्तर पर जबकि बेरोजगारी 45 वर्ष के सर्वोत्तम स्तर पर पहुँच गई हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में पिछले वर्ष आई आपदा से लगभग रू 12000 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा। केंद्र की भाजपा सरकार ने सहयोग करने के बजाए प्रदेश को जीएसटी व अन्य मिलने वालें वित्तिय लाभ रोक दिए। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार में वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री के रूप में शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जुब्बल-नावर-कोटखाई को जिम्मेदारी मिली हैं उससे क्षेत्र की जनता को प्रदेश में मान-सम्मान मिला हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार जनता के प्रति अपनी वचनबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं और गत एक वर्ष के छोटे से कार्यकाल में क्षेत्र में विकास को गति मिली हैं।

## शिमला में पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन की मीटिंग, पेंशनरों के मुद्दे पर जेसीसी की बैठक बुलाने की मांग

**चमन शर्मा**

**शिमला:** चुनावी मौसम में प्रदेश के पेंशनर्स ने भी अपनी मांगो को लेकर आवाज मुखर कर दी है।पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन ने शिमला के कालीबाड़ी हॉल में बैठक कर पेंशनर्स के मुद्दों को लेकर जेसीसी की बैठक बुलाने की सरकार से मांग की है और पेंशनर्स के डीए और छठे वेतन आयोग के वित्तीय देनदारियों हल निकालने की बात कही है। पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन हिमाचल के अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय में प्रदेश में छठे वेतन आयोग को लागू किया और पेंशनर्स की जुलाई 2022 में जेसीसी के बुलाकर 20 फीसदी एरियर देने का ऐलान किया लेकिन बाद में उसमें भी 50 हजार का राइडर लगा दिया और डीए की किस्त भी पूर्व सरकार ने जारी नहीं की जबकि दूसरे राज्यों ने नए वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू कर दिया गया है। इसलिए केंद्र सरकार और हिमाचल सरकार पेंशनरों को लंबित देनदारियों को देने के बारे में प्रयास करें। वहीं इस दौरान आत्मा राम ने बीते दिनों कालीबाड़ी में हुई पेंशनरों के सम्मेलन को राजनीतिक करार देते हुए कहा कि अगर पूर्व भाजपा सरकार पेंशनरों की इतनी ही हितेषी है तो पेंशनरों की अदायगी क्यों नहीं दी गई।

## बडोआ व बही के जंगलों में सुलग रही आग, गांवों को खतरा

**राजन पुरी**

**ऊना:** उपमंडल बंगाणा के रामगढ़ रेंज व ध्यूंसर बीट के जंगलों में सुलग रही आग अब आबादी की ओर बढ? लगी है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में खौफ बढ़ता जा रहा है। घनी आबादी वाले गांव बड़ोआ व बही साथ लगते गांव के जंगलों में 5 दिन पहले लगी आग अब तक सुलग रही है। चीड़ के पेड़ों के बिरोजे से लगातार सुलग रही आग को बुझाने के प्रयास भी नाकाम साबित हो रहे हैं। बता दें कि रामगढ़ रेंज व ध्यूंसर बीट के जंगल में आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग तलमेहडा ब्लॉक के वनरक्षक बृजेश राणा को दी। विभाग की टीम में राकेश कुमार, गुलजारी लाल एवं ग्रामीणों के सहयोग से मौके पर पहुंचकर जंगल को आग की भेंट चढने से बचा लिया। वन विभाग खुरवाई के रेंज अधिकारी अश्विनी कुमार का कहना है कि आग लगने पर काबू पाया गया था, लेकिन बिरोजे के कारण आग सुलग रही है।

# शहजादे चले जाएंगे छुट्टी पर विदेश : कश्यप



**एसपी जैरथ**

**नाहन: भारतीय** जनता पार्टी लोकसभा सांसद एंव प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के नोहरी और रूग बखोटा में जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि 4 जून को चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस के शहजादे 6 जून को छुट्टी पर विदेश चले जाएंगे। चुनाव नतीजों के साथ ही कांग्रेस का सूपड़ा पूरे देश से साफ हो जाएगा। 2024 के लोकसभा चुनाव का आज पांचवा चरण शुरू हो चुका है और अभी दो और चरणों में चुनाव होना बाकी हैं और यह भी स्पष्ट दिखाई देता है कि जिस प्रकार से राहुल गांधी को हार मिलने के बाद अमेठी सीट छोडकर रायबरेली से चुनाव लड?ा पड़ा, यह उनके डर को दिखाता है और इस बार वह रायबरेली से भी चुनाव हारने वाले है। राहुल गांधी रायबरेली को अपनी पुशतैनी सीट समझ कर वहां से चुनाव लड़ रहे है, परन्तु उन्हें यह समझना चाहिए कि सीट किसी की जागिर नहीं होती। जनता ही तय करेगी की उनका प्रतिनिधत्व संसद में कौन करेगा? जनता आज राहुल गांधी से

**निशाने पर**

**▶▶ चुनाव नतीजों के साथ ही कांग्रेस का सूपड़ा पूरे देश से साफ हो जाएगा: सुरेश कश्यप**

यह पूछना चाहती हैं कि कोरोना काल में उन्होंने, उनकी माता व उनकी बहन ने क्या किया और आज वह किस मुंह से चुनावों में वोट मांगने जनता के बीच जा रहें है? सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के नेता कह रहे है कि हमें पाकिस्तान के साथ मिलकर चलना चाहिए क्योंकि उनके पास एटम बम है। कांग्रेस के नेता देश को डराना चाहते है, परन्तु हम उनकों बताना चाहते है कि जो पाकिस्तान 70 साल से हमे बम का गोला दिखाकर डराने का काम करता था आज उसके हाथ में भीख का कटोरा हैं। कांग्रेस का इतिहास हमारी सेनाओं और फौजियों को धोखा देने का रहा हैं। देश का सबसे बड़ा घोटाला कांग्रेस ने सेना में ही किया था। कांग्रेस जब तक सत्ता में रही, तब तक हमेशा नए-नए घोटाले कर इस ट्रैक रिकार्ड को स्थापित करती रही।

## स्वां नदी में पुलिस की दबिश, एक जेसीबी व तीन ट्रैक्टर

**राजन पुरी**

**ऊना:** थाना हरोली के तहत ईसपुर स्वां नदी में आधी रात को पुलिस ने दबिश देकर अवैध खनन पर कार्रवाई की है। पुलिस ने अवैध खनन कर रहे एक जेसीबी व तीन ट्रैक्टर को जब्त किया है। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने अवैध खनन को लेकर पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रविवार रात को पुलिस थाना हरोली के निरीक्षक सुनील कुमार अपनी टीम के साथ ईसपुर स्वां नदी किनारे गश्त कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने टीम ने पाया कि स्वां नदी में कोई अवैध खनन कर रहा है।

# विधायक बनते ही की थी गड़बड़ी इसीलिए हुई एफआईआर: विवेक शर्मा

**राजन पुरी**

**ऊना:** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो और उनके बेटे के खिलाफ कांगड़ा के देहरा में दर्ज हुई प्राथमिकी के बाद भाजपा प्रत्याशी द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री और कांग्रेस पर लगाए जा रहे आरोपों का जवाब देने कांग्रेस के प्रत्याशी विवेक शर्मा सामने आए। उन्होंने कहा कि जिस मामले को लेकर भाजपा प्रत्याशी और उनके बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, यह मामला उनके विधायक बनने के तुरंत बाद ही सामने आ गया था। हालांकि उसी वक्त बीजेपी के नेता वीरेंद्र कंवर ने



भी इस घटना को लेकर सवाल खड़े किए थे। विवेक शर्मा सोमवार को सासन, कैहलवीं, हेरू, राजली बनयाला, त्यासर, सोहरी, तुरकल, धबेडा, बुधान, गुजरेहड़ा, नेरी, पडियोला, धरेत व कोहडरा में जनसंपर्क अभियान के दौरान बोल रहे थे। विवेक शर्मा ने कहा कि यह मामला तभी सामने आ गया था जब देवेंद्र कुमार भुट्टो नए-नए विधायक बने थे। उन्होंने कहा कि इस मामले को उस वक्त बीजेपी के ही वरिष्ठ नेता वीरेंद्र कंवर ने भी उठाया था। हालांकि उस वक्त यह मामला किन्ही कारणों के चलते दब गया था।

# बिना मेहनत कुर्सी पाने का भ्रम अनुराग का चुनावों में होगा दूर: रायजादा

**राजन पुरी**

**ऊना:** पहले पिता प्रेम कुमार धूमल के नाम पर फिर पीएम नरेंद्र मोदी के नाम पर सांसद बने अनुराग ठाकुर इस बार बिना मेहनत के कुर्सी पाने का सपना लेना भूल जाए। यह बात हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने कही। रायजादा सोमवार को जिला हमीरपुर के भोरंज विधानसभा के पट्टा, खरवाड़, तूह, सम्मू, भलवाणी, बडेहर, भरेड़ी, दलालड़, दारट, बराड़ा व केहरवीं में बैठकें कर अपने समर्थन में वोट मांगे। कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने कहा कि हर बार दूसरों के नाम पर मिले वोट को अनुराग ठाकुर अगर अपनी उपलब्धि मान रहे हैं, तो ऐसा भ्रम इस बार के लोकसभा चुनाव में मत पालें। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की



जनता को पता चल गया है कि जिसने 4 बार के सांसद रहते हुए केंद्र सरकार के समक्ष प्रदेश के हितों को नहीं रखा, वो आगे क्या रखेगा। ऐसे में क्षेत्र की जनता ने इस बार अनुराग ठाकुर को घर बैठाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इससे साफ है कि अनुराग ठाकुर अपने घर से ही हा रहे हैं। जनता ने इस बार अनुराग को घर बैठाने का मन बना लिया है। रायजादा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री खुद को इतने बड़े लीडर मान रहे हैं कि प्रदेश की बात करने में हिचकिचाते हैं। वो आज कल हिंदूस्तान के चुनाव होने की बातें करते हैं। शायद अनुराग ठाकुर ये भूल गए हैं कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र भी हिंदुस्तान का ही हिस्सा हैं। अगर अनुराग ठाकुर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र को अपना मानते हैं, तो प्रदेश की आवाज केंद्र के समक्ष उठाते। युवाओं के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ को लेकर लड़ाई लड़ते। प्रदेशम में आई आपदा के दौरान हिमाचल को हक दिलवाने की बात करतें। लेकिन अनुराग ठाकुर को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की सांसद बनने के लिए जनता से मात्र वोट ही चाहिए। रायजादा ने कहा कि आजकल वो अपने भाषणों में सिर्फ पाकिस्तान-पाकिस्तान रटते फिर रहे हैं।

# डीसी-एसपी ने भारत निर्वाचन आयोग को बताई चुनावी तैयारियां

**चमन शर्मा**

**शिमला: लोकसभा** चुनाव 2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के उप-निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार साहू ने आज वीसी के माध्यम से प्रदेश में चल रही चुनावी तैयारियों का जायजा लिया, जिसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश मनीष गर्ग सहित सभी संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक भी ऑनलाइन जुड़े। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी शिमला अनुपम कश्यप तथा पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने उन्हें चुनावी तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी।मनोज कुमार साहू ने कहा कि चुनाव के दृष्टिगत



ईवीएम का भण्डारण व ट्रांसपोर्टेशन बेहद महत्वपूर्ण है, जिसमें किसी भी प्रकार की गलती की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में मतदान व मतगणना में कम समय है इसलिए मतगणना की तैयारियां भी अभी से आरम्भ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने महिलाओं द्वारा संचालित किए जाने वाले मतदान केन्द्रों में सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए ताकि महिला कर्मियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान कर्मियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का आवश्यक रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि चुनाव के दौरान पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारी किसी भी प्रकार की गलती न करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के अंतिम 72 व 48 घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, जिनमें अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता रहती है। उन्होंने सभी से आगामी दिनों में और बेहतर तैयारी करने के निर्देश दिए ताकि गलती की कोई संभावना न रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने संसदीय क्षेत्र में उडनदस्तों व स्टेटिक सर्विलेंस टीम की सक्रियता को और बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि जमीनी स्तर पर उनकी बेहतर उपस्थिति दर्ज हो सके। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट के लिए स्टेट क्लीयरिंग सेंटर आईटीआई चैड़ा मैदान में बनाया गया है, जहां 22 व 28 मई तथा 2 जून, 2024 को पोस्टल बैलेट का आदान-प्रदान होगा। उन्होंने बताया कि पोल डे मॉनिटरिंग सिस्टम को भी बेहतर बनाया गया है ताकि मतगणना के दौरान सटीक नतीजों को ऑनलाईन देखा जा सके। पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी ने बताया कि शिमला के तहत 4 अंतर्राज्यीय सीमाएं हैए जिनकी निगरानी आईपी बेस्ड सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से लगातार की जा रही है। चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जा रही हैए जिसके तहत जिला के लिए पुलिस की विस्तृत तैनाती योजना तैयार कर ली गई है।

# अज्ञात ट्रक से बाइक सवार युवक की मौत

## पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरू की जांच

**राजन पुरी**

**ऊना:** जन्नत होटल संतोषगढ़ के समीप ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठे अन्य दो युवक घायल हुए हैं। मृतक की पहचान गुरप्रीत सिंह निवासी नंगल, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक दमन सैणी निवासी संतोषगढ़ रविवार रात्रि गुरप्रीत व गुरदीप सिंह निवासी नंगल, पंजाब के साथ बाइक पर सवार होकर अपने निजी काम से



अजौली आए थे। जब तीनों बाइक पर सवार होकर अजौली से वापिस संतोषगढ़ जा रहे थे, तो जन्नत होटल के समीप पीछे से एक अज्ञात ट्रक ने बाइक को ओवरटेक करते समय साईड से टक्कर मारी दी। टक्कर लगने के बाद बाइक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। हादसे के दौरान दमन सैणी व गुरदीप सिंह सडक से दूसरी तरफ कच्चे में गिर गए, जबकि गुरप्रीत सिंह का सिर गिरते समय ट्रक की किसी नुकीली चीज के साथ टकरा लहुलूहान हो गया। तीनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मददसे सीएचसी संतोषगढ़ लाया गया, जहां पर गुरप्रीत सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने बाइक चालक दमन सैणी की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

न्यूज फ्लैश

## आयोग द्वारा जारी हिदायतों की करें पालना: डीसी



**पानीपत ,कमाल हुसैन** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिला सचिवालय के प्रथम दल के सभागार में सभी सहायक रिटर्न अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न संबंधित अधिकारियों की बैठक कर आवश्यक विचार विमर्श किया और संबंधित अधिकारियों को चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार उनकी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र दहिया ने कहा कि इलेक्शन ड्यूटी में सभी अधिकारी गंभीरता दिखाएं क्योंकि इसमें कोई भी रि-टेक नहीं होता है. सभी एआरओ सभी मतदान केंद्रों पर शौचालय, बिजली की व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाएं पूरी करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग पार्टियों के लिए खाने और पीने के पानी का प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टियों को ले जाने वाली सभी बसें जीपीएस से लैस होगी और पोलिंग पार्टियों को प्राथमिक चिकित्सा के लिए किट बैग भी उपलब्ध करवाया जाएगा। जिला में स्थित सभी 876 मतदान केंद्रों की वेब कास्टिंग लाइव होगी और मुख्यालय पर इनकी मॉनिटरिंग भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि 24 और 25 मई को व्यक्तिगत वाहनों के लिए पुल के नीचे पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। आर्य कॉलेज परिसर में केवल पोलिंग पार्टियों को ले जाने वाली-लाने वाली बसें और सरकारी गाडियां ही प्रवेश करेंगी। बैठक में एआरओ पानीपत शहरी विधानसभा एवं एडीसी डॉक्टर पंकज यादव, एआरओ पानीपत ग्रामीण विधानसभा एवं एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार,एआरओ इसराना एवं एसडीएम ज्योति मित्तल और एआरओ समालखा विधानसभा एवं एसडीएम समालखा अमित कुमार, जिला परिवहन अधिकारी डॉ नीरज जिंदल,सहायक सचिव आरटीए शमी शर्मा,जिला राजस्व अधिकारी रण विजय सुल्तानिया,जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विशाल पराशर,उप कृषि निदेशक डॉ आदित्य डबास,सिविल सर्जन डॉ जयंत आहूजा, डीएफएससी आदित्य कौशिक,नायब तहसीलदार निर्वाचन सुदेश राणा इत्यादि भी उपस्थित रहे।

## बायोलॉजिकल कृषि उत्पाद ब्रांड इनेरा ने एम.एस धोनी को ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया

**चंडीगढ़:** बॉयोलोजिकल कृषि उत्पाद विकसित करने वाली अग्रणी अनुसंधान एवं विकास बायोसाइंस फर्म इनेरा ने एम.एस धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। इनेरा के साथ मिलकर धोनी जनता के बीच संधारणीय प्रकृति के जैव इनपुट के उपयोग का प्रचार करके खेती के क्षेत्र में बदलाव लाने के इनेरा के मिशन को बढ़ावा देंगे। अपने विचार व्यक्त करते हुए, धोनी ने कहा, ह्लजैव-कृषि के लिए इनेरा का दृष्टिकोण और उनके बायोलॉजिकल उत्पाद बड़े अच्छे बदलाव ला सकते हैं और इस बदलाव का समर्थन करने पर मुझे गर्व है। खेती से हमेशा मेरा लगाव रहा है। इनेरा के उत्पादों का उपयोग करने के लिए, लाखों किसानों को प्रेरित करने में मैं बहुत उत्साहित हूं।

इनेरा अपने उत्पादों से फसल की देखभाल और सुरक्षा के लिए बायोलॉजिकल समाधान प्रदान करती है, जिसमें बायोफर्टिलाजर, बायोस्टिमुलेंट और बायोकंट्रोल शामिल हैं। इनेरा के उत्पादों को प्रोप्राइटरी तकनीकों का उपयोग करके बनाया गया है और ये किसानों और वितरकों द्वारा आमतौर पर सामना की जाने वाली विशिष्ट समस्याओं का हल देते हैं। कंपनी के फील्ड ट्रायल सुविधा केन्द्रों में 25 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैली, कई कृषि जलवायु परिस्थितियों में इन बॉयोलोजिकल्स का बड़े पैमाने पर परीक्षण किया गया है।

# शहजादे और दामादों वाली कांग्रेस को 40 सीटें भी नहीं मिलेंगी: अमित शाह

## चुनाव से पहले भारत जोड़ो यात्रा निकालने वालों को 4 जून के बाद निकालनी होगी कांग्रेस ढूंढो यात्रा: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हिसार में भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला के समर्थन में हिसार के राजकीय कॉलेज मैदान में महा विजय संकल्प रैली की। उन्होंने भाजपा को बड़े मार्जन से जीत दिलाने की अपील की। मंच पर पहुंचते ही श्री शाह ने कहा कि मैं माता बनभोरी और अग्रोहा धाम को प्रणाम कर अपनी बात रखता हूं। श्री शाह ने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में देश बर्बाद हो चुका था। इस बार शहजादे और दामादों वाली




कांग्रेस को 40 सीटें भी नहीं मिलेंगी। कांग्रेस के शासन काल में हरियाणा में भ्रष्टाचार और डर का आलम था।

**पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा दामाद के दरबारी बने हुए थे**

प्रदेश की कई एकड़ भूमि उन्होंने दामाद को दान में दे दी। उन्हें प्रदेश की जनता से कोई मतलब नहीं था। ये प्रदेश को लूट रहे थे, लेकिन जब प्रदेश में भाजपा की मनोहर लाल सरकार आई तो सबसे पहले भ्रष्टाचार को खत्म किया। लोगों के डर को खत्म किया। श्री शाह ने दावा किया कि कांग्रेस को 40 सीटें भी नहीं मिलने वाली है और 4 जून के बाद राहुल गांधी को कांग्रेस ढूंढो यात्रा निकालनी पड़ेगी। श्री शाह ने कहा कि हरियाणा की भूमि का तीन क्षेत्रों में सबसे बड़ा योगदान रहा है। पहला, देश की सीमा की सुरक्षा में तैनात हरियाणा के जवान, दूसरा हमारा किसान, एक जमाना था जब हमें गेहूं अमेरिका से मंगवाना पड़ता था और आज हम हरियाणा के दम पर खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बन चुके हैं और तीसरा खेल, खेल कही पर भी खेला जाता हो, राष्ट्रीय हो अंतर्राष्ट्रीय हो, सबसे ज्यादा मेडल अगर किसी को मिलते हैं तो हरियाणा के धाकड़ खिलाड़ियों को मिलते हैं। उन्होंने दावा किया कि 2036 में ओलंपिक खेल भारत में होंगे। आज हरियाणा सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला प्रदेश बन गया है। अब हर दूसरी गाड़ी हरियाणा में बन रही है।

## निशुल्क मार्शल आर्ट सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सतीश कुमार राणा की ओर से बेटियों के प्रति बढ़ रही छेड़छाड़ को देखते हुए बेटियों की सुरक्षा के लिए 2 दिन के लिए निशुल्क मार्शल आर्ट सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन जैन गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेलवे रोड के प्रांगण में किया गया। सतीश राणा ने कहा कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बेटियों को अपनी सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वह बुरे वक्त में शरारती तत्वों से मुकाबला कर सके और निडर होकर समाज में रह सके। जैन गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल कोमल लाठर ने मास्टर सतीश कुमार राणा का बेटियों की सुरक्षा के लिए कैंप लगाने पर धन्यवाद किया। इस मौके पर वॉइस प्रिंसिपल आंचल गोयल, कोर्डिनेटर शकुंतला, रजनी, वर्षा, मिथुन कुमार, मनकीरत, मौजूद रहे।

## नशे में पति ने पत्नी को लगाया करंट, बच्चों को पीटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव नगला फार्म में पत्नी ने अपने पति पर दारू पीकर उसको व उसके बच्चों को पीटने के आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही करंट भी लगाया और बाल पकडकर मारपीट की। सास, ससुर और पड़ोसियों ने बीच बचाव किया। हालांकि पत्नी ने एक साल से तलाक का केस भी डाला हुआ है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला व घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती करवाया। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नगला फार्म निवासी पीड़िता की शादी मदन लाल के साथ हुई थी। पति शराब का आदी था और उसे बार-बार पीटता रहता था, जिससे परेशान होकर पत्नी ने अपने पति के खिलाफ तलाक का केस डाल दिया था, जो अभी न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता का आरोप है कि 18 मई की रात 9 बजे

**केस दर्ज**

**महिला व घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती करवाया। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी**

मदन लाल घर पर आया और दारू पीकर उसे व उसके बच्चों को पीटने लगा। इसके साथ ही बिजली का करंट भी लगाने लगा और बाल पकडकर मारपीट शुरू कर दी। पीडिता ने बताया है कि मेरे ससुर और आसपास के पड़ोसियों ने बीच बचाव किया। थोड़ी देर बाद करीब साढ़े 11 बजे मेरे गुप्तांग पर लात मारी, जिससे ब्लडिंग शुरू हो गई। मेरी छाती पर भी ईंट से वार किया और कुल्हाड़ी से घर के दरवाजों को तोड़ दिया। बच्चों को भी खूब पीटा। जिसके बाद उसने डायल 112 को सूचित किया गया।

## द प्राइड ऑफ नेशन अवाड्र्स समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एंव ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत द प्राइड ऑफ नेशन अवाड्र्स समारोह का आयोजन डिवेंचर होटल में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर फिल्म अभिनेता रजा मुराद व टिकू तलसानिया एवं फिल्म व टीवी अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत की। वीवीआईपी गेस्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर रामनारायण साहू, नैशनल डायरेक्टर भुनेशवर साहू व रानू ध्रुव, नैशनल चीफ इंचार्ज रवि शर्मा, इंटरनेशनल डायरेक्टर रुबीना, संदीप कुमार व आत्माराम साहू, नेशनल डायरेक्टर विकास जैन, योगेश गोयल, विशाल काठ व गौरव गाबा, इंटरनेशनल प्रेजिडेंट मोहम्मद इकबाल



मंसूरी रहे। सभी अतिथियों ने फाउंडेशन के अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन मुहिम की प्रशंसा की। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का नाम एक ब्रांड बन चुका है, जो कि पूरे देश में अपने भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता कार्यों के लिए लोकप्रिय है। इस अवसर पर फाउंडेशन की देश के विभिन्न राज्यों की महान शख्सियतों को द प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया, जिनमें कुशुम रानी साहू, रामनारायण साहू, लीलाधर प्रसाद साहू, सुनीता देवी पटेल, जानकी देवी साहू, हेमंत कुमार साहू, विजय कुमार साहू, रूप नारायण देवांगन, हरदयाल साहू, आशुतोष चतुर्वेदी, सुदीप मिश्रा, पवन शर्मा, सोमनाथ सैन, डॉ.निशा गुप्ता, मासिदुर रहमान, तरिणी कांत पॉल, पायल मित्तल, सत नारायण गर्ग, एनडी गोयल, सुनीता गुप्ता, प्रह्लाद त्रिपाठी, सतीश जांगड़ा, अजय कुमार, रमन तलवार, युसूफ अली, सईद शाफी अहमद, अजीत राही, हरजिंदर सिंह, अश्वनी मेहता, सुभाशीष कुंडू, संदीप अग्रवाल, हरीश चंद्रा, जगमोहन यादव, डॉ. देव कला शर्मा, विनोद कुमार, नीतू सिंह, विशपाल, सतपाल, किरण लता, राजेंदर कुमार, डॉ. प्रीति नारंग, अश्वनी कुमार, जरनैल सिंह, संजीव गर्ग, सुभाषचंद, ईशा चौधरी, निशुल शर्मा, ध्रूव शर्मा, गौरव गोयल, दर्शन सिंह झंडू, बिक्रम चौधरी, शैलजा गुप्ता, अरविन्द कुमार विश्वकर्मा आदि के नाम शामिल रहे।

**सम्मान**

**एक ब्रांड बन चुका है, जो कि पूरे देश में अपने भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता कार्यों के लिए लोकप्रिय है**

## घर में घुसकर युवक की हत्या मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कारसा डोड में हथियारों से लैस बदमाशों द्वारा घर में घुसकर सुरेंद्र की हत्या करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी लक्की को नमस्ते चौक से गिरफ्तार कर लिया। मृतक के पिता रामेश्वर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 15 मई की रात को ही उनके घर पास बनी एक समाज की चौपाल के पास रखी पंचायती कुर्सी पर बैठकर आरोपी स्मैक पी रहे थे। इस दौरान मैंने भी आरोपियों को टोका था और घर जाने के लिए बोल दिया था, वे घर भी चले गए थे। एक लडके सुभाष ने वहीं पर कमरा लिया हुआ है, वह दूध बेचने का काम करता है।



सुभाष ने आरोपियों को कॉल किया कि तुम लोग कहां हो, जिन्होंने उसे बताया कि हम तो यहां से जा चुके हैं। आरोपी सुभाष ने गालियां देनी शुरू कर दी, जिससे वहां पर आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए। रामेश्वर ने बताया कि हमने इस दौरान आरोपियों को समझाया भी, जिस पर वे वहां से चले गए। इसके बाद रात करीब साढ़े 11 बजे सुरेंद्र खेत से आया। उसने आरोपियों को कहा कि गालियां क्यों दे रहे हो और घर चला गया। इसके बाद सभी युवक घर में घुसकर तेजधार हथियारों से लाठी-डंडों से परिवार पर हमला बोल दिया।

**सफलता**

**इसके बाद सभी युवक घर में घुसकर तेजधार हथियारों से लाठी-डंडों से परिवार पर हमला बोल दिया**

आरोपियों ने पहले उसके बेटे सुरेंद्र के पेट व छाती में तलवार घोंप दी। इसके बाद जब मेरी पत्नी छुड़वाने के लिए बीच में गई तो उस पर भी हमला बोल दिया। आरोपी मां-बेटे दोनों को अधमरा छोडकर मौके से फरार हो गए थे। गंभीर अवस्था में दोनों घायलों को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था, लेकिन यहां पर ईलाज के दौरान सुरेंद्र ने शनिवार को दम तोड़ दिया था। इसके बाद पुलिस ने हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। गुस्साए परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव को उठाने से मना कर दिया था और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस ने आश्वासन दिया था, जिसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने इस मामले में 11 व्यक्तियों को नामजद किया हुआ है।

## चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, चोरी का मोबाइल फोन बरामद

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सीआईए थ्री** पुलिस की टीम ने पुराना बस स्टेंड के पास से युवक का बैग चोरी करने वाले आरोपी को यूपी के नोएडा के गांव छिजारसी से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान शिवम निवासी सराय चौहान भीखापुर जौनपुर हाल



छीजारसी नोएडा गाजियाबाद यूपी के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना शहर में एल्डिको सेक्टर 5 निवासी चैतन्य आनंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह रिफाइनरी में नौकरी करता है। 26 अप्रैल को वह पुराना बस स्टेंड के पास किसी के इंतजार में खड़ा था। इसी दौरान अज्ञात चोर उसका बैग चोरी कर ले गया। बैग में जरूरी दस्तावेज, एक मोबाइल फोन व 15 हजार रुपए कैश था। थाना शहर में चैतन्य आनंद की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि सीआईए थ्री पुलिस टीम ने शनिवार को देर शाम यूपी के नोएडा के छिजारसी गांव से आरोपी शिमव पुत्र सुरेश निवासी सराय चौहान भीखापुर जौनपुर हाल नोएडा गाजियाबाद यूपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो आरोपी ने चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसने शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने चोरीशुदा बैग में मिले कागजात फैक दिए और पैसे खर्च कर दिए।

## एन.एस.ओ. की कुरुक्षेत्र इकाई ने बैठक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** एन.एस.ओ. हरियाणा की कुरुक्षेत्र इकाई ने एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें कुरुक्षेत्र सहित हरियाणा के अन्य क्षेत्रों में तीव्र गर्मी से निपटने के लिए चर्चा हुई। बैठक के उपरांत नैशनल सोशल ऑर्गेनाईजेशन (एन.एस.ओ.) की कुरुक्षेत्र इकाई ने वन्य जीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। पक्षी मित्र अभियान के तहत युवा स्वयंसेवकों ने नगर के पार्कों में पक्षियों के लिए पानी से भरे मिट्टी के कसोरे वितरित किए। यह कार्य डा. उपासना की अध्यक्षता में किया गया। गर्मी के इस मौसम में एक छोटी सी पानी की बूंद अनगिनत पक्षियों की जान बचा सकती है। गर्मियों में तापमान के असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचने के कारण हर जीव परेशान है। एन.एस.ओ. की कुरुक्षेत्र शाखा ने पक्षियों के लिए पानी के सुलभ स्त्रोतों की आवश्यकता को पहचाना है। डा. उपासना के अनुसार पार्कों में मिट्टी के कसोरे यह सुनिश्चित करते हैं कि पक्षियों को आसानी से पानी मिल सके, जिससे वे सुरक्षित और स्वस्थ रह सकें।

## कांग्रेस पार्टी देश में एक मजबूत धड़ा है: सतपाल ब्रह्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत :**

सोनीपत लोकसभा प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने आज सोनीपत के अशोक विहार कालोनी न्यू कोर्ट रोड़ स्थित सेवानिवृत्त जिला राजस्व अधिकारी सुरेश कुमार के आवास पर चाय के प्रोग्राम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लोग कहते फिरते हैं कि कांग्रेस धड़ों में है उनको मैं मीडिया के माध्यम से बताना चाहता हूं कि कांग्रेस पार्टी धड़ों में नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी देश में एक मजबूत धड़ा है जिसकी के कारण विपक्षी दल की रात की नींद व दिन का आराम छिन लिया है क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश हित को सर्वोपरि रखा है जबकि मौजूदा सरकार ने अपने मित्रों को



फायदा पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में एक मजबूत सरकार बनाएगी और मैं आज मन से बहुत ही खदखद और आश्वस्त हूं कि सेवानिवृत्त जिला राजस्व अधिकारी सुरेश कुमार जैसे जन सेवक अधिकारी हमारे साथ अपने सेवानिवृत्त साथियों सहित कांग्रेस पार्टी के मजबूत कार्यकर्ताओं को अपने निवास पर बुलाकर स्वागत किया है इससे मन को खुशी तो मिलती है अपितु मुझे असहज महसूस होता है कि हरियाणा ही नहीं बल्कि भारत का प्रत्येक व्यक्ति मौजूदा भाजपा सरकार को सता से बाहर करने का मन बना चुके हैं।

**एकजुट**

**भारत का प्रत्येक व्यक्ति मौजूदा भाजपा सरकार को सता से बाहर करने का मन बना चुके हैं**

सुरेश कुमार सेवानिवृत्त जिला राजस्व अधिकारी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी देश में एक ऐसी पार्टी है जो आमजन के उद्धार की बात करती एवं गरीब व किसान हितैषी है। सुरेश कुमार के आवास पर सोनीपत लोकसभा प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी के स्वागत में बहुत संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे जिसमें नरेश पटवारी सेवानिवृत्त, सुभाषचन्द्र सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार, सतबीर सिंह दहिया ए .एस. आर, रामफल डब्ल्यू बी एन, ईश्वर सिंह दहिया, कुलदीप चौधरी एडवोकेट, कांग्रेसी नेता चिंरजी लाल सांघी,आम आदमी पार्टी के खरखोदा ब्लाक अध्यक्ष रतन लाल ठेकेदार,आर के पौरिया, सेवानिवृत्त डी टी सी, राजेश दहिया, पार्षद नीतू दहिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेन्द्र छिक्कारा, बंसीलाल, राजेश सिंघल, अधिवक्ता निखिल सिंघल, सुरेश सिंघल, महिला नेत्री सिमा शर्मा, कमलेश पांचाल, निर्मला पांचाल तथा सैकड़ों की संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## समर कैंप के प्रथम दिवस का किया शानदार आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, पानीपत में कक्षा प्री-नर्सरी से आठवीं तक के छात्रों के लिए समर कैंप के प्रथम दिवस का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्रों के साथ-साथ आस-पास के अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर अलग-अलग गतिविधियों में भाग लिया। समर कैंप का शुभारंभ स्कूल की प्रबंधक समिति, डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता कर कमलों से किया गया। एक तरफ जहाँ कक्षा नर्सरी से कक्षा यूके जी तक के विद्यार्थियों ने स्विमिंग, ताइक्वांडो, स्केटिंग, डांस तथा पर्सनालिटी डेवलपमेंट जैसी गतिविधियों में भाग




लिया, तो दूसरी तरफ कक्षा फर्स्ट से आठवीं के विद्यार्थियों ने स्विमिंग, ताइक्वांडो, स्केटिंग, स्पोकन इंग्लिश, डांस, रोबोटिक, आर्ट स्टोरी टेलिंग, कस्टमाइज्ड पोस्टर मेकिंग जैसी गतिविधियों में अपनी रचनात्मक व सृजनात्मक शक्ति दिखाई। सभी विद्यार्थी इस अवसर पर बहुत प्रसन्न थे क्योंकि सबको कुछ ना कुछ नया सीखने को मिल रहा हैं। इस अवसर पर रमेश रेवड़ी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के दौर में फिट रहना बहुत जरूरी है। इस तरह के कैंप में भाग लेने से स्टूडेंट्स का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। वाइस चेयरमैन जगदीश अरोड़ा ने कैंप में भाग लेने वाले सभी स्टूडेंट्स को अपनी शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए कहा कि नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत खेलों को शिक्षा के अनिवार्य अंग के रूप में सम्मिलित किया गया है। ग्रीष्मावकाश के सही सदुपयोग और फिटनेस के लिए इस तरह के कैंप बहुपयोगी सिद्ध होते हैं। डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता ने कैंप में भाग लेने वाले सभी स्टूडेंट्स को नियमित रूप से कैंप में आने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि समर कैंप अनुशासन, शारीरिक फिटनेस, सामाजिक कौशल, नेतृत्त्व कौशल और आत्मविश्वास जैसे गुणों को विकसित करने में सहायक होगा। इस कैंप में एकेडमिक व क्रियात्मक गतिविधियों के साथ-साथ कुशल एवं प्रशिक्षित कोच के नेतृत्त्व में स्विमिंग, क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, स्केटिंग, टेबल-टेनिस, कैरम आदि का सघन प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

**मस्ती हो जाए**

**दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा प्री-नर्सरी से आठवीं तक के छात्रों के लिए समर कैंप आयोजित**

## स्कूली बच्चों ने नागरिकों को दिया मतदान करने का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

लोकसभा 2024 के आम चुनाव में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के दिशानिर्देश पर सचिवालय के ग्राउंड फ्लोर पर स्वीप कार्यक्रम के तहत एमएएसडी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मेरा वोट, मेरा अधिकार नाटक का मंचन कर नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। नाटक मंचन के दौरान स्कूल के 18 बच्चों की टीम ने नाटक के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि चुनाव उनके लिए



कितना महत्वपूर्ण है। उनके द्वारा डाली गई एक एक वोट राष्ट्र के निर्माण में कितनी सहायक है।

स्कूली बच्चों ने स्लोग्न लिखी पट्टियों के माध्यम से संदेश दिया कि एक एक वोट है भविष्य का आधार, होने न दो इसको बेकार। मेरा मतदान ,मेरा अधिकार इससे ही बनती हमारी सरकार । अन्र्तमन से सोच समझ कर देना वोट, बदले में नहीं लेना राशन नोट। मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम में बच्चों ने चुनाव में लोगों को जहां अधिकारों के प्रति सचेत किया।

## संपादकीय

# एकजुटता से होगा आतंकवाद का खात्मा

**21 मई** की तारीख आतंकवाद को खत्म करने और शांति-सद्भाव को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालती है। देशवासी हमेशा से महसूस करते आए हैं कि कैलेंडर में टंगी 21 मई की तारीख प्रत्येक भारतीयों के लिए सदैव मनहूस ही रहेगी, क्योंकि ये वही डेट है जिसने भारत के 6वें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मौत मुकर्रर की थी। आज उनकी पुण्यतिथि भी है। राजीव की हत्या के बाद ही सालाना 21 मई को ह्यराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवसह्ल को मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा हुई। राजीव गांधी की 21 मई 1991 को मद्रास के पास एक गांव श्रीपेरंबुदूर में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम की महिला सदस्य ने मानव बम बनकर हत्या कर दी थी। तब, केंद्र में आई अगली वीपी सिंह सरकार ने इस दिन को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में दर्ज करवाया। राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस स्मरण, चिंतन और कार्रवाई का दिन है। ये सच है, आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, वह केवल विनाश की भाषा समझते हैं। बेकसूर लोगों का सिर्फ लहू ही पीना जानते हैं। केंद्र व राज्य सरकारें डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवाद से बचाव और उनके मंसूबों को परखने के लिए समय-समय पर विभिन्न तरह के संदेशों का प्रचार-प्रसार करती रहती हैं। निश्चित रूप से राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। क्योंकि ये देशवासियों को अपने दैनिक जीवन में सतर्कता बरतने और सावधान रहने को आग्रह करता है। साथ ही अपने मतभेदों को दूर करने और सौहार्दपूर्ण ढंग से सह-अस्तित्व के लिए प्रोत्साहित कर अमन-शांति को बढ़ावा देने का भी प्रयास करता है। इसके अलावा ये दिन हमें ये भी अहसास कराता है कि आज के वक्त में समाज को शांतिपूर्ण बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है। आतंकवाद विरोधी दिवस देशवासियों को आतंक के खतरनाक प्रभावों के संबंध में तसल्ली से जागरूकता पैदा करता है। भारत का गुजरा समय कुछ ऐसा था। जब देशवासी अपने भीतरी लिट्टे नामक आतंकवाद का दंश झेल रहे थे। जो चारों ओर खूनी कहर बरपा रहा था। गनीमत ये थी उसका प्रभाव दक्षिण राज्यों में ही ज्यादा रहा। कहने को, ये उग्रवादी अलगाववादी समूह श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में तमिलों के लिए एक स्वतंत्र मातृभूमि के लिए लड़ रहा था। लेकिन उनकी हरकतें कहीं से भी मातृभूमि के लिए लड़ने वाली नहीं लगती थीं। क्योंकि ये संगठन अपने ही सैकड़ों लोगों को मौत के घाट उतार रहा था। राजीव गांधी की हत्या भी बड़ी साजिश का हिस्सा थी। तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में चुनावी रैली के दौरान उन्हें निशाना बनाया गया। महिला हमलावर ने बकायदा राजीव के पास आकर उनके पैर छुए और मानवबम का बटन दबाकर विस्फोट कर उन्हें उड़ा दिया। उस दर्दनाक घटना ने समूचे हिंदुस्तान को झकझोर दिया था। पर, उसके बाद यहीं से आतंकवाद को खत्म करने के लिए केंद्र व राज्य सरकारों ने कमर कसी, कई ऑपरेशन चलाए, जिसका नतीजा ये हुआ, कुछ वर्षों के भीतर लिट्टे का नाम पूरी तरह से नेस्तनाबूद हो गया। आज का दिन जनमानस को आतंकवाद जैसे असामाजिक कृत्य के प्रति न सिर्फ जागरूक करता है, बल्कि राष्ट्रीय सद्भाव को बढ़ावा देना, आतंकवाद को कम करने और सभी जातियों, पंथों और लिंग के लोगों को एकजुट करने का संबल भी प्रदान करता है।

# महाराष्ट्रः चुनाव के अंतिम चरण में भीषण राजनीतिक युद्ध

– सुशील कुट्टी

> भाजपा को लगता है कि उद्धव बालासाहेब ठाकरे की सेना अजित पवार एनसीपी के साथ मिलकर लड़ रही शिवसेना-भाजपा गठबंधन की कैडर ताकत को हरा नहीं सकती है। महायुति का मानना है कि पांचवें चरण में जिन 14 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, वे चुनाव के लिए तैयार हैं। महा विकास अघाड़ी का मानना है कि एक 'अंडर करंट' उसके पक्ष में काम कर रहा है। इसके अलावा, शिंदे उस 'भाजपा कठपुतली' की छवि से भी छुटकारा पाना चाहते हैं जिससे वह ग्रस्त हैं। आम शिवसैनिकों को दोयम दर्जे की भूमिका निभाना पसंद नहीं है। मुंबई लोकसभा सीटों के लिए महायुति के 'खराब उम्मीदवार चयन' की भी चर्चा है। इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने महाराष्ट्र के मतदाताओं से बेहतर कल के लिए भाजपा को छोड़ने की अपील की है

**मोदी** मुंबई के उन सात निर्वाचन क्षेत्रों को भी महत्व देते हैं जहां पांचवें चरण में मतदान होना है। वित्तीय पूंजी पर नियंत्रण के अपने राजनीतिक प्रभाव होते हैं। कैश देने वाली गाय बृहन्मुंबई नगर निगम अपने साथ विशेष प्रभाव लेकर आता है। मिलिंद देवड़ा से पूछें और वह आपको बतायेंगे कि बीएमसी मुंबई ही राजनीति के केंद्र में है। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव अभियान अपने चरम पर है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को कड़ी टक्कर देने के लिए इंडिया गठबंधन महाराष्ट्र पर भरोसा कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र को जीतने और इसे 'अबकी बार 400 पार' बनाने के लिए अपने नाम और चेहरे पर भरोसा कर रहे हैं। महा विकास अघाड़ी को उम्मीद है कि उन्हें मतदाताओं का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 'अवास्तविक सपने' से वंचित कर देगा। महाराष्ट्र के 48 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 20 मई को पांचवां चरण आखिरी है। धनचुनाव के केंद्र में है और लड़ाई मैक्सिमम सिटी मुंबई में स्थानांतरित हो गई है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रोड शो किया और मुंबई के मतदाताओं को अपनी ओर प्रभावित करने की कोशिश की। मुंबई, 2022 तक शिवसेना का गढ़ रहा, जब तक कि सेना दो प्रतिद्वंद्वी गुटों में विभाजित नहीं हो गई,जो अपनी वित्तीय ताकत के लिए भी विख्यात है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उद्धव बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाला सेना गुट दोनों ही बालासाहेब ठाकरे के सच्चे उत्तराधिकारी होने का दावा कर रहे हैं। दोनों मुंबई पर राजनीतिक कब्जा चाहते हैं। उद्धव ठाकरे भी नियंत्रण खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। यह तब है जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो गुट- एक का नेतृत्व शरद पवार और दूसरे का नेतृत्व उनके भतीजे अजित पवार कर रहे हैं - भी राज्य की राजनीति में अपनी-अपनी प्रासंगिकता के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र के चुनाव पर नजर रखने वालों के लिए परिणाम पर अटकल लगाना भी मुश्किल हो गया है। महाराष्ट्र में ये आम चुनाव संभवतः तय कर देंगे कि दोनों में से कौन सी सेना का भविष्य है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो गुटों का भी यही हाल है। इस बीच, यह भावना बढ़ती जा रही है कि अगर कुल मिलाकर कोई फैसला ले रहा है, तो वह एकनाथ शिंदे नहीं हैं, देवेंद्र फड़नवीस नहीं हैं, उद्धव ठाकरे नहीं हैं, यहां तक कि पुराने योद्धा शरद पवार भी नहीं



हैं, बल्कि एकमात्र अजित 'दादा' पवार हैं। शरद पवार '83' के हैं और उन्होंने हार मान ली है, लेकिन उद्धव बालासाहेब ठाकरे अपने पिता की शिवसेना पर फिर से कब्जा करने पर आमादा हैं। उद्धव ठाकरे के लिए, 2024 का आम चुनाव उनकी परीक्षा में असफल न होने की परीक्षा है। 2024 के आम चुनावों में उद्धव ठाकरे एक बहादुर व्यक्ति हैं, जिन्होंने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया है, अपना और 'ठाकरे' वंश का राजनीतिक भविष्य। जहां तक अजित पवार का सवाल है, उन्होंने शरद पवार का जुआठ उतार फेंका है और यह आम चुनाव 2024 की कहानी का हिस्सा है। राज्य में पांचवें और अंतिम चरण में महाराष्ट्र की 14 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है और ऐसी चर्चा है कि अजित पवार का प्रभाव सभी 14 निर्वाचन क्षेत्रों में महसूस किया जायेगा।

'क्यों?' यह जानने के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है। बारामती लोकसभा चुनाव, जो तीसरे चरण में हुआ और जिसमें अजित पवार की पत्नी सुनेत्र पवार ने शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले, जो मौजूदा सांसद हैं, से मुकाबला किया। राकांपा का अजित पवार गुट पहले ही बारामती में जीत का दावा कर चुका है और आम तौर पर लोगों का मानना है कि इसके बारे में दो तरीके नहीं हो सकते। बारामती-टेम्पलेट काम कर गया और अन्य लोकसभा क्षेत्रों में भी काम करेगा। बारामती टेम्पलेट वोट खरीदने और मतदाताओं को गुमराह करने का एक संयोजन है। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने के साथ ही महायुति के पास पैसे की कोई कमी नहीं है, जो दुनिया की सबसे अमीर पार्टी भी है। बारामती टेम्पलेट में लाखों मतदाताओं के मन में चुनाव चिन्हों पर भ्रम पैदा करना शामिल है। वर्षों से शरद पवार के प्रति वफादार मतदाताओं को इस बात का जरा भी एहसास नहीं था कि वे राकांपा के अजित पवार गुट को वोट दे रहे हैं, जब तक कि बहुत देर नहीं हो गई। वे यह सोचकर मतदान केंद्रों से चले गये कि शरद पवार की राकांपा के पास अभी भी 'घड़ी' है, जब उन्हें अपनी वोटिंग उंगली 'तुरही बजाने वाले आदमी' पर रखनी चाहिए थी। चुनाव चिन्हों को लेकर भ्रम की स्थिति शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन की विरासत है।

'असली सेना' टैग की लड़ाई खत्म नहीं हुई है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और यूबीटी सेना प्रमुख उद्धव बालासाहेब ठाकरे शिवसैनिकों की वफादारी और बालासाहेब ठाकरे की विरासत का दावा कर रहे हैं और 2022 में संपूर्ण शिवसेना के ब्रेक लेने के बाद से मुंब्राक्रीक में बहुत सारा पानी जमा हो गया है। शिवसेना की विरासत की लड़ाई पर कोई विराम नहीं लगा है। आदित्य ठाकरे के अनुसार, उद्धव बालासाहेब ठाकरे खुद को बालासाहेब ठाकरे का सच्चा उत्तराधिकारी मानते हैं और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का कहना है कि वह बालासाहेब की विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का भाजपा के साथ गठबंधन का अपना महत्व है। शिंदे का कहना है कि जब उद्धव ने 'घृणास्पद' कांग्रेस के साथ गठबंधन करने का फैसला किया तो शिवसेना (यूबीटी) ने शिवसैनिकों का समर्थन खो दिया। इसलिए अजित 'दादा' पवार ने महाराष्ट्र में एनडीए के चुनावी रथ पर अपनी पकड़ बना ली है, हालांकि पांचवें चरण के चुनाव में मुंबई मेट्रो पॉलिटनरीजन (एमएमआर), नासिक और खंडेश के कुछ हिस्सों में दोनों शिव सेना - एकनाथ शिंदे की सेना और उद्धव बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली सेना - गुटों के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस क्या कर रहे हैं? पिछली बार सुना था, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को श्रेय दे रहे थे और शरद पवार ने शिवसेना और एनसीपी में फूट के लिए जिम्मेदार ठहराया। फड़णवीस प्रधानमंत्री मोदी की पीठ पीछे महायुति उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे हैं, क्योंकि देश में हर जगह की तरह, महाराष्ट्र में भी ये चुनाव पीएम के नाम और चेहरे पर लड़े जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी सोचते हैं कि वह निश्चित जीत का जादुई मंत्र हैं। प्रधानमंत्री मोदी मुंबई के उन सात निर्वाचन क्षेत्रों को भी महत्व देते हैं जहां पांचवें चरण में मतदान होना है। वित्तीय पूंजी पर नियंत्रण के अपने राजनीतिक प्रभाव होते हैं। कैश देने वाली गाय बृहन्मुंबई नगर निगम अपने साथ विशेष प्रभाव लेकर आता है। मिलिंद देवड़ा से पूछें और वह आपको बतायेंगे कि बीएमसी मुंबई ही राजनीति के केंद्र में है। बीएमसी का नियंत्रण हमेशा से ही ठाकरे परिवार के पास रहा है लेकिन मोदी का मानना है कि यथास्थिति मुंबई के लिए खराब है।

भाजपा को लगता है कि उद्धव बालासाहेब ठाकरे की सेना अजित पवार एनसीपी के साथ मिलकर लड़ रही शिवसेना-भाजपा गठबंधन की कैडर ताकत को हरा नहीं सकती है। महायुति का मानना है कि पांचवें चरण में जिन 14 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, वे चुनाव के लिए तैयार हैं। महा विकास अघाड़ी का मानना है कि एक 'अंडर करंट' उसके पक्ष में काम कर रहा है। इसके अलावा, शिंदे उस 'भाजपा कठपुतली' की छवि से भी छुटकारा पाना चाहते हैं जिससे वह ग्रस्त हैं। आम शिवसैनिकों को दोयम दर्जे की भूमिका निभाना पसंद नहीं है। मुंबई लोकसभा सीटों के लिए महायुति के 'खराब उम्मीदवार चयन' की भी चर्चा है। इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने महाराष्ट्र के मतदाताओं से बेहतर कल के लिए भाजपा को छोड़ने की अपील की है, जबकि एनडीए नेताओं ने बेहतर भविष्य के लिए भाजपा को चुनने का आह्वान किया है।

## कविता

### चलो थोडा मुस्कुराते है।।

चलो थोडा मुस्कुराते है,
इस दवा को आजमाते है.

कठिनाई में खिलखिलाते है,
मुसीबत में भी मुस्कुराते हैं।

जिसकी आदत है मुस्कुराना,
वो ही जमाने को हँसातें है।

निराशा,विषाद में क्या रखा है मित्रो,
उदासी को मुस्कुराहट से मिटाते है।

मुस्कुराना औषधि है बेहतरीन,
इस नुस्खे को भी आजमाते है।

खरीदी न बेचीं जाती मुस्कुराहट,
अनमोल हैं ये चलो मुस्कुराते है।

बेहतरी के नाम मुस्कुराते है,
सुनहरे कल के लिए मुस्कुरातें है।

जमाने ने दियें हैं जख्म बहुत सारे
चालो चोटों के सहारे मुस्कुरातें हैं।

कुछ मित्रो के संग बिताई यादें हैं,
चलो उन पलों के लिए मुस्कुरातें हैं।

संजीव

## न जाने कितने मुखौटों में जिंदगी तू है

**राकेश**

**एक तरफ** राजनीति है और दूसरी तरफ जिंदगी। दोनों के पास असंख्य मुखौटे हैं। इसीलिए न जिंदगी का असल चेहरा सामने आ पाता है और न राजनीति का। लोग एक चेहरे पर कई चेहरे लगाए बैठे हैं। हमारे साथी कवि स्वर्गीय प्रदीप चौबे ने सियासत पर कम जिंदगी पार ज्यादा लिखा । वे कहते थे -

**कभी जुकाम,कभी पीलिया,कभी फ़्लू है**
**न जाने कितने मुखौटों में जिंदगी तू है**

यकीनन जितनी दुश्वारियां जिंदगी के साथ बाबस्ता हैं ,उतनी ही दुश्वारियां सियासत के साथ भी हैं। दोनों गिरगिट की तरह रंग बदलने में माहिर है। आप कह सकते हैं कि उस्ताद हैं। न आप जिंदगी से पार पा सकते हैं और न सियासत से। जिंदगी और सियासत के बिना काम भी नहीं चलता। आप समाज में वीतरागी होकर तो रह नहीं सकते । सियासत का का हर फैसला आपकी जिंदगी को प्रभावित करता है ,भले ही आपका सियासत से कोई रिश्ता हो या न हो ? आप किसी दल या विचारधारा के साथ हों या न हों ? मार तो आपको खाना ही पड़ेगी। लेकिन सवाल ये है कि आखिर कब तक और कितनी मार खाई जा सकती है ?

आजकल जिंदगी पर मौसम भी भरी पद रहा ह। पारा 47 डिग्री को पार कर चुका है । जैसे नेताओं को कोई केंचुआ आदर्श आचार संहिंता की धज्जियां उड़ाने से नहीं रोक सकता ,उसी तरह मौसम को भी कोई अपने तेवर दिखने से नहीं रोक सकता। अकेले वृक्ष रोक सकते थे लेकिन उन्हें भी बेरहमी के साथ कत्ल किया जा रहा है। कल ही पढ़ा की पांच साल में 53 लाख से ज्यादा छायादार वृक्ष हमारे राष्ट्रवादी,देशभक्त,अंधभक्त समाज ने काट कर फेंक दिए। अब आसमान से बरसती आग को रोकने के लिए कोई छाता हमारे पास नहीं है। एयर कंडीशनर हमें भीतर ठंडक देते हैं लेकिन बाहर वे भी इतनी आग उगलते हैं की सांस लेना मुश्किल हो रहा है। दुर्भाग्य से इस बार सियासी पारा और मौसम का पारा एक साथ चढ़ा हुआ है। इसीलिए गर्मी दो गुना ज्यादा है। परिंदों और पशुओं की तो छोड़िये किसी को इंसानों की जिंदगी की फिक्र नहीं है। सारे फिक्र तौसवीं इन दिनों चुनाव में व्यस्त है। कुछ लड़ रहे हैं और बाकी के चुनाव लड़ा रहे हैं। दिल्ली में तो केजरीवाल,मालीवाल आपस में ही लड़ रहे हैं। जनता के बारे में सोचे कौन ?

लोकतंत्र में आम चुनाव सत्यनारायण कथा के अध्यायों की तरह होने लगे है। चुनाव में मौसम का मिजाज नहीं बल्कि सत्तारूढ़ दल की सहूलियत देखी जाती है । इस बार भी केंचुआ ने मतदान की तारीखें तय करते वक्त मौसम विभाग से नहीं भाजपा मुख्यालय से विमर्श किया। इसी का नतीजा है कि इस बार मतदान अपेक्षाकृत कम हो रहा है। अब आप ही सोचिये की आदमी मतदान के जरिये अपना लोकतंत्र ,अपना विचार ,अपना भविष्य बचाये या जिंदगी बचाये ? अगर मतदान के लिए घर से निकले और लू ने आपकी लू-लू कर दी तो न घर के रहिएगा और न घाट के। 'जिंदगी से हाथ धोना पड़ेंगे सो अलग। लू से मरने पर कोई भी सरकार अपने परिजनों को दो-चार लाख रुपए का मुआवजा भी नहीं देने वाली।

## विचार

### साहित्य अध्ययन और मनन जीवन की श्रेष्ठता का उचित माध्यम

**संजीव**

**साहित्य** अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का सकारात्मक कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों,संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है।

साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं।

साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### माइक्रोलर्निंग कार्यस्थलों पर प्रतिभा अधिग्रहण को प्रभावित कर रही

**विजय गर्ग**

**माइक्रोलर्निंग** कार्यस्थलों पर प्रतिभा अधिग्रहण को प्रभावित कर रही है प्रतिभा अधिग्रहण के स्पंदित क्षेत्र में, जहां दांव ऊंचे हैं, और शीर्ष स्तरीय पेशेवरों के लिए प्रतिस्पर्धा तेज है, संगठन खुद को लगातार बदलते परिदृश्य में नेविगेट करते हुए पाते हैं। सफलता का मंत्र अब प्रतिस्पर्धी वेतन और आकर्षक नौकरी पदवी की पेशकश तक ही सीमित नहीं है; इसमें अब निरंतर सीखने और व्यावसायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता शामिल है। इस प्रतिमान बदलाव में, माइक्रोलर्निंग एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभरी है, जिसने अपस्किलिंग रणनीतियों के एक नए युग की शुरूआत की है जो न केवल आकर्षित करती है बल्कि बाजार में सबसे अधिक मांग वाली प्रतिभाओं को बनाए रखती है। प्रतिभा पहेली अभूतपूर्व चुनौतियों और अवसरों से परिभाषित परिदृश्य में, प्रतिभा का विरोधाभास प्रचुर है। आकर्षक नौकरी की पेशकश और प्रतिस्पर्धी पारिश्रमिक से लैस संगठन, खुद को असाधारण व्यक्तियों के एक सीमित समूह के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा में पाते हैं। यह एहसास होने लगा है कि नौकरी के अवसरों के शोर के बीच खड़े होने के लिए, व्यवसायों को एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा जो पारंपरिक भर्ती रणनीति से परे हो। हाल के अध्ययन इस बदलाव को रेखांकित करते हैं, इस बात पर जोर देते हुए कि 87% सहस्राब्दी और जेन जेड के लिए, पेशेवर विकास के अवसरों पर विचार नियोक्ता की उनकी पसंद को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। सूक्ष्म शिक्षण क्रांति इस पृष्ठभूमि के बीच, माइक्रोलर्निंग एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभरती है, जो संगठनों द्वारा प्रतिभा अधिग्रहण और प्रतिधारण के दृष्टिकोण को नया आकार देती है। पारंपरिक प्रशिक्षण विधियों के विपरीत, जो विस्तारित समय की प्रतिबद्धताओं की मांग करते हैं, माइक्रोलर्निंग छोटे आकार, सुपाच्य भागों में सामग्री प्रदान करता है, जो आमतौर पर 5 से 10 मिनट के बीच रहता है। इस दृष्टिकोण का महत्व न केवल इसकी संक्षिप्तता में निहित है, बल्कि आधुनिक पेशेवर के कम ध्यान अवधि को पूरा करने की क्षमता में भी निहित है।

## पिलपिलाने वाला पिलास्टिक

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक** खूबसूरत छोटे से गाँव में, जो हरे-भरे पहाड़ियों और एक साफ-सुथरी नदी के बीच बसा था। एक समय था जब गाँववाले प्रकृति के साथ मेलजोल से रहते थे। वे जमीन पर खेती करते, नदी में मछली पकड़ते, और लकड़ी, मिट्टी और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों से अपने सामान बनाते थे। लेकिन एक दिन, गाँव के चौराहे पर एक अजीब आगंतुक आया, जो अपने साथ एक चमकदार, रंगीन और पूरी तरह से अपरिचित सामग्री लेकर आयाः प्लास्टिक। वह आगंतुक, एक चालाक सेल्समैन था। जिसका नाम था मिस्टर पॉली एथिलीन, ने अपना स्टॉल लगाया और इस अद्भुत सामग्री के गुणगान करने लगा। "महिलाओं और सज्जनों," उसने घोषणा की, "प्लास्टिक के चमत्कारों को देखो! यह टिकाऊ, बहुमुखी और हर रंग में आता है जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। अपने पुराने तरीकों को अलविदा कहें और भविष्य को अपनाएं!" गाँववाले, मिस्टर एथिलीन की बातें सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए और उसके प्लास्टिक के सामान खरीदने लगे। प्लास्टिक की प्लेटें, प्लास्टिक के कप, प्लास्टिक के खिलौने, और यहाँ तक कि प्लास्टिक के कपड़े भी। पहले तो, जीवन में सुधार होता दिखा। प्लास्टिक सस्ता, सुविधाजनक और अटूट लगता था। गाँववाले इस बात पर चकित थे कि उनके नए सामान टूटते नहीं थे और पुराने सामानों की तरह घिसते नहीं थे। समय बीतने के साथ, प्लास्टिक गाँव के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन गया। मोची ने चमड़े की जगह प्लास्टिक का उपयोग करना शुरू किया, कुम्हार ने प्लास्टिक के बर्तन बनाए, और यहाँ तक कि मछुआरे ने अपनी लकड़ी की नाव को एक चमचमाती प्लास्टिक की नाव से बदल दिया। गाँव फला-फूला, और मिस्टर पॉली एथिलीन को हीरो माना जाने लगा। वह उनकी प्रशंसा में डूबे रहते, हमेशा उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए एक नया उत्पाद तैयार रखते। हालाँकि, सभी महान चीजों की तरह, इसके भी अप्रत्याशित परिणाम थे। समस्या का पहला संकेत तब आया जब गाँव की बकरियाँ, जो अपने असंयमित भूख के लिए जानी जाती थीं, प्लास्टिक के थैलों को खाने लगीं। बेचारे जीव बीमार पड़ गए।



# कियारा आडवाणी

## ने कान्स में बोली ऐसी अंग्रेजी, वीडियो देख भड़के यूजर्स बोले- ये खुद को किम कार्दशियन समझ रही है...

कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 को शुरू हुए पूरे 6 दिन हो चुके हैं। इन 6 दिनों में कई सेलेब्स ने रेड कारपेट पर अपना जलवा बिखेरा। इन्हीं में से एक थी बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आवाणी । अभिनेत्री ने वुमेन इन सिनेमा गाला डिनर में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया।सोशल मीडिया पर उनका लुक काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आई। एक तरफ जहां फैंस सोशल मीडिया पर उनके लुक की तारीफ कर रहे हैं तो वहीं, दूसरी तरफ अभिनेत्री को ट्रोल भी किया जा रहा है, जिसका कारण है उनके बात करने का तरीका।



**कियारा आडवाणी का कान्स वीडियो**

कियारा आडवाणी का कान्स फिल्म फेस्टिवल से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह मीडिया से बातचीत करती नजर आ रही हैं। इस दौरान अभिनेत्री का बोलने का तरीका पूरी तरह से बनावटी नजर आ रहा है। बस फिर क्या लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया।वीडियो में कियारा बोलती हैं, यह बहुत अच्छा है। अब मेरे करियर को एक दशक होने जा रहा है, इसलिए यह एक बहुत ही खास पल है। मैं पहली बार यहां कान्स में आकर और सिनेमा में महिलाओं के लिए रेड सी फाउंडेशन से सम्मानित किए जाने पर बहुत आभारी हूं।ञ्

हालांकि, कियारा आडवाणी का अंग्रेजी बोलने का तरीका लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। कई यूजर्स का कहना है कि अभिनेत्री बनावटी अग्रेंजी बोल रही हैं। एक यूजन ने लिखा, क्या कियारा खुद को किम कार्दशियन समझ रही है? एक अन्य यूजर ने लिखा, कान्स जाकर इसे क्या हो गया है। ये तो ऐसी नहीं थी।

**एक्ट्रेस की आने वाली फिल्में**

कियारा आडवाणी आखिरी बार कार्तिक आर्यन संग फिल्म सत्यप्रेम की कथा में नजर आईं थीं। अब वह जल्द राम चरण के साथ गेम चेंजर में नजर आएंगी। इसके अलावा रणवीर सिंह के साथ डॉन 3 में भी नजर आएंगी।

# प्रीति जिंटा

## के एक्स से शादी करने वालीं Suchitra Pillai ने बताया- आखिर क्यों लगा ब्वॉयफ्रेंड स्नैचर का ठप्पा



इंटरनेट मीडिया के इस दौर में कई बार कलाकारों के जीवन से जुड़े पुराने किस्से भी नए अंदाज में चर्चा में छा जाते हैं। ऐसा ही हाल ही में अभिनेत्री सुचित्रा पिल्लई के साथ हुआ।दरअसल, साल 1997 में एक मैगजीन ने कवर पर सुचित्रा की तस्वीर लगाकर उन्हें बायफ्रेंड स्नैचर (छीनने वाली) का तमगा दे दिया था। सुचित्रा को यह तमगा तब मिला, जब वह लंदन से आने के बाद एंड्रयू कॉइन को डेट करने लगी थीं। जबकि उनसे पहले एंड्रयू मॉडल अचला सचदेव के साथ रिलेशनशिप में रहे थे।

हाल ही में, एक साक्षात्कार के दौरान इस मामले पर बात करने के बाद सुचित्रा के ब्वॉयफ्रेंड स्नैचर वाला मामला अभिनेत्री प्रीति जिंटा से जोड़कर देखा जाने लगा। गौरतलब है कि सुचित्रा ने साल 2005 में लार्स केल्डसन से शादी की थी। सुचित्रा से पहले लार्स, प्रीति को डेट कर चुके थे।

**प्रीति से मामला जुड़ने पर बोलीं सुचित्रा पिल्लई**

सुचित्रा कहती हैं, यह बहुत पुरानी कहानी है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान मैंने इसका जिक्र किया तो यह फिर चर्चा में आ गई। मुझे नहीं पता कि लोग अभी क्यों बात का इतना बतंगड़ बना रहे हैं। यह साल 1997-98 की बात है। मैं यह क्लियर कर दूं कि इसका प्रीति जिंटा या मेरे पति से लेना-देना नहीं है। यह खबर एक पत्रिका के कवर पेज पर छपी थी। जिन्होंने (अचला सचदेव) मुझे यह बात बोली थी, उन्हें भी पता था कि यह झूठ है। बाद में उन्होंने ऐसा बोलने के लिए माफी मांगी थी। आज हम दोस्त भी हैं।

**ब्वॉयफ्रेंड स्नैचर कहने पर बिगड़ा करियर ?**

उस समय सुचित्रा करियर के शुरुआती पड़ाव पर थीं, फिर ऐसे नाम उछाले जाने के बाद खुद को कैसे संभाला? वह कहती हैं, ऐसा नहीं है कि मैं उस खबर से प्रभावित नहीं हुई थी। यह स्वाभाविक सी बात है कि लोग उस बारे में बातें करते हैं। बाद में उसी पत्रिका से मुझे फोन आया। उन्होंने पूछा कि क्या आप कवर पेज पर छपना और पूर्व में प्रकाशित खबर का खंडन करना चाहेंगी? तो मैंने कहा कि मैं ऐसा नहीं करूंगी। मैं खुद को आईने में देख सकती हूं। यह खबर बनाने वाली इंसान किसी और समस्या में फंस गई, तो सच्चाई खुद बाहर आ गई।ञ्

# अब उनके दिमाग में क्या है... तारक मेहता के सोढ़ी की घर वापसी पर आया शो के प्रोड्यूसर असित मोदी का रिएक्शन



पॉपुलर टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में रोशन सिंह सोढ़ी का रोल प्ले करने वाले एक्टर गुरुचरण सिंह की 25 दिन बाद घर वापसी हो गई है. उनके घर वापिस आने से उनके घरवाले और रिश्तेदार बहुत खुश हैं. इसके अलावा उनके शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा की कास्ट ने भी सोढ़ी के सही-सलामत घर वापस आ जाने के बाद राहत की सांस ली है. भले ही सोढ़ी पिछले कुछ सालों से इस शो का हिस्सा नहीं हैं लेकिन इसके बाद भी एक्टर के टर्म्स कास्ट और क्रू के साथ अच्छे हैं. अब सोढ़ी के वापिस आने की खुशी शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने भी जताई है.

**असित मोदी ने क्या कहा ?**

असित मोदी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि- मैं बहुत खुश हूं कि उनकी वापसी हो गई है. मैं उन्हें आगे के लिए शुभकामनाएं देता हूं. मैं उनके परिवार के साथ भी जुड़ा हुआ हूं. हम सभी इस बात से काफी परेशान थे कि वे कहां चले गए हैं, लेकिन अब जब वे आ गए हैं तो हम सभी ने भी राहत की सांस ली. मुझे ज्यादा डिटेल्स नहीं पता थी लेकिन हम उनके परिवार के लिए खुश हैं कि उनका बेटा वापिस आ गया है. अब उनके मन में क्या है ये तो मैं नहीं जानता. उनकी फीलिंग्स हम नहीं बता सकते.

**16 साल शो से जुड़े रहे**

तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो की बात करें तो इस शो में करीब 16 साल काम करने के बाद रोशन सिंह सोढ़ी ने शो छोड़ दिया था. लेकिन वे शो की कास्ट के साथ जुड़े हुए थे और कॉन्टैक्ट में रहते थे. रिपोर्ट्स की मानें तो घर छोड़ने के पहले उनकी माली हालत ठीक नहीं थी और वे डिप्रेशन में भी थे. उन्हें ढूंढ़ने में दिल्ली पुलिस लगी थी लेकिन पुलिस उन्हें ढूंढ़ने में नाकाम रही. वे खुद 25 दिन बाद वापिस अपने घर लौट आए.

# कपिल शर्मा के नए शो में क्यों नहीं दिखीं उनकी ऑन स्क्रीन पत्नी? अब दिया जवाब



पॉपुलर कॉमेडियन कपिल शर्मा के नए शो को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. ये शो ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आता है और अब इसके पहले सीजन की शूटिंग खत्म हो गई है. इस सीजन के कुछ एपिसोड्स ही आने रह गए हैं. शो में इस बार सुनील ग्रोवर की भी एंट्री हो गई. कपिल और सुनील के बीच विवाद के बाद दोनों के बीच बात बिगड़ गई थी. लेकिन कपिल के नए शो में दोनों का रीयूनियन देखने को मिला. मगर एक शख्स इस सीजन में देखने को नहीं मिली. वो थीं एक्ट्रेस सुमोना चक्रवर्ती. वे इस सीजन शो में नहीं जुड़ीं. अब एक्ट्रेस ने बताया है कि द कपिल शर्मा शो में कपिल की वाइफ का रोल प्ले करने वाली एक्ट्रेस नए सीजन में दिखाई नहीं दीं.एक्ट्रेस सुमोना चक्रवर्ती की बात करें तो उन्होंने इस बारे में बात करते हुए कहा- 'मेरे पास इसका जवाब नहीं है. मैं



जिस शो का हिस्सा थी वो किसी दूसरे चैनल पर आता था और वो शो जुलाई में बंद हो गया था. उसके बाद से मेरी खुद की जर्नी चल रही है. मैं खुद की चीजें करने लग गई थी, नेटवर्क बनाने लग गई थी. लोगों से मिलने लग गई थी.'

**फैन्स को कही ये बात**

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि- जब मैं कपिल शर्मा के नए शो में नहीं दिखी तो कई सारे लोग मेरे पास आए और उन्होंने मुझसे कहा कि वे मुझे मिस करते हैं. मुझे पता है कि फैन्स मुझे बहुत मिस कर रहे हैं. मैंने उनके मैसेज भी पढ़े हैं. वो क्षण जब मैं घर के बाहर कदम रखती हूं तो मुझे ऐसी बातें कहने वाले कई सारे लोग मिल जाते हैं. यही मेरे लिए सबसे बड़ी मोटिवेशन है कि मैं कुछ अलग और बेहतर करती रहूं. जब मैं पिछले साल लंदन में थी, तो कई सारे इंडियन्स मेरे पास आए और कहा कि बड़े अच्छे लगते हैं में उन्होंने अच्छा काम किया था. चाहें जो भी शो हो, जब जनता का इतना प्यार मिलता है तो बहुत अच्छा लगता है. आपको ऐसा लगता है कि आप कुछ अच्छा कर रहे हैं. किसी को ऐसा नहीं लगता था कि मैं अच्छी कॉमेडी कर सकती हूं.

## नहीं बिकेगी आपकी चहेती हल्दीराम, ऑफर्स से खुश नहीं हैं प्रमोटर्स

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की प्रसिद्ध नमकीन एवं स्नैक्स बनाने वाली कंपनी हल्दीराम अब नहीं बिकेगी. कंपनी के प्रमोटर्स उसे विभिन्न कंपनियों से मिले ऑफर्स के खुश नहीं हैं. इसलिए वह इसे बेचने का फैसला टाल सकते हैं. हल्दीराम को खरीदने के 69,138 करोड़ रुपये (8.3 अरब डॉलर) का वैल्यूएशन लगाया गया था. प्रमोटर फैमिली को यह धनराशि पसंद नहीं आई है. इसके चलते वह इन ऑफर्स को नकार सकते हैं.

**प्रमोटर इस वैल्यूएशन पर कंपनी बेचने को नहीं हैं तैयार**

निजी इक्विटी फर्मों ने हल्दीराम स्नैक्स फूड्स को खरीदने के लिए नॉन बाइंडिंग ऑफर दिए थे. बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, हल्दीराम के वरिष्ठ अधिकारियों ने दावा किया है कि प्रमोटर्स ने निजी इक्विटी कंपनियों से कह दिया है कि वे इस वैल्यूएशन पर कंपनी नहीं बेच रहे हैं. हल्दीराम से जुड़े एक सूत्र ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि प्रमोटर्स द्वारा कंपनी बेचने की खबरें सच नहीं हैं.

**ब्लैकस्टोन ने कंसोर्टियम बनाकर दिया था ऑफर**

हाल ही में आई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ब्लैकस्टोन , बेन कैपिटल और सिंगापुर की टेमासेक ने हल्दीराम स्नैक्स को खरीदने के लिए ऑफर दिए थे. रॉयटर्स के मुताबिक, पिछले साल सितंबर में टाटा कंज्यूमर ने भी हल्दीराम में 51 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए बात की थी. उस समय प्रमोटर्स ने कंपनी की कीमत 83,300 करोड़ रुपये (10 अरब डॉलर) लगा दी थी. इसके चलते बात नहीं बन पाई थी. कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टिंग से पहले पिछले साल अतिरिक्त 10 फीसदी हिस्सेदारी बेचने के लिए बेन कैपिटल के साथ भी बात की थी लेकिन, डील नहीं हो पाई.

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर खुशखबरी, 2.56 अरब डॉलर की हुई बढ़ोतरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस समय विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर भारत को खुशखबरी मिल रही है। बीते 10 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.561 अरब डॉलर की शानदार बढ़ोतरी हुई। अब अपना भंडार 644.15 अरब डॉलर का हो गया है।

**विदेशी मुद्रा भंडार में काफी बढ़ोतरी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि 10 मई को समाप्त सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में काफी बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान भंडार 2.561 अरब डॉलर से बढ़कर 644.151 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर रहा था। इसके पहले लगातार तीन सप्ताह इसमें गिरावट आई थी। पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का मुद्रा भंडार 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

वहीं, केंद्रीय बैंक के साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान विदेशी पूंजी भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा भंडार 1.488 अरब डॉलर से बढ़कर 565.648 अरब डॉलर हो गया।

**स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.07 अरब डॉलर बढ़ा**

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 10 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा भंडार 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 565.65 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.07 अरब डॉलर बढ़कर 55.95 अरब डॉलर हो गया।

## भारत-ब्रिटेन ने रणनीतिक वार्ता में एफटीए पर जताई प्रतिबद्धता, 2030 के रोडमैप की हुई समीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन ने एक बार फिर दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। भारत और ब्रिटेन के बीच सालाना होने वाली रणनीतिक बातचीत के लिए भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ब्रिटेन दौरे पर हैं। इस दौरान क्वात्रा ने ब्रिटेन के विदेश, कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस के स्थायी अवर सचिव सर फिलिप बार्टन से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद सर फिलिप बार्टन ने कहा कि दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर प्रतिबद्धता जताई गई। साथ ही साल 2030 के रोडमैप की समीक्षा भी की गई।

**2030 के रोडमैप की हुई समीक्षा**

सर फिलिप बार्टन ने कहा कि 2030 के रोडमैप की समीक्षा के दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने माना कि जनवरी में हुई बैठक के बाद इस दिशा में अच्छी प्रगति हुई है। जिसके तहत दुनिया की पहली मलेरिया वैक्सीन पर सहयोग बढ़ा है, साथ ही दोनों देशों ने जी20 की अध्यक्षता और छात्रों और उद्यमियों के लिए ज्यादा अवसर बनाने की दिशा में भी दोनों देशों ने मिलकर काम किया है। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते और रक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। गौरतलब है कि साल 2021 में भारत और ब्रिटेन के बीच 2030 के रोडमैप पर सहमति बनी थी। इसके तहत दोनों देश स्वास्थ्य, जलवायु, व्यापार, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे। एफटीए को लेकर दोनों देशों में अब तक 13 राउंड की बातचीत हो चुकी है और 14वें राउंड की बातचीत जनवरी में शुरू हुई थी। मुक्त व्यापार समझौते के तहत 26 अध्याय हैं, जिनमें सामान, सेवा, निवेश और बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे मुद्दों पर बात हो रही है।

# चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंडरा) ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। रेटिंग एजेंसी को पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर लगभग 6.9-7 फीसदी रहने का अनुमान है।

रेटिंग एजेंसी इंडरा के प्रमुख अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने रविवार को एक बयान में कहा, 'हम उम्मीद कर रहे हैं कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 6.7 फीसदी होगी और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल जीडीपी वृद्धि दर करीब 6.9-7 फीसदी होगी।' उन्होंने कहा कि पहली दो तिमाहियों में विकास दर को कम




आधार का फायदा मिला है, हालांकि तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 8.4 फीसदी की वृद्धि दर आश्चर्यजनक थी।

सरकार 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के लिए जीडीपी वृद्धि के शुरुआती आंकड़ों का अनुमान 31 मई को जारी करेगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में 8.2 फीसदी, जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.1 फीसदी और अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 8.4 फीसदी की दर से बढ़ी है।

## SEBI ने रिलायंस होम फाइनेंस पर 8 लाख का जुर्माना ठोका

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार की नियामक संस्था- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने रिलायंस होम फाइनेंस पर 8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना की रकम 45 दिनों के भीतर चुकाना होगा। सेबी ने अपने आदेश में कहा कि रिलायंस होम फाइनेंस ने 21 जून, 2021 के एनसीएलटी आदेश के संबंध में खुलासा नहीं किया है। एक दूसरे मामले में, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने पेशेवर कदाचार के लिए प्राइस



वॉटरहाउस के पांच सहयोगियों, दो अन्य संस्थाओं और दो व्यक्तियों के खिलाफ आदेश पारित किया है। इनमें प्राइस वॉटर हाउस, कोलकाता, प्राइस वॉटरहाउस एंड कंपनी, चेन्नई, प्राइस वॉटरहाउस एंड कंपनी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एलएलपी, व अन्य हैं। आदेश में कहा गया है कि संबंधित संस्थाएं बहुराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ मौजूदा व्यवस्था को तुरंत बंद कर दें, क्योंकि यह चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम के खिलाफ है।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.47 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,47,935.19 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,341.47 अंक या 1.84 प्रतिशत के लाभ में रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बीएसई ने प्राथमिक साइट पर प्रमुख व्यवधानों या विफलता से निपटने के लिए अपनी तैयारियों की जांच को 18 मई को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित किया। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का मूल्यांकन 40,163.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,212.90 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सप्ताह के दौरान 36,467.26 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार पूंजीकरण 19,41,110.70 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 26,492.61 करोड़ रुपये बढ़कर 7,64,917.29 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 21,136.71 करोड़ रुपये बढ़कर 11,14,163.29 करोड़



रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,570.68 करोड़ रुपये बढ़कर 7,94,404.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 7,815.51 करोड़ रुपये बढ़कर 5,99,376.39 करोड़ रुपये हो गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 4,057.54 करोड़ रुपये बढ़कर 5,44,895.67 करोड़ रुपये हो गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 2,231.15 करोड़ रुपये बढ़कर 7,32,576.77 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 16,588.94 करोड़ रुपये घटकर 13,92,963.69 करोड़ रुपये रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में 6,978.29 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,46,843.87 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

## चाबहार बंदरगाह समझौते के बाद ईरान भारत से निवेश की उम्मीद कर रहा है

**मुंबई।** चाबहार बंदरगाह संचालन पर दीर्घकालिक समझौते के बाद ईरान इस क्षेत्र में भारत से कुछ निवेश की उम्मीद कर रहा है। ईरान के कार्यवाहक महावाणिज्य दूत दावूद रेजाई एस्कंदरी ने यह बात कही।

उन्होंने बताया कि चाबहार बंदरगाह सौदा भारत के साथ उसके संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है। भारत ने 13 मई को इरान के चाबहार स्थित रणनीतिक बंदरगाह को संचालित करने के लिए 10 साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इससे देश को पश्चिम एशिया के साथ व्यापार का विस्तार करने में मदद मिलेगी। एस्कंदरी ने कहा, हमारा मानना है कि चाबहार बंदरगाह भारत और ईरान के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है और यह दोनों देशों के लिए अलग-अलग दृष्टिकोण से भी बहुत महत्वपूर्ण बंदरगाह है। उन्होंने कहा, ÷चाबहार बंदरगाह अनुबंध निश्चित रूप से ईरान के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। हम चाबहार क्षेत्र में कुछ निवेश की उम्मीद कर रहे हैं। एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।



## मांग के बराबर नहीं हो रही आपूर्ति, इस महीने तक बनी रहेगी दालों में महंगाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम लोगों को खाने-पीने की चीजों के मामले में अभी कुछ और समय तक महंगाई का सामना करना पड़ सकता है. खासकर दालों के मामलों में कीमतों में जल्दी नरमी आने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि दालों की आपूर्ति उनकी मांग के हिसाब से नहीं हो पा रही है.

**अक्टूबर तक नहीं मिलेगी राहत**

ईटी की एक रिपोर्ट में विशेषज्ञों के हवाले से यह आशंका जाहिर की गई है. बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि देश में दालों की कीमतें तब तक ज्यादा बनी रह सकती हैं, जब तक कि बाजार में नई फसल की आपूर्ति न शुरू हो जाए. नई फसलों की आवक अक्टूबर महीने में जाकर शुरू होगी. इसका मतलब हुआ कि अक्टूबर महीने से पहले दालों की कीमतों में नरमी की कोई गुंजाइश नहीं है.

**इस कारण दालों में ज्यादा महंगाई**

बकौल बाजार विशेषज्ञ, देश में अभी दालों की जितनी डिमांड है, उतनी सप्लाई नहीं हो पा रही है. मांग और आपूर्ति के असंतुलन के चलते दालों की कीमतें टाइट चल रही हैं. दालों की महंगाई के उच्च स्तर पर बने रहने से ओवरऑल खाद्य महंगाई पर भी असर हो रहा है.

**उत्पादन में भारत है नंबर वन**

अभी सरकार की ओर से दालों की कीमतों को काबू में रखने के काफी प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिल पा रही है. भारत दालों का सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन खपत उत्पादन से भी ज्यादा है. ऐसे में भारत को दालों का



आयात करना पड़ जाता है. 2022-23 के फसल वर्ष में देश में दालों का अनुमानित उत्पादन 26.05 मिलियन टन था, जबकि खपत का अनुमान 28 मिलियन टन था.

**पिछले महीने दालों की महंगाई**

अभी बाजार में तुर यानी अरहर, चना, उड़द आदि दालों में ज्यादा महंगाई दिख रही है. अप्रैल महीने में दालों की महंगाई 16.8 फीसदी रही थी. सबसे ज्यादा 31.4 फीसदी महंगाई अरहर दाल में थी. इसी तरह चना दाल में 14.6 फीसदी और उड़द दाल में 14.3 फीसदी की दर से महंगाई थी. फूड बास्केट में दालों का योगदान 6 फीसदी के आस-पास रहता है.

## सुप्रीम कोर्ट से टेलीकॉम कंपनियों को बड़ी राहत, बकाए इनकम टैक्स पर लगे ब्याज को किया माफ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लीकॉम कंपनियों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. देश की सुप्रीम अदालत ने टेलीकॉम कंपनियों के बकाए इनकम टैक्स पर लगे ब्याज को पूरी तरह से माफ कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा कि टेलीकॉम कंपनियों की ओर से चुकाई जाने वाली लाइसेंस फीस को इनकम टैक्स के लिहाज से कैपिटल एक्सपेंडिचर माना जाए. इससे देश की शीर्ष अदालत ने 16 अक्टूबर, 2023 को अपने फैसले में कहा था कि टेलीकॉम कंपनियां अपने प्रॉफिट का कुछ पर्सेंट हर साल लाइसेंस फीस के रूप में देती हैं. जिसे रेवेन्यू एक्सपेंडिचर के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा. रेवेन्यू एक्सपेंडिचर उस खर्च को कहते हैं जिसे कंपनियां अपना कारोबार बढ़ाने के लिए करती हैं.

**कोर्ट ने पहले क्या सुनाया था फैसला**

आईटी एक्ट में कंपनियों को हुए



ग्रॉस प्रॉफिट में से रेवेन्यू एक्सपेंडिचर हटाने की परमीशन मिली हुई है. वैसे कैपिटल एक्सपेंडिचर उसे कहते हैं जिसे कंपनियां अपना कारोबार बढ़ाने के लिए करती हैं. इस रकम को कंपनी की कमाई से कम नहीं किया जाता है. चूंकि, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक टेलीकॉम कंपनियों की लाइसेंस फीस एक तरह का कैपेक्स है. जिसकी वजह से टेलीकॉम कंपनियां इसे अपनी अपनी सालाना कमाई से कम नहीं कर सकती हैं.

**दाखिल की थी याचिका**

इस आदेश के बाद टेलीकॉम कंपनियों ने सुप्रीम कोर्ट दरवाजा खटखटाया और याचिका दाखिल की. इस याचिका में इनकम टैक्स के बकाए पर लगे ब्याज को माफ करने की प्रार्थना की गई थी. कंपनियों कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उनकी टैक्सेबल इनकम पर काफी असर देखने को मिलेगा. इससे शुरुआती सालों में टेलीकॉम कंपनियों की टैक्सेबल इनकम में काफी इजाफा हो जाएगा.

**कंपनियों की दलील**

टेलीकॉम कंपनियों की ओर से यह दलील दी गई थी कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उनकी इनकम टैक्स लायबिलिटी काफी बढ़ जाएगी. जिससे कंपनियों पर आईटी एक्ट के प्रावधान के अनुसार काफी ब्याज भी लग जाएगा. कोर्ट के फैसले के बाद से चला आ 20 साल का पूरा मैकेनिज्म बदल गया था. असर ये होता कि ?कंपनियों को उस पूरे पीरियड का भी ब्याज चुकाना पड़ता. याचिका के अनुसार टेलीकॉम की ओर से भुगतान किया जाने वाला ब्याज एसेसमेंट ईयर में लागू हुए टैक्स से ज्यादा होगा. जिसकी वजह से टेलीकॉम कंपनियों को काफी फाइनेंशियल मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं.

# एक साल में निवेशकों को किया साढ़े 3 गुना अमीर, अब पीएफसी के स्टॉक में ये गुंजाइश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ समय के दौरान कई सरकारी शेयरों ने निवेशकों को मालामाल किया है. हाल-फिलहाल में जो सरकारी शेयर मल्टीबैगर बनने में कामयाब हुए हैं, उनमें पावर मिनिस्ट्री के तहत आने वाले पीएफसी का भी नाम शामिल है. इस शेयर ने बीते दिनों शानदार रिटर्न दिया है.

**एक सप्ताह में 12 पर्सेंट मजबूत**

पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन यानी पीएफसी का शेयर शनिवार 18 मई को 2.22 फीसदी की तेजी के साथ 464.90 रुपये पर बंद हुआ. यह पीएफसी के 52-वीक के हाई लेवल 485.50 रुपये के काफी करीब है. बीते 5 दिनों में ही यह शेयर 12 फीसदी से ज्यादा ऊपर जा चुका है, जबकि पिछले एक महीने के दौरान यह शेयर लगभग 17 फीसदी के फायदे में है.

**250 फीसदी से ज्यादा की तेजी**

पीएफसी के शेयर अभी बीते 6 महीने के हिसाब से लगभग 44 फीसदी के और इस साल की



शुरुआत से अब तक लगभग 18 फीसदी के फायदे में हैं. बीते एक साल के हिसाब से इसकी तेजी बेमिसाल साबित होती है. इस दौरान शेयर का भाव शानदार 250.81 फीसदी से ज्यादा ऊपर चढ़ा है. यानी इस दौरान शेयर का भाव साढ़े 3 गुने से भी ज्यादा मजबूत हुआ है. साल भर पहले इसका एक शेयर सिर्फ 132.52 रुपये का था.

**अभी इतना चढ़ सकता है शेयर**

हालिया तेजी के बाद कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर 1.54 लाख करोड़ रुपये हो गया है. कंपनी के शेयरों में ब्रोकरेज को अभी और गुंजाइश दिख रही है. ब्रोकरेज फर्म एलारा कैपिटल ने इस सरकारी शेयर को 569 रुपये का टारगेट दिया है. यह मौजूदा स्तर से करीब 30 फीसदी ऊपर है. यानी एलारा कैपिटल को लगता है कि पीएफसी का शेयर मौजूदा स्तर से लगभग 30 फीसदी ऊपर जा सकता है.

**मार्च तिमाही में वित्तीय प्रदर्शन**

कंपनी ने बीते सप्ताह ही मार्च तिमाही का रिजल्ट जारी किया है. वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में पीएफसी का शुद्ध मुनाफा 23.29 फीसदी बढ़कर 7,556.43 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. इस दौरान कंपनी का राजस्व साल भर पहले के स्तर से 20.34 फीसदी की तेजी के साथ 24,141.40 करोड़ रुपये रहा.

# बायजू का संकट और बढ़ा, दो बड़े नाम छोड़ेंगे एडटेक कंपनी का साथ

एजेंसी

**मुंबई।** संकट में फंसी एडटेक कंपनी बायजू के लिए एक और बुरी खबर है. बायजू की पैरेंट कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड के सलाहकार पैनल में शामिल दो बड़े नाम रजनीश कुमार और टीवी मोहनदास पई उसे बीच भंवर में छोड़कर जाना चाहते हैं. पिछले साल कंपनी से जुड़े इन दोनों दिग्गजों का कार्यकाल 30 जून को खत्म हो रहा है. उन्होंने इसे आगे न बढ़ाने की इच्छा जताई है.

**पिछले साल जुड़े थे रजनीश कुमार और टीवी मोहनदास पई**

पिछले साल जून में बायजू के फाउंडर बायजू रविंद्रन के सलाहकार के तौर पर रजनीश कुमार और टीवी मोहनदास पई ने कंपनी ज्वॉइन की थी. उस समय कंपनी वित्तीय संकटों में फंसी थी और कई शेयरहोल्डर्स का बायजू रविंद्रन के साथ झगड़ा बढ़ चुका था. कंपनी के खिलाफ कई केस शुरू हो चुके थे. साथ ही कई बड़े नाम कंपनी छोड़कर जा चुके थे.




इसके बाद एसबीआई के पूर्व चेयरमैन रजनीश कुमार और इंफोसिस के पूर्व सीएफओ मोहनदास पई को सलाहकार समिति में लाया गया था.

**कंपनी के खिलाफ चल रहे केस बने इनके जाने का कारण**

लाइव मिंट की रिपोर्ट के अनुसार, इन दोनों दिग्गजों ने अपने निर्णय की जानकारी थिंक एंड लर्न के बोर्ड को दे दी है. सूत्रों के अनुसार, इन दोनों के जाने का बड़ा कारण बायजू के खिलाफ देश और विदेश में चल रहे केस हैं. बायजू के कुछ बड़े शेयरहोल्डर्स बायजू रविंद्रन को पद से हटाना चाहते हैं. सलाहकार समिति का मुख्य काम कंपनी की वित्तीय स्थिति सुधारना, नई टीम बनाना और शेयरहोल्डर्स से बातचीत करना था. मगर, कानूनी विवादों के चलते अभी तक इनमें से किसी में भी सफलता नहीं मिली है.

**कंपनी में बड़े पैमाने पर छंटनी, मुश्किल से मिलती है सैलरी :**बायजू का उत्थान और पतन दोनों ही भारतीय कारोबार जगत में अद्भुत कहानियां हैं. तेजी से बढ़ते हुए इस स्टार्टअप ने साल 2022 तक 22 अरब डॉलर का मार्केट वैल्यूएशन हासिल कर लिया था. मगर, इस साल कंपनी की वैल्यूएशन सिर्फ 1 अरब डॉलर आंकी गई थी. साथ ही फोर्ब्स ने बायजू रविंद्रन की नेट वर्थ भी जीरो कर दी है. कंपनी में बड़े पैमाने पर छंटनी हुई है और हर महीने मुश्किल से स्टाफ की सैलरी मिल पाती है.

# सरकारी बैंकों के मर्जर पर नहीं चल रहा विचार, प्राइवेटाईजेशन है लक्ष्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पिछले कुछ सालों में कई सरकारी बैंकों का आपस में विलय कर दिया है. इसकी वजह से अब देश में सरकारी बैंकों की संख्या घटकर 12 रह गई है. साल 2017 तक देश में 27 पब्लिक सेक्टर बैंक थे. हालांकि अब आगे सरकारी बैंकों के मर्जर नहीं किए जाएंगे. बैंकिंग सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए सरकार के दिमाग में कुछ और ही चल रहा है. अब सरकार पब्लिक सेक्टर बैंकों के प्राइवेटाईजेशन को लक्ष्य बनाकर चल रही है. इस प्लान पर वित्त वर्ष 2025 में ही काम शुरू हो सकता है.

**फिलहाल किसी सरकारी बैंक के विलय का प्रस्ताव नहीं**

लाइव मिंट ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि फिलहाल किसी सरकारी बैंक के विलय का प्रस्ताव नहीं है. पिछले हफ्ते इंफॉर्मिस्ट मीडिया ने भी दावा किया था कि यदि भाजपा सत्ता में आती है तो वित्त मंत्रालय सरकारी बैंकों का विलय करेगा. पिछली बार हुए मर्जर के चलते बैंकों की वित्तीय स्थिति में सुधार आया है. मर्जर से पहले अधिकतर बैंक भारी भरकम एनपीए के तले दबे हुए थे. इसके चलते सरकार ने इन बैंकों में न सिर्फ पूंजी डाली बल्कि बड़े पैमाने पर बैंकों का विलय भी किया था. इसके चलते बैंकों के ऑपरेशनल और एडमिनिस्ट्रेटिव खर्चे बचे. साथ ही उनका कैपिटल बेस भी मजबूत हुआ था.

**आईडीबीआई बैंक का विनिवेश सबसे पहले होगा**

सूत्रों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में सरकार आईडीबीआई बैंक का विनिवेश प्राथमिकता पर करेगी. सरकार के पास फिलहाल इस बैंक की 45 फीसदी और एलआईसी के पास 49.24 फीसदी हिस्सेदारी है. यह दोनों मिलाकर आईडीबीआई बैंक का 60.7 फीसदी हिस्सा बेचना चाहते हैं. इसके चलते यह प्राइवेट सेक्टर का बैंक हो जाएगा. सीएसबी बैंक कोटक महिंद्रा बैंक और एमिरेट्स एनबीडी ने इस हिस्सेदारी को खरीदने की इच्छा जताई थी.

**बैंक अब प्रॉफिट बना रहे, उनका एनपीए भी हुआ कम**

पिछले अक्टूबर में भी मिंट ने बैंकों के प्राइवेटाईजेशन प्लान की जानकारी दी थी. रिपोर्ट में कहा गया था कि बैंक अब प्रॉफिट बना रहे हैं. उनका एनपीए भी कम हुआ है. इसलिए सरकार ने निजीकरण के लिए वित्त मंत्रालय, नीति आयोग और आरबीआई के नेतृत्व में एक समिति का गठन भी किया था. सूत्रों ने दावा किया है कि अभी आईडीबीआई के अलावा किसी और बैंक के निजीकरण का प्रस्ताव नहीं है. मगर, भविष्य में ऐसा हो भी सकता है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी वित्त वर्ष 2021-22 का बजट पेश करते समय दो सरकारी बैंकों और एक जनरल इंश्योरेंस कंपनी के निजीकरण की इच्छा जताई थी।

# ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री की हेलिकॉप्टर हादसे में मौत

एजेंसी

**दुबई।** ईरान के उत्तर-पश्चिम स्थित पहाड़ी क्षेत्र में हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हुए राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री और अन्य लोग दुर्घटनास्थल पर मृत पाए गए। देश के सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। रईसी 63 वर्ष के थे।

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब रईसी और सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व में ईरान ने पिछले महीने इजराइल पर एक जबरदस्त ड्रोन और मिसाइल हमला किया था। इसके अलावा ईरान का यूरेनियम संवर्धन भी हथियार बनाने के लिए आवश्यक स्तर के करीब पहुंच गया है। इसकी वजह से देश और पश्चिमी देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है। तेहरान ने यूक्रेन युद्ध के लिए रूस को बम ले जाने वाले ड्रोन की आपूर्ति भी की और पूरे क्षेत्र में सशस्त्र मिलीशिया समूहों को भी भेजा। ईरान को खराब अर्थव्यवस्था और महिला अधिकारियों को लेकर उसके शिया धर्मतंत्र के खिलाफ पिछले कुछ वर्षों में





व्यापक पैमाने पर प्रदर्शन का सामना भी करना पड़ा है जिससे मद्देनजर इस हादसे के परिणाम तेहरान और देश के भविष्य के लिए कहीं अधिक गंभीर हो सकते हैं। रईसी ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे। सरकारी टीवी ने पूर्वी अजरबैजान प्रांत में हुए इस हादसे का कोई कारण अभी नहीं बताया है। उसने बताया कि इस हादसे में रईसी के साथ जिन लोगों के शव मिले हैं, उनमें ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन (60) भी शामिल हैं। सरकारी समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार, रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री अमीराब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर एवं अन्य अधिकारी और अंगरक्षक भी यात्रा कर रहे थे। तुर्किये के प्राधिकारियों ने सोमवार की सुबह ड्रोन से ली एक फुटेज जारी की जिसमें जंगल में आग लगी दिखायी दी। उन्होंने इसके ''हेलीकॉप्टर का मलबा होने का संदेह'' जताया। उन्होंने एक दुर्गम पहाड़ी पर अजरबैजान-ईरान सीमा से करीब 20 किलोमीटर दक्षिण में यह आग लगी होने की जानकारी दी। आईआरएनए द्वारा सोमवार को सुबह जारी फुटेज में दुर्घटनास्थल को एक हरित पर्वतीय क्षेत्र में एक दुर्गम घाटी बताया गया। स्थानीय अजेरी भाषा में सैनिकों को यह बोलते सुना गया, ''यह वही है, हमने इसे ढूंढ लिया है।''

इससे पहले रविवार रात को खामेनेई ने लोगों से दुआएं करने का आग्रह किया था। खामेनेई ने कहा था, हमें उम्मीद है कि अल्लाह के करम से राष्ट्रपति और उनके सहयोगी पूरी तरह स्वस्थ स्थिति में देश लौटेंगे।

बहरहाल, उन्होंने यह भी कहा कि चाहे कोई भी स्थिति हो, ईरान की सरकार का कामकाज जारी रहेगा। ईरान के संविधान के तहत, यदि राष्ट्रपति का निधन हो जाता है तो ईरान का प्रथम उपराष्ट्रपति पदभार संभालता है और 50 दिन के भीतर नया राष्ट्रपति चुनाव कराया जाएगा। सरकारी मीडिया के अनुसार, प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मुखबीर को रईसी की अनुपस्थिति में अधिकारियों और विदेशी सरकारों के फोन भी आने लगे हैं। पूर्व में देश की न्यायपालिका का नेतृत्व कर चुके कट्टरपंथी रईसी (63) को खामेनेई के शिष्य के रूप में देखा जाता था और कुछ विश्लेषकों का कहना था कि खामेनेई के निधन या इस्तीफे के बाद वह 85 वर्षीय नेता की जगह ले सकते थे। रईसी ने 2021 में राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता था। उस दौरान ईरान के इतिहास में अब तक का सबसे कम मतदान हुआ था। अमेरिका ने ईरान-इराक युद्ध के अंत में 1988 में हजारों राजनीतिक कैदियों की सामूहिक फांसी में शामिल होने के कारण रईसी पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## लेबनान में इजरायली हवाई हमले में आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के दो सदस्यों की मौत, दो घायल

एजेंसी

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी मरून अल-रास गांव के एक घर पर इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह के दो सदस्य मारे गए और दो अन्य घायल हो गए हैं। समचार एजेंसी ने यह जानकारी लेबनानी सैन्य सूत्रों के हवाले से दी है। सूत्रों ने कहा कि एक इजरायली युद्धक विमान ने मारून अल-रास में दो मंजिला घर पर चार मिसाइलें दागीं, जिससे घर नष्ट हो गया और लोग हताहत हुए।



## प्रधानमंत्री को विश्वास का मत लेने से रोकने का विपक्षी मोर्चा का निर्णय

**काठमांडू।** सत्तापक्ष और विपक्षी दलों के बीच संभावित सहमति नहीं होने से प्रधानमंत्री द्वारा संसद में लिए जाने वाले विश्वास के मत पर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। सहकारी घोटाले में गृहमंत्री की संलग्नता की जांच के लिए संसदीय समिति के गठन पर सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों के बीच सहमति तो बन गई थी लेकिन उसमें गृहमंत्री का नाम रखने और नहीं रखने को लेकर सहमति नहीं बन पाने के कारण संसद का अवरोध जारी रखने का निर्णय किया गया है। विपक्षी दलों की बैठक के बाद नेपाली कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने पत्रकार सम्मेलन कर कहा कि सोमवार को प्रधानमंत्री द्वारा विश्वास का मत लेने का विरोध किया जाएगा। थापा ने कहा कि कल सुबह 11 बजे तक यदि संसदीय समिति पर सहमति जुटती है तो ठीक वरना सदन में तोई भी कार्वाही नहीं चलने दी जाएगी।

प्रधानमंत्री के तरफ से सोमवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास का मत लेने की कार्यसूची रखी गई है। प्रधानमंत्री प्रचण्ड पांचवीं बार सदन में विश्वास का मत लेने जा रहे हैं। प्रचण्ड को समर्थन कर रहे जनता समाजवादी पार्टी नेपाल के तरफ से समर्थन वापस लेने के बाद संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक 30 दिन के भीतर विश्वास का मत लेना है। तेजी से बदलते राजनीतिक हालात ते बीच प्रधानमंत्री समर्थन वापस लेने के एक हफ्ते बाद ही विश्वास का मत ले रहे हैं।

## ईरान के राष्ट्रपति रायसी के हेलिकॉप्टर दुर्घटना की जांच में मदद करने को तैयार हैं: रूस

**मास्को।** रूस ने कहा है कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी को ले जा रहे लापता हेलिकॉप्टर को खोजने और दुर्घटना के कारणों की जांच करने में आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने रविवार को कहा कि रूस ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी को ले जा रहे लापता हेलिकॉप्टर को खोजने और दुर्घटना के कारणों की जांच करने में आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। इससे पहले ईरानी मीडिया ने बताया कि श्री रायसी, ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन और उनके साथियों को ले जा रहा हेलिकॉप्टर उत्तर-पश्चिमी ईरान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। ईरान के आंतरिक मंत्री अहमद वाहिदी ने बाद में दुर्घटना की पुष्टि की। रिपोर्ट में कहा गया है कि बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गए हैं, लेकिन खराब मौसम की वजह से तलाशी अभियान में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने ÷हम तीसरे हेलिकॉप्टर के यात्रियों के बारे में आ रही जानकारी की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं, जिनमें राष्ट्रपति रायसी सहित ईरान के उच्च पदस्थ प्रतिनिधि भी शामिल है। हमें पूरी उम्मीद है कि वे जीवित हैं, और उनका जीवन और स्वास्थ्य खतरे में नहीं है। सुश्री ज़खारोवा ने कहा, ÷रूस लापता हेलिकॉप्टर को खोजने और घटना के कारणों की जांच में सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

## कनाडा में नाव दुर्घटना में 3 की मौत, 5 घायल

**ओटावा।** कनाडा में रात हुई एक नाव दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। यह दुर्घटना कनाडा की राजधानी ओटावा से लगभग 140 किमी



दक्षिण में बॉब्स झील के क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार रात 9:30 बजे (0130 जीएमटी) के बाद हुई। स्थानीय पुलिस ने कहा, एक नाव को ओपन बो फिशिंग स्टाइल बोट और दूसरे को स्पीड बोट बताया जा रहा है।

सीटीवी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने कहा कि तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और पांच अन्य को अस्पताल ले जाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि टक्कर के कारण की जांच की जा रही है।

## उ. मिस्र में दुर्घटना में छह की मौत, 13 घायल

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा के उत्तर में कल्यूबिया गवर्नरेट के शुबरा अल-खेमा इलाके में रिंग रोड



पर एक बस ने पैदल यात्रियों को कुचल दिया, जिससे छह लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। सरकारी अहराम ऑनलाइन की रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित सड़क के किनारे खड़े थे, तभी चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस ने लोगों को कुचल दिया। सार्वजनिक अभियोजन ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। बस के चालक को हिरासत में ले लिया गया और नशीली दवाओं का परीक्षण करने का आदेश दिया गया।

## 'भारी शुल्क' की वजह से निलंबित हैं भारत के साथ व्यापारिक संबंध : इशाक डार

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा है कि पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान से आयात पर भारत द्वारा 'भारी शुल्क' लगाए जाने के कारण दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध 2019 से निलंबित हैं।

नेशनल असेंबली में एक लिखित उत्तर में डार ने कहा,'पुलवामा हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान से आयात पर 200 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला किया, कश्मीर बस सेवा और सीमापार व्यापार को निलंबित कर दिया। डार पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री भी हैं।

अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, डार पाकिस्तान पीपल्स पार्टी की सांसद शर्मिला फारुकी के उस सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्होंने पड़ोसी देशों, खासकर भारत के साथ पाकिस्तान के संबंधों में आने वाली व्यापारिक चुनौतियों के बारे में



जानकारी मांगी थी। मार्च में लंदन में एक संवाददाता के दौरान डार ने भारत के साथ व्यापारिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए पाकिस्तान के व्यापारिक समुदाय की उत्सुकता पर प्रकाश डाला था। हालांकि, उनके कार्यालय ने बाद में स्पष्ट किया था कि पाकिस्तान की भारत के साथ व्यापार संबंधों को फिर से शुरू करने की कोई योजना नहीं है।

## चीन ने ताइवान को हथियार बेचने के लिए अमेरिका की बोइंग और दो रक्षा कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के लिए सोमवार को बोइंग और अमेरिका की दो रक्षा कंपनियों के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की। बीजिंग, ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के लिए रक्षा कंपनियों के खिलाफ हाल के वर्षों में प्रतिबंधों की घोषणा कर चुका है। इसी कड़ी में चीन ने ये नये प्रतिबंध लागू किये हैं। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, जिसे चीन अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है।

चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी यूनिट, जनरल एटमिक एयरोनॉटिकल सिस्टम्स और जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स पर भविष्य में अपने देश में निवेश करने और कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन व अधिकारियों की यात्रा पर रोक लगा



दी। चीन ने इन तीनों कंपनियों को 'अविश्वसनीय संस्थाओं' की सूची में भी डाल दिया। ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने उन्नत लड़ाकू विमानों और अन्य प्रौद्योगिकी के आयात व अपने घरेलू रक्षा उद्योग को मजबूत कर देश की सुरक्षा को मजबूत करने का संकल्प लिया है। चीन ने अप्रैल में जनरल एटमिक एयरोनॉटिकल सिस्टम्स और जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स की परिसंपत्तियों पर रोक लगा दी थी।

## 'फिलिस्तीन में नरसंहार बंद करो...', ब्रसेल्स में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

एजेंसी

**ब्रुसेल्स।** गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग करते हुए विभिन्न यूरोपीय देशों के हजारों प्रदर्शनकारियों ने ब्रुसेल्स में प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों ने 'फिलिस्तीन में नरसंहार बंद करो', 'प्रतिरोध' और 'फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता' जैसे नारे लगाते हुए गारे डु नॉर्ड से यूरोपीय क्वार्टर में प्लेस जीन रे तक जूलूस निकालकर प्रदर्शन किया है। बेल्जियम-फिलिस्तीनी एसोसिएशन, फ्रेंच और डच भाषी अम्ब्रेला संगठन सीएनसीडी-11.11.11 और फिलिस्तीनी समूह सहित नागरिक समाज संगठनों द्वारा आयोजित प्रदर्शन में लगभग 40,000 प्रदर्शनकारियों ने हिस्सा लिया।

आयोजकों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्थायी युद्धविराम का रास्ता निकालने, नागरिकों की रक्षा करने और बंधकों को मुक्त करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया।



उन्होंने गाजा पट्टी की नाकाबंदी को समाप्त करने और फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए बढ़ावा देने की भी मांग की। वोलुवे सेंट-लैंबर्ट में सीएनसीडी-11.11.11 के अध्यक्ष जॉर्जेस डी स्मुल ने कहा कि इस मुद्दे का मुख्य कारण है कि 70 वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र द्वारा फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता नहीं दी थी।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि फिलिस्तीन को देश का दर्जा पाने का वैध अधिकार है। इसके अलावा, संगठनों ने यूरोपीय संघ और उसके सदस्य देशों से इजरायल पर पूर्ण अंतरराष्ट्रीय सैन्य प्रतिबंध लगाने और उसके खिलाफ आर्थिक और राजनयिक प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। बेल्जियम-फिलिस्तीनी एसोसिएशन के प्रवक्ता ग्रेगरी माउज ने कहा, यूरोपीय संघ इजरायल का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और सक्रिय भूमिका निभाने और अधिकांश अंतरराष्ट्रीय संस्थानों और गैर सरकारी संगठनों द्वारा इस नरसंहार रोकने के लिए दबाव बनाने का महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

गौरतलब है कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजरायल-हमास का संघर्ष शुरू होने के बाद से बेल्जियम में बड़े पैमाने पर छठा विरोध प्रदर्शन हुआ है। आयोजकों ने आशा व्यक्त किया कि अंतरराष्ट्रीय दबाव से युद्धविराम और फिलिस्तीनी आबादी को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि गाजा में हो रहे इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35,386 तक पहुंच गयी है।

## यूक्रेन-रूस के बीच हमले तेज

एजेंसी

**कीव।** रूस ने अपने क्षेत्र में यूक्रेन के लगभग 60 ड्रोन और कई मिसाइल मार गिराने का दावा किया है जबकि कीव ने कहा है कि उसने 30 से अधिक रूसी ड्रोन नष्ट किए हैं। खार्किव के बाहरी इलाके में एक हमले में रविवार को कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है। रूस ने यूक्रेन के युद्धग्रस्त उत्तर-पूर्व इलाके में नए सिरे से आक्रमण शुरू कर दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी हवाई सुरक्षा ने दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में रात भर में 57 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। स्थानीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन का मलबा स्लावियांस्क-ऑन-क्यूबन शहर में एक तेल रिफाइनरी पर गिरा,



लेकिन इससे आग की कोई घटना अथवा किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। रिफाइनरी में एक विस्फोट दिखाया गया, क्योंकि इससे एक ड्रोन टकराया। वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद रूस के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप पर लंबी दूरी की नौ बैलिस्टिक मिसाइल और एक ड्रोन नष्ट कर दिया गया, जिससे सेवस्तोपोल शहर में बिजली कट गई। यूक्रेन की सीमा से लगे बेलगोरोद क्षेत्र में तीन और ड्रोन मार गिराए गए। क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव के अनुसार, ड्रोन का मलबा गिरने से एक चर्च की छत पर आग लग गई, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

## अफगानिस्तान में भारी बारिश से आई अचानक बाढ़ से 84 की मौत

एजेंसी

**अफगानिस्तान।** उत्तरी अफगानिस्तान में असामान्य रूप से हुई भारी बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ में कम से कम 84 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी तालिबान के एक प्रवक्ता ने दी।

फरयाब प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता इस्मतुल्ला मुरादी ने कहा कि शनिवार रात प्रांत के चार जिलों में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ में कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए, आठ लोग लापता है। उन्होंने बताया कि अन्य लोगों की मौत शुक्रवार को आई बाढ़ में हुई।

मुरादी ने कहा कि 1,500 मकान पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि बर्बाद हो गई है और 300 से



अधिक पशु मारे गए हैं। अफगानिस्तान में असामान्य रूप से भारी मौसमी बारिश हो रही है। पश्चिमी प्रांत गोर के गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद हमास के अनुसार, बुरी तरह प्रभावित प्रांत में आई बाढ़ से 50 लोगों के मरने की खबर है।

## कांगो में तख्तापलट की कोशिश नाकाम, तीन मारे गए

एजेंसी

**किन्शासा।** कांगो में सुबह तख्तापलट के प्रयास को सेना ने नाकाम कर दिया है। इस संबंध में सेना ने बताया कि रविवार सुबह तख्तापलट की कोशिश को विफल कर दिया। इसके साथ ही सैन्य वर्दी में हथियारबंद लोगों और कांगो के राष्ट्रपति के करीबी सुरक्षाकर्मियों के बीच गोलीबारी में तीन लोगों के मारे जाने के बाद कई अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जिनमें विदेशी लोग भी शामिल हैं।

स्थानीय मीडिया ने शुरुआत में हथियारबंद लोगों की पहचान कांगो के सैनिकों के रूप में की लेकिन फिर बताया कि वे स्व-निर्वासित विपक्षी नेता क्रिश्चियन मलंगा से जुड़े लोग



हैं। हालांकि मलंगा ने बाद में फेसबुक पर राष्ट्रपति फेलिक्स त्सेसीकेदी को धमकी देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया।

इससे पहले दिसंबर में अराजकता के बीच हुए मतदान में त्सेसीकेदी को फिर से राष्ट्रपति चुना गया था। पुनर्मतदान की विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया गया था। मध्य अफ्रीकी देश में पहले भी चुनावों में इसी तरह का विवाद देखने को मिला है। कांगो की सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल सिल्वेन एकेंगे ने रविवार को सरकारी टेलीविजन पर कहा कि तख्तापलट की कोशिश को कांगो के रक्षा और सुरक्षाबलों ने शुरुआत में ही विफल कर दिया एवं स्थिति नियंत्रण में है। इस बीच स्व-निर्वासित मलंगा का एक वीडियो सामने आया जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति को धमकी दी, फेलिक्स तुम्हारी सत्ता खत्म, हम आ रहे हैं। मलंगा के आसपास सैन्य वर्दी में कई लोग खड़े दिखाई दिए।

## रूसी वायु रक्षा ने 9 एटीएसीएमएस मिसाइलों, 61 ड्रोनों को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा ने रात 9 एटीएसीएमएस मिसाइलों और 61 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, पिछली रात में, रूसी



संघ के क्षेत्र में लक्ष्यों के खिलाफ अमेरिकी एटीएसीएमएस परिचालन-सामरिक मिसाइलों और फिक्स्ड-विंग मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के कीव शासन द्वारा कई प्रयासों को रोका गया। वायु रक्षा प्रणालियों ने क्रीमिया गणराज्य के क्षेत्र में नौ एटीएसीएमएस परिचालन-सामरिक मिसाइलें और एक ड्रोन और बेलगोरोड क्षेत्र के क्षेत्र में तीन ड्रोन को नष्ट कर दिया, जबकि क्रास्नोडार क्षेत्र में 57 ड्रोन नष्ट कर दिए गए और रोक दिए गए।

## दुबई में धूमधाम से मनाई गई महाकवि सूरदास की जयंती

एजेंसी

**दुबई,।** संयुक्त अरब अमीरात के प्रमुख शहर दुबई में महाकवि सूरदास की 547वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भारत के विभिन्न प्रांतों की संस्कृतियों को समागम भी देखने को मिला। कार्यक्रम में हवेली संगीत, गद्य-पद्य प्रस्तुतीकरण के साथ महिलाओं एवं बच्चों ने नृत्य नाटिका का भी मंचन किया।

दुबई के बर-दुबई स्थित मीना बाजार के सिंधी कम्युनिटी हॉल में कीर्तन साहित्य सभा के संस्थापक प्रज्ञान पुरुष डॉ. साहित्य चतुर्वेदी के नेतृत्व और ग्लोबल भारत फेस्टिवल ग्रुप के तत्वावधान में महाकवि सूरदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. साहित्य चतुर्वेदी ने बताया कि हिंदी भाषा के महाकवि सूरदास ने मथुरा में रह कर पांच सौ वर्ष पूर्व हवेली संगीत के रूप में भक्तिधारा प्रवाहित की थी। आज पहली बार अरब देश की धरा पर उसी भक्तिधारा का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोस्वामी गोविंद राय जी (भक्तिसेतु हवेली, वापी) ने की।

जयंती का कार्यक्रम तीन भागों में विभाजित किया गया। पहले सत्र में श्रीनाथजी की हवेली के श्रद्धालु भक्तगण, पुष्टि परिवार ग्रुप, सिंधी



समाज ग्रुप ने अपनी भक्तिमयी प्रस्तुतियां दीं। कायक्रम में डॉ. साहित्य चतुर्वेदी और उनकी मंडली ने हवेली संगीत की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश, गुजरात, सिंध, राजस्थान आदि संस्कृतियों के प्रतिनिधियों ने भी कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इन कार्यक्रमों में जया मेथानी, राहुल भार्गव, सचिन जोशी, विवेक देसाई, बावू भाई, मिहीर भाई, नीलम गांधी, चन्द्रिका भाटिया, जयश्री काराणी, काशमीरा, वर्षावेन, जिग्ना वेन एवं उनके साथियों की प्रमुख भूमिका रही।

जयंती समारोह के दूसरे सत्र में नगर की महिला उद्यमी एवं लेखिका कुसुम दत्ता, कवयित्री ललिता मिश्रा, लेखिका डॉ. आरती गोयल आदि प्रमुख साहित्यकारों ने महाकवि सूरदास और उनकी भक्तिधारा पर अपने विचार रखे और काव्यपाठ किया। इस सत्र का संचालन कॉर्पोरेट ट्रेनर एवं लेखिका अनु बाफना ने किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में महाप्रभु वल्लभाधीश गोविंदराय की वाणी ने सभी वैष्णवों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने सूरदास की दिव्यदृष्टि के दिलचस्प प्रसंग सुनाये और स्तुतिगान किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजकों ने घोषणा की कि संस्था आने वाले वर्षों में अन्य अष्टछाप कवियों की भी पंच शताब्दी समारोह आयोजित करेगी। समारोह में आमंत्रित अतिथियों- काउंसलर आफ इंडिया विजेन्द्र सिंह, डेलीगेट उत्तर प्रदेश पंकज जायसवाल, बहरीन के उद्यमी अनूप केवलराम आदि पुष्टिमार्गिय वैष्णवों का सभा ने सम्मानित किया। महाप्रभु वल्लभाधीश के वंशज गोस्वामी गोविंदराय महाराज ने कार्यक्रम में पधारे सभी लोगों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में चतुर्वेदी पुरोहितों ने वेद पाठ किये और राधिका चतुर्वेदी एवं किरन जावा ने सहयोग दिया। अंत में दो सौ से अधिक वैष्णवों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में संयुक्त अरब अमीरात के प्रवासी भारतीयों ने पूरे उत्साह से भागीदारी की। कार्यक्रम में ललित कारानी, राजेश पंचोलियाजी, राम पंचोलिया, लक्ष्मण भाटिया, दिलीप खैरा, शरद भाई, अश्विन भाई, चन्द्रशेखर भाटिया, देवा सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## एडमंड लालरिंदिका : पापपूर्ण शिष्टता के साथ राष्ट्रीय शिविर में नया ग्रीनहॉर्न

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** एडमंड लालरिंदिका बाईं ओर से आगे बढ़े, अनिरुद्ध थापा की कड़ी चुनौती को झटक दिया और गुरप्रीत सिंह संधू की पोस्ट के पास बाएं पैर से जोरदार शॉट लगाया जैसे कि यह नहीं है बड़ी बात है और वह हर शाम ऐसा करता है। यह उनका पहला वरिष्ठ राष्ट्रीय टीम शिविर है लेकिन ऐसा लगता है कि वह वर्षों से टीम का हिस्सा रहे हैं। ऐसा अक्सर नहीं देखा जाता कि पहली बार खेलने वाले खिलाड़ी में घबराहट, पूरा ध्यान और ऐसा आत्मविश्वास झलकता हो। 'यह वास्तव में बहुत अच्छा रहा है। मुझे देश के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण लेने में बहुत मजा आता है,' 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एक सप्ताह तक भुवनेश्वर में भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करने के बाद कहा।

यह सीनियर टीम के साथ लालरिंदिका की पहली यात्रा हो सकती है, लेकिन वह भारत की जर्सी के लिए कोई अजनबी नहीं हैं। उन्होंने इसे पहली बार 2013 स्न्रस्न्र 16 चैंपियनशिप में पहना था और नेपाल में खिताब जीता था। फॉरवर्ड बाद में 2014 एएफसी यू16 चैंपियनशिप क्वालीफायर, 2017 सैफ यू18 चैंपियनशिप और 2018 सैफ यू19 चैंपियनशिप क्वालीफायर का हिस्सा था। जैसे, ऐसे कुछ खिलाड़ी हैं जिनके साथ उन्होंने एक दशक से अधिक समय तक खेला है, जिससे उन्हें शिविर में घर जैसा महसूस हुआ। लेकिन वह युवा स्तर और वरिष्ठ स्तर पर अपने देश के लिए खेलने के बीच के भारी अंतर को समझते हैं।

## 'भारत को मौसम की स्थिति का आदी होना चाहिए...' वेस्टइंडीज, अमेरिका में टी20 विश्व कप पर सुरेश रैना

**रायपुर।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने रविवार को विश्वास जताया कि 'मेन इन ब्ल' 1 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान अच्छा प्रदर्शन करेगा। हालाँकि, उन्होंने आगाह किया कि उन्हें जितनी जल्दी हो सके 'ड्रॉप-इन पिचों' और वहां की मौसम की स्थिति से अभ्यस्त हो जाना चाहिए। टी20 विश्व कप 1 जून से शुरू होगा और 29 जून तक संयुक्त राज्य अमेरिका और कैरेबियाई स्थानों में खेला जाएगा।

छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग (सीपीएल) के एक कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए, जो जून में होगा। रैना ने कहा, 'टीम संतुलित है. रोहित शर्मा कप्तान हैं. विराट कोहली अच्छी फॉर्म में हैं और सूर्यकुमार यादव अच्छे टच में हैं. दो बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जा रहे हैं, जो पावरप्ले में गेंदबाजी कर सकते हैं. अक्षर पटेल और रवींद्र जाडेजा जा रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हालांकि, वहां मैच सुबह 10:00 बजे होते हैं। विकेट भी गिरे हुए होते हैं। टीम को जल्द से जल्द इन विकेटों और परिस्थितियों से अभ्यस्त हो जाना चाहिए।' उप-कप्तान हार्दिक पंड्या के आईपीएल में खराब फॉर्म पर रैना ने कहा, 'उन्होंने (भारत के लिए) वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। अस्थायी खराब फॉर्म किसी को बुरा नहीं बनाता है। जब वह विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो सभी को इसकी जानकारी होगी। उसकी प्रशंसा करेंगे।'

## एम्मा रादुकानु फ्रेंच ओपन क्वालीफाइंग से बाहर हो गईं

**नई दिल्ली।** एम्मा रादुकानु फ्रेंच ओपन क्वालीफाइंग से बाहर हो गई पूर्व ब्रिटिश नंबर 1 एम्मा रादुकानु ने प्रतियोगिता की शुरुआत की पूर्व संध्या पर फ्रेंच ओपन के क्वालीफाइंग इवेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। पूर्व ब्रिटिश नंबर 1 एम्मा रादुकानु ने प्रतियोगिता की शुरुआत की पूर्व संध्या पर फ्रेंच ओपन के क्वालीफाइंग इवेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। 21 वर्षीया ने अपने फैसले के पीछे कोई कारण नहीं बताया है। 2021 यूएस ओपन चैंपियन राडुकानु को क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम के लिए वाइल्ड कार्ड एंट्री नहीं दी गई थी। पिछले महीने मैड्रिड ओपन में अर्जेंटीना की क्वालीफायर मारिया लूर्डेस कार्ले के खिलाफ पहले दौर का मैच हारने के बाद से राडुकानु ने किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है। हालांकि, मैच के बाद राडुकानु ने कहा था कि वह मानसिक और भावनात्मक रूप से थक गई हैं। बीबीसी ने राडुकानु के हवाले से कहा, 'मैं कहूंगा कि पिछले कुछ सप्ताह बहुत अच्छे रहे हैं। मुझे लगता है कि आज के प्रदर्शन से यह स्पष्ट था कि मानसिक और भावनात्मक रूप से मैं थक गया था। उन्होंने आगे कहा, मैं आगे बढ़ने की कोशिश कर रही थी, और मैं आज आगे बढ़ने में असमर्थ थी। मुझे लगता है कि खेल बहुत क्रूर है। पिछले साल कलाई और टखने के ऑपरेशन के बाद वापसी करने के बाद वर्तमान में वह डब्ल्यूटीए एकल रैंकिंग में 212वें स्थान पर हैं।

## टी20 वर्ल्ड कपः द्रविड़-रोहित कॉम्बो के आखिरी सफर में उतर सकती है टीम इंडिया!

**मुंबई।** भारत के कोच-कप्तान राहुल द्रविड़ और रोहित शर्मा का संयोजन पिछले दो वर्षों में अपनी तीसरी आईसीसी विश्व कप प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह तैयार है, जो निश्चित रूप से उनका अंतिम प्रमुख कार्यक्रम होगा जब मेन-इन-ब्लू संयुक्त राज्य अमेरिका और कैरेबियन में उतरेंगे। 1 जून से शुरू होने वाले ICC पुरुष T20 विश्व कप 2024 के लिए।द्रविड़ द्वारा पद पर बने रहने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाने के कारण, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पुरुष टीम के लिए एक नए मुख्य कोच की तलाश कर रहा है और इस प्रकार आगामी टी20 विश्व कप 2024 कोच और कप्तान के रूप में उनका आखिरी आयोजन होगा।भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के मन में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या द्रविड़ और रोहित टी20 विश्व कप 2024 में भारत को खिताब दिला पाएंगे।

# एथलेटिक्स जेरूसलम ग्रैंड स्लैम में रोमानिया ने जीते 3 स्वर्ण पदक

एजेंसी

**जेरूसलम।** रोमानिया ने रविवार को गिवत राम स्टेडियम में आयोजित एथलेटिक्स जेरूसलम ग्रैंड स्लैम में तीन स्वर्ण पदक जीते। इस प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में रोमानिया की मारिया मिहालचे 11.64 सेकंड के समय के साथ पहले स्थान पर रहीं, वह दूसरे स्थान पर रहीं इज़राइल की अलीना ड्रुटमैन से केवल दो-सौवें सेकंड से आगे रहीं। रोमानिया ने महिलाओं की ट्रिपल जंप में भी स्वर्ण पदक हासिल किया, डायना आयन ने 14.07 मीटर की छलांग लगाकर लिथुआनिया की डोविल किल्टी से सिर्फ एक सेंटीमीटर आगे रहकर स्वर्ण पदक जीता।

रोमानिया का तीसरा स्वर्ण महिलाओं की 2,000 मीटर स्टीपलचेज़ में आया, जिसमें स्टेला रुट्टो 6ञ्14.76 मिनट के साथ पहले स्थान पर रहीं। यूरोपीय अंडर-23 चैंपियन, इज़राइल के ब्लेसिंग अफ़रीफ़ा ने पुरुषों की 200 मीटर




दौड़ में 20.47 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके हमवतन योनाथन कपिटोलनिक ने 2.15 मीटर की दूरी तय करके ऊंची कूद प्रतियोगिता जीती।

पुर्तगाल के कार्लोस नैसिमेंटो ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ 10.30 सेकंड में जीती, वे डच धावक तैमिर बर्नेट से आगे रहे, जिन्होंने 10.41 सेकंड में दौड़ पूरी की। तीसरे स्थान पर रहे लातविया के रॉबर्ट्स जेनिस ज़ालिटिस ने 10.48 सेकंड में दौड़ पूरी की।

पुरुषों की स्पर्धाओं में अन्य स्वर्ण पदक विजेताओं में, स्पेन के डैनियल सिस्नेरोस (110 मीटर बाधा दौड़ में 13.63 सेकंड के समय के साथ), हंगरी के बालाज़्स विन्डिक्स (800 मीटर दौड़ में 1:48.75 मिनट के साथ), साइप्रस के अपोस्टोलोस पारेलिस (डिस्कस थ्रो में 62.11 मीटर) और लंबी कूद में सर्बिया की स्ट्राहिंजा जोवांसेविक (7.87 मीटर की छलांग के साथ) रहे। महिलाओं में, पॉलीन लेट ने 100 मीटर बाधा दौड़ में 13.07 सेकंड के समय के साथ फ्रांस के लिए स्वर्ण पदक जीता, ग्रीस की ग्नफाकी दिमित्रा ने 400 मीटर बाधा दौड़ में 57.91 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, चेक एथलीट निकोल ताबाकोवा ने भाला फेंक स्पर्धा में 58.15 मीटर की दूरी के साथ, और इटली की स्टेफ़ानिया स्ट्रुमिलो ने डिस्कस थ्रो में 56.52 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता।

## आईपीएल 2024: क्वालीफायर 1 में हैदराबाद का सामना केकेआर से

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गुवाहाटी में खेला जाने वाला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का आखिरी



लीग मैच रविवार रात बारिश की भेंट चढ़ गया और मेजबान राजस्थान रॉयल्स और लीग टॉपर्स केकेआर ने एक-एक अंक बांट लिया। बारिश निर्धारित टॉस के समय से ठीक पहले हुई और लगभग तीन घंटे बाद रुकी।

सात ओवरों के मुकाबले में केकेआर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया, लेकिन बारिश फिर आ गई, जिसके कारण मैच रद्द करना पड़ा। जिसके परिणामस्वरूप, सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 17 अंकों और राजस्थान रॉयल्स से बेहतर नेटरन रेट के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। अब वे 21 मई को अहमदाबाद में क्वालीफायर 1 में लीग लीडर केकेआर से भिड़ेंगे। तीसरे स्थान पर रहने वाली राजस्थान की टीम 22 मई को अहमदाबाद में एलिमिनेटर में आत्मविश्वास से भरपूर आरसीबी के खिलाफ उतरेगी।

# टी-20 सीरीज में सर्वाधिक छक्के लगाने वाली टीम बनी हैदराबाद, आरसीबी को छोड़ा पीछे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पीछे छोड़ते हुए एक ही टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीम बन गई। हैदराबाद ने रविवार शाम पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 69वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की। अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन की जोरदार पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने रविवार को यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच गेंद शेष रहते 215 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।



हैदराबाद ने मैच में कुल 14 छक्के लगाए, जिससे मौजूदा संस्करण में उनके छक्कों की संख्या 160 हो गई, जबकि दूसरी ओर, फाफ डु प्लेसिस की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम के नाम कुल 157 छक्के हैं। टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली सूची में अन्य टीमें चेन्नई सुपर किंग्स (आईपीएल 2018 में 145), सरे (टी20 ब्लास्ट 2023 में 144) और कोलकाता नाइट राइडर्स (आईपीएल 2019 में 143) हैं। इस मैच में, एसआरएच ने मौजूदा आईपीएल 2024 में अपने नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज किया। हैदराबाद स्थित फ्रेंचाइजी ने एक एकल आईपीएल संस्करण में सबसे अधिक छह बार 200 से अधिक का स्कोर बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। इसके पहले कोलकाता नाइट राइडर्स, मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी 6-6 बार 200 के स्कोर को छुआ है।

मैच की बात करें तो पीबीकेएस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रभसिमरन सिंह (45 गेंदों में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 71 रन) का जोरदार अर्धशतक और रिले रोसौव (24 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 49 रन) और अथर्व ताइदे (27 गेंदों में 46 रन, पांच चौके और दो छक्के) की आतिशी पारियों की बदौलत पंजाब ने अपने 20 ओवरों में 5 विकेट पर 214 रन का स्कोर खड़ा किया।

बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और ट्रैविस हेड बिना किसी स्कोर के चलते बने, लेकिन इसके बाद अभिषेक शर्मा (28 गेंदों में 66 रन, पांच चौकों और छह छक्के), नीतीश कुमार रेड्डी (25 गेंदों में 37 रन, एक चौका और तीन छक्का), और हेनरिक क्लासेन (26 गेंदों में 42 रन, तीन चौके और दो छक्के) ने आतिशी पारी खेलकर 19.1 ओवर में 6 विकेट पर 215 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

अभिषेक शर्मा अपने तेज अर्धशतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच रहे। आठ जीत, पांच हार और एक मैच में बिना किसी नतीजे के 17 अंकों के साथ हैदराबाद अंक तालिका में दूसरे नंबर पर है। पीबीकेएस पांच जीत, नौ हार और 10 अंकों के साथ नौवें स्थान पर है।

## नाटकीय स्टंपिंग में कमिंस की भूमिका का हुआ खुलासा

**नई दिल्ली।** टेस्ट के सीज़न तीन में कैरी द्वारा बेयरस्टो की नाटकीय स्टंपिंग में कमिंस की भूमिका का खुलासा हुआ पिछले साल लॉर्ड्स में दूसरे एशेज टेस्ट में विकेटकीपर एलेक्स कैरी द्वारा इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की नाटकीय स्टंपिंग में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की भूमिका का खुलासा द टेस्ट डॉक्यूमेंट्री के तीसरे सीज़न में किया गया है। पिछले साल लॉर्ड्स में दूसरे एशेज टेस्ट में विकेटकीपर एलेक्स कैरी द्वारा इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की नाटकीय स्टंपिंग में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की भूमिका का खुलासा द टेस्ट डॉक्यूमेंट्री के तीसरे सीज़न में किया गया है। लॉर्ड्स टेस्ट के पांचवें दिन, बेयरस्टो 10 रन पर थे और 52वें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 193/5 था, जब उन्होंने कैमरून ग्रीन के बाउंसर को चकमा दिया और अनजाने में अपनी क्रीज से बाहर चले गए। यह देखकर, कैरी ने डिलीवरी को पकड़ने के बाद तुरंत अंडरआर्म थ्रो का निर्देशन किया और स्टंप की ओर सटीक थ्रो करने के बाद खुशी से उछल पड़े।

# ट्राई सीरीज में एक रन से जीता आयरलैंड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड में आयोजित टी20आई ट्राई सीरीज के दूसरे मैच में आयरलैंड ने आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत दर्ज की। मेजबान नीदरलैंड को आखिरी गेंद पर जीत के लिए तीन रन बनाने थे, लेकिन आडयर ने मात्र एक रन देकर आयरलैंड की जीत सुनिश्चित कर दी।

टॉस जीतकर नीदरलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आयरलैंड की तरफ से बालबर्नी और कप्तान स्टार्लिंग ने पहले विकेट लिए 19 रन जोड़े। दोनों सलामी बल्लेबाज 11-11 रन बनाकर आउट हुए। टकर ने 40 की पारी खेली। हैरी टेक्टर अपना खाता तक नहीं खोल पाए। मार्क अडायर ने खेली 49 रन की पारी

डेलानी ने 19 रन का योगदान दिया। अंत में 24 गेंद पर मार्क अडायर ने 49 रन की पारी खेल टीम का स्कोर 150 तक पहुंच दिया। टिम प्रिंगल



ने तीन विकेट चटकाए। दोराम और वैन मीकेरेन को 2-2 विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज माइकल लेविट और मैक्स 'ओ' डाउ ने पहले विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी की। टिम प्रिंगल की पारी न आई काम

लेविट 19 रन बनाकर आउट हुए तो मैक्स ने 33 रन की पारी खेली। विक्रमजीत सिंह ने 1 रन का योगदान दिया। बास डी लीडे ने 32 रन की बनाए। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने 12 रन का योगदान दिया।

अंत में गेंदबाज टिम प्रिंगल ने 13 गेंद पर नाबाद 35 रन की पारी खेली। हालांकि, वह टीम को जीत नहीं दिला सके और नीदरलैंड ने 1 रन से मैच गंवा दिया। फिओन को तीन और कैम्फर और मार्क अडायर को 2-2 विकेट मिले।

## लेडीज यूरोपियन जर्मन मास्टर्स में बढ़त है बनी हुई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तवेसा के शानदार 67 रन से लेडीज यूरोपियन टूर पर जर्मन मास्टर्स में उनकी बढ़त बनी हुई है तवेसा मलिक ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में 5-अंडर 67 के शानदार दौर में प्रवेश किया, जो एलईटी पर लगभग चार वर्षों में उनका सर्वश्रेष्ठ दौर था, हालांकि फरवरी में दक्षिण अफ्रीका में उनका स्कोर 65 था। इस राउंड के साथ, वह एक राउंड बाकी रहते हुए टी-55 से टी-21 पर पहुंच गई। तवेसा मलिक ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में 5-अंडर 67 के शानदार दौर में प्रवेश किया, जो एलईटी पर लगभग चार वर्षों में उनका सर्वश्रेष्ठ दौर था, हालांकि फरवरी में दक्षिण अफ्रीका में उनका स्कोर 65 था। इस राउंड के साथ, वह एक राउंड बाकी रहते हुए टी-55 से टी-21 पर पहुंच गई। भारत की महिला प्रो टूर पर कई बार की विजेता त्वेसा ने इस साल फरवरी में सुपरस्पोर्ट लेडीज़ चैलेंज में दक्षिण अफ्रीका में सनशाइन लेडीज़ टूर पर अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय जीत दर्ज की। कट हासिल करने वाली अन्य दो भारतीय प्रणवी उर्स (71) और दीक्षा डागर (73) टी-31 और टी-43 थीं।

# मैनचेस्टर सिटी ने रचा इतिहास, लगातार चौथा प्रीमियर लीग खिताब जीता

एजेंसी

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने रविवार को वेस्ट हैम यूनाइटेड को 3-1 से हराकर लगातार चौथा प्रीमियर लीग खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। मैनचेस्टर सिटी ने मैच में आक्रामक शुरुआत की और केवल 79वें सेंकेड में ही फिल फोडेन ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद 18वें मिनट में फोडेन ने जेरेमी डोकू के क्रॉस को गोल पोस्ट में डालकर बढ़त को दोगुना कर दिया।



हालाँकि, मोहम्मद कुदुस ने हाफटाइम से ठीक पहले (42वें मिनट) में गोल कर वेस्ट हैम का खाता खोल दिया। हाफ टाइम तक मैनचेस्टर सिटी 2-1 से आगे थी। मैच के 59वें मिनट में रोड्री ने गोल कर मैनचेस्टर सिटी को 3-1 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इसके साथ ही मैनचेस्टर सिटी ने लगातार चौथी बार प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। फोडेन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया, जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए दो गोल किए। मैच के बाद स्काई स्पोर्ट्स के हवाले से फोडेन ने कहा, सिर्फ मैं ही नहीं, सभी लड़कों ने महत्वपूर्ण प्रदर्शन किया है। हमने इस परिदृश्य को खेला है। हम आश्वस्त थे। ये एहसास कभी पुराना नहीं होगा। मैं हमेशा यह जीत का एहसास चाहता हूँ। बता दें कि कोच पेप गार्डियोला के कमान संभालने के बाद से मैनचेस्टर सिटी ने अपनी 17वीं ट्रॉफी और यूईएफए यूरोपीय सुपर कप और फीफा क्लब विश्व कप जीतने के बाद इस सीज़न की तीसरी ट्रॉफी जीती।

## प्रीति, निशाद कुमार, दीप्ति और रवि रोंगाली ने पेरिस पैरालिंपिक 2024 कोटा हासिल किया

एजेंसी

**कोबे।** भारतीय पैरा-एथलीट प्रीति पाल, निशाद कुमार, दीप्ति जीवनजी और रवि रोंगाली ने कोबे पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2024 के तीसरे दिन रविवार को पेरिस पैरालिंपिक 2024 कोटा हासिल किया। . भारत की प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर टी35 श्रेणी में कांस्य पदक जीता, जिससे तीसरे दिन के बाद भारत के पदकों की संख्या 2 हो गई।

इससे पहले, टोक्यो 2020 पैरालिंपिक रजत पदक विजेता, निशाद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के अविश्वसनीय सीज़न-सर्वश्रेष्ठ निशान के साथ रजत पदक जीता। इसके अतिरिक्त, 1.90 मीटर के अपने सीज़न के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ राम पाल छठे स्थान पर रहे। दीप्ति जीवनजी ने 56.18 सेकंड के समय के साथ एक नया एशियाई रिकॉर्ड स्थापित करते हुए महिलाओं की 400 मीटर टी20 हीट के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।खेलो इंडिया के पैरा एथलीट रवि रोंगाली ने पुरुषों के शॉटपुट स्न40 में 9.75 मीटर के थ्रो के साथ भारत के लिए पेरिस पैरालिंपिक 2024 कोटा हासिल किया, और इस इवेंट में छठे स्थान पर रहे।

## 39वीं ऑल असम ताइक्कांडो चैंपियनशिप शुरू, राज्य की 39 टीमें ले रही हैं हिस्सा

एजेंसी

**गुवाहाटी।** 39वीं अंतर-जिला ताइक्कांडो चैंपियनशिप आरजी बरुवा स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट के देशभक्त तरुण राम फुकन इंडोर स्टेडियम में शुरू हुई। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन असम विधानसभा के वरिष्ठ विधायकों में से एक व असम ताइक्कांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष बोलिन चेतिया ने किया। इसमें राज्य की 39 टीमों के लगभग 1200 एथलीटों ने भाग लिया।



टूर्नामेंट के उद्घाटन मौके पर विधायक चेतिया ने कहा कि ताइक्कांडो असम के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है। उन्होंने कहा कि डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व वाली असम सरकार की खेल नीति के तहत गोवा राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेताओं को रोजगार देने से असम के एथलीटों को ताइक्कांडो पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

यह प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित की जा रही है। किरोगी और पुमसे दोनों श्रेणियों में भाग लेने वाली टीमों में असम पुलिस स्पॉट कंट्रोल बोर्ड, बजाली, बाक्सा, बरपेटा, बिश्वनाथ, बोकाखात, बंगाईगांव, कछार, चाराईदेव, चिरांग, दरंग, धनश्री, धेमाजी, धुबड़ी, डिब्रूगढ़, डिमा-हसाओ, ग्वालपाड़ा, गोलाघाट, हैलाकांदी, होजाई, जोरहाट, कामरूप, कामरूप (मेट्रो), करीमगंज, लखीमपुर, माजुली, मोरान, मोरीगांव, नगांव, नाहरकटिया, नलबाड़ी, रंगिया, शिवसागर, शोणितपुर, दक्षिण सालमारा, मानकाचर, तामुलपुर, तिनसुकिया, तिताबर और उदालगड़ी शामिल है। उद्घाटन समारोह में ऑल असम ताइक्कांडो एसोसिएशन के महासचिव हिरण्य सैकिया, कार्यकारी अध्यक्ष दिगंता बोरा, उपाध्यक्ष ध्रुवज्योति बरगोहाई, कोषाध्यक्ष प्रांजल बुढ़ागोहाई और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# शारजाह में अरविंद चिथमबरम ने सलेम को हराकर एकमात्र बढ़त हासिल की

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चितांबरम यहां शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर की समाप्ति के बाद स्थानीय स्टार एआर सालेह सलेम को हराकर 4.5 अंकों के साथ एकमात्र नेता के रूप में उभरे।चित्रंबरम के बाद अब चार खिलाड़ी हैं, अमीन तबाताबेई और बर्दिया दानेश्वर की ईरानी जोड़ी और अमेरिकी हंस मोके नीमन और सैम शैंकलैंड, जिनके सभी चार अंक हैं।शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी आठ खिलाड़ियों के अगले समूह में हैं, जिनके प्रत्येक के 3.5 अंक हैं और संकल्प गुप्ता के रूप में एक और भारतीय उनका साथ दे रहे हैं।52000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी भी चार राउंड खेले जाने बाकी हैं, 16 खिलाड़ियों में से प्रत्येक के समान तीन अंक हैं। इस सूची में भारतीय अभिमन्यु पुराणिक, लियोन ल्यूक मेंडोंका, पी इनियान और वी प्रणव शामिल हैं।

यह कई लोगों के लिए कार्यालय में एक कठिन दिन साबित हुआ लेकिन चित्रंबरम अपने तत्व में थे क्योंकि उन्होंने खेल के सभी विभागों में सलेम को आसानी से हरा दिया।यह सलेम द्वारा किंग्स इंडियन डिफेंस था जिसने काले रंग का खेल खेला और मध्य गेम में चित्रंबरम ने रानी पक्ष पर दबाव डाला। यह 17वीं चाल पर था कि चेन्नई स्थित जीएम ने एक शानदार सामरिक अनुक्रम जारी किया, जिसमें एक किश्ती के लिए दो छोटे टुकड़े छोड़ दिए गए।जैसे-जैसे चीजें सामने आईं, बाकी गेम में व्हाइट की स्थिति बेहतर बनी रही और अंततः गेम के अंत में सलेम को मात मिली जिसमें व्हाइट का किश्ती बेहतर साबित हुआ। यह गेम 48 चालों तक चला। रूस की उभरती प्रतिभा, जिसे यहां FIDE ध्वज के तहत खेलना है, वोलोदर मुर्ज़िन के खिलाफ एरीगैसी किसी समय परेशानी की स्थिति में थी। क्वीन पॉन गेम के मध्य गेम में वैकल्पिक रूप से बेहतर स्थिति प्राप्त करने के बाद, एरीगैसी रक्षात्मक थी क्योंकि मुर्ज़िन ने कुछ स्थिर सुधार किया था। उसे किश्ती और प्यादों के अंतिम खेल में समाप्त करना था जहां ड्रा एक उचित परिणाम था।संकल्प ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए अजरबैजान के बेहद सम्मानित खिलाड़ी तीमोर रादजाबोव को बराबरी पर रोका, जबकि अभिमन्यु पुराणिक अपनी फॉर्म बरकरार नहीं रख सके और ईरान के अमीन तबाताबई से हार गए।

महत्वपूर्ण और भारतीय परिणाम राउंड 5 (जब तक निर्दिष्ट न हो भारतीय): अरविंद चित्रंबरम (4.5) ने ए.आर. को हराया। सालेह सलेम (यूएई, 3.5); हंस मोके नीमन (यूएसए, 4) ने एलेक्सी सराना (एसआरबी, 3.5) के साथ ड्रा खेला; एरीगैसी अर्जुन (3.5) ने वोलोदर मुर्ज़िन (फ़िड, 3.5) के साथ ड्रा खेला; अभिमन्यु पुराणिक (3) अमीन तबताबाई (इरी, 4) से हार गए; संकल्प गुप्ता (3.5) ने सैमुअल सेवियन (यूएसए, 3) के साथ ड्रा खेला; श्रेयस रॉयल (इंग्लैंड, 3) ने निहाल सरीन (3) के साथ ड्रा खेला; लियोन ल्यूक मेंडोंका (3) ने निकोलस थियोडोरो (ग्रे, 3) के साथ ड्रा खेला; पी इनियान (3) ने टेइमोर राद्जाबोव (एज़े, 3) के साथ ड्रा खेला; वी प्रणव (3) ने नोदिरबेक याकुबोएव (उज़्बेक, 2) को हराया; अभिमन्यु मिश्रा (2.5) ने भरत सुब्रमण्यम (2.5) के साथ ड्रा खेला; बेंजामिन ग्लेडुरा (हुन, 2.5) ने प्रणव आनंद (2.5) के साथ ड्रा खेला; आदित्य मित्तल (2.5) ने सिद्धार्थ जगदीश (एसजीपी, 2.5) के साथ ड्रा खेला; बी अधिबान (3) ने पौया इदानी (इरी, 2) को हराया; अभिजीत गुप्ता (2.5) ने महदी घोलामी ओरिमी (इरी, 2.5) से ड्रा खेला; डी हरिका (1.5) एम्रे कैन (तूर, 2.5) से हार गईं; यिलमाज़ मुस्तफा (तूर, 1.5) ने राजा ऋत्विक (1.5) के साथ ड्रा खेला; एस पी सेथुरमन (1) यागिज़ कान एर्दोगमस (तूर, 2) से हार गए।

फास्ट न्यूज

## जब मतदान केंद्र पर पहुंचा बुजुर्ग तो पता चला वो जिंदा नहीं

टीम एक्शन इंडिया

**अमेठी:** भेंटुआ ब्लॉक क्षेत्रांर्गत ग्राम सभा खंडहर से एक अनोखा मामला सामने आया। एक बुजुर्ग जब अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचा तो उसे पता चला कि वह तो जिंदा ही नहीं है। वोटर लिस्ट में वह मृतक दिखाया गया है। इसके बाद वह काफी हैरान और परेशान हुआ,फिर भी वह मतदान नहीं कर सका और बैरन ही वापस लौट आया। अमेठी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खंडहर ग्राम पंचायत निवासी रामप्रसाद (77) निर्वाचन आयोग के रिकॉर्ड में मृतक हो चुका है। यह बड़ी लापरवाही बीएलओ द्वारा उस समय सामने आयी, जब आज वो मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पहुंचा। बुजुर्ग सुबह बड़े ही उत्साह के साथ अपने बूथ संख्या 257 पर पहुंचा तो वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों एवं मतदान कर्मियों ने उसे रोक लिया। जब उसने इसका कारण पूछा तो पता चला कि वोटर लिस्ट में उसके नाम के आगे डिलीटेड लिखा था। मतदान कर्मियों ने बताया कि ऑन रिकॉर्ड राम प्रसाद की मृत्यु हो चुकी है, जिसके चलते वह मतदान नहीं करता। उसका नाम भी वोटर लिस्ट में दर्ज नहीं है। हालांकि इसके बाद बुजुर्ग ने काफी प्रयास किया, लेकिन फिर भी वह मतदान नहीं कर सका। यही नहीं इस तरह की तमाम समस्याएं इस बार मतदान के दिन देखने को मिली। कहीं पर ईवीएम मशीन खराब होने की सूचना तो कहीं पर हैंग होने की सूचना प्राप्त हुई, जिसके चलते काफी समय तक मतदान बाधित रहा।

## 16 मई, से 31 मई तक स्वच्छता पखवाडे का किया जा रहा आयोजन

**रामपुर बुशहर:** रामपुर एचपीएस द्वारा स्वच्छता पखवाडे का आयोजन विद्युत मंत्रालय व निगमित कार्यालय के निदेर्शानुसार रामपुर एचपीएस द्वारा 16 मई, से 31 मई 2024 तक स्वच्छता पखवाडे का आयोजन किया जा रहा है। पॉवर हॉउस परिसर एवं सतलुज नदी के तट के नजदीक ई. राजेश कुमार शर्मा, महाप्रबंधक, पीएडसी विभाग की अध्यक्षता में समस्त विभागाध्यक्षों, पॉवर हॉउस के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा संविदा कामकारों ने बढ-चढकर भाग लिया। इस अवसर पर ई. विकास मारवाह, परियोजना प्रमुख रामपुर एचपीएस ने कहा कि सतीश शर्मा,अध्यक्ष एवं प्रबंधन निदेशक, निदेशक कार्मिक सह अध्यक्ष एसजेवीएन फ ाउंडेशन के उचित दिशानिर्देशों के अनुसार इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव: सियासी मुद्दों की गरमागरमी

## अखिलेश और तेजस्वी भी अपनी रैलियों में कर रहे कांग्रेस के चुनावी वादों का इस्तेमाल

वादों को प्रचार

▶▶ गरीबों को 10 किलो मुफ्त अनाज देने के ताजा एलान को भी उसके सहयोगी दलों ने हाथोंहाथ लपक लिया



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के लिए अब दो चरणों के बाकी बचे प्रचार में सियासी मुद्दों की गरमागरमी के बीच विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में शामिल कांग्रेस के कई सहयोगी दल उसके चुनाव घोषणापत्र में किए वादों को अपने प्रचार अभियान के दौरान जोर-शोर से उठाने से परहेज नहीं कर रहे। महालक्ष्मी योजना के तहत गरीब महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना, युवाओं को अप्रेंटिसशिप अधिकार के साथ एक साल के लिए एक लाख रुपए तो केंद्र सरकार की नौकरियों में खाली 30 लाख पदों को सरकार में आते ही भरने की प्रक्रिया शुरू करने के कांग्रेस के बड़े वादों को सपा, राजद, झामुमो से लेकर शिवसेना यूबीटी जैसी पार्टियों के नेता न केवल चुनावी सभाओं में इसे आइएनडीआइए गठबंधन के वादे के रूप में पेश कर रहे बल्कि इन घोषणाओं पर भाजपा के हमले पर जवाबी पलटवार भी कर रहे हैं।

**भाजपा पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं कांग्रेस के सहयोगी:** कांग्रेस के चुनावी वादों की सबसे नई सूची में शामिल गरीबों को 10 किलो मुफ्त अनाज देने के ताजा एलान को भी उसके सहयोगी दलों ने हाथोंहाथ लपक लिया है।

राजद से लेकर शिवसेना यूबीटी के नेताओं ने इस वादे का पूरा समर्थन करते हुए भाजपा के इस पर उठाए जा रहे सवालों को खारिज कर दिया है। ऐसे वादों से देश के आर्थिक संकट में घिरने से लेकर दिवालिया होने के पीएम मोदी के आरोपों को खारिज करने में कांग्रेस के सहयोगी उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर भाजपा पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं।

**भाजपा की यह सोच ही दर्शाती है कि वह किसकी हितैषी है:** राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा ने सत्ताधारी दल के नेतृत्व की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ रुपए का बैंकों का कर्ज माफ कर देती है तो इससे देश पर आर्थिक संकट नहीं आता।

### भाजपा पर हमले कर रहे हैं राहुल और अखिलेश

**समाजवादी** पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव भी केंद्र में 30 लाख नौकरियों की भर्ती, अग्निवीर योजना बंद करने से लेकर महालक्ष्मी योजना का अपनी चुनावी सभाओं में प्रत्यक्ष या परोक्ष जिक्र करने से गुरेज नहीं कर रहे। महिलाओं और अप्रेंटिसशिप करने वाले युवाओं के खाते में सालाना एक लाख रुपए ट्रांसफर करने के राहुल गांधी के खटाखट-खटाखट शब्द का तो अखिलेश अपनी चुनावी सभाओं में भरपूर इस्तेमाल कर भाजपा पर हमले कर रहे हैं।

**महाराष्ट्र में चुनावी पारा चरम पर**

महाराष्ट्र में चुनावी पारा चरम पर है जहां शिवसेना यूबीटी के नेता उद्धव ठाकरे अपनी सभाओं में कांग्रेस के इन बड़े वादों को आइएनडीआइए के वादे के रूप में पेश करते हुए इन्हें देश के समग्र विकास से जोड़ रहे हैं। वहीं उनकी पार्टी के मुखर नेता संजय राऊत और राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी न केवल कांग्रेस के वादों की सार्वजनिक तरफदारी कर रहे बल्कि भाजपा पर आक्रामक पलटवार करने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं।

**राहुल गांधी के चुनावी एलानों का समर्थन कर रही है एनसीपी**

शरद पवार की एनसीपी तो खुलकर राहुल गांधी के चुनावी एलानों का समर्थन कर रही है। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सीधे तौर पर भले कांग्रेस के वादों का जिक्र करने से बच रहीं मगर अग्निवीर भर्ती बंद करने से लेकर नौकरी-रोजगार देने जैसे उसकी घोषणाओं को अपने चुनावी वादों में शामिल किया है।

# राजस्थान: 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी



टीम एक्शन इंडिया

**अजमेर:** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएसई) 12वीं साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स का रिजल्ट सोमवार दोपहर करीब सवा बारह बजे जारी कर दिया गया। संभागीय आयुक्त एवं बोर्ड प्रशासक महेश चंद्र शर्मा ने बोर्ड परिणाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि बोर्ड के इतिहास में कोरोना काल को अपवाद रूप में को छोड़कर यह पहला अवसर है जब बोर्ड ने बारहवीं के तीनों संकायों के परीक्षा परिणाम एक साथ जारी किए हैं। इसके लिए उन्होंने परिणाम तैयार करने वाली बोर्ड की टीम को बधाई दी और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि साइंस में 97.73, कॉमर्स में 98.95 और आर्ट्स में 96.88 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं।

परीक्षा परिणाम

▶▶ साइंस में 97.73, कॉमर्स में 98.95 और आर्ट्स में 96.88 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं

# 2047 तक भाजपा ही रहेगी: केशव मौर्य



टीम एक्शन इंडिया

**जौनपुर:** लोकसभा क्षेत्र 73 के चंबलतारा में भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने सोमवार को पहुंचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर बड़ा हमला बोला है । उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में एक तरफ गरीबों की भलाई चाहने वाले, महिलाओं का सशक्तीकरण चाहने वाले, देश-दुनिया में भारत की ताकत बढ़ाने वाले पीएम मोदी हैं, तो दूसरी तरफ गुंडे, माफियाओं, भ्रष्टाचारियों के एक गिरोह का इंडिया गठबंधन है । यहीं गिरोह मोदी को प्रधानमंत्री नहीं रहने देना चाहता , गुंडे, माफिया, दलाल और भ्रष्टाचारी इंडिया गठबंधन के साथ खड़े हैं । उन्होंने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि अखिलेश यादव गाजीपुर में मुख्तार अंसारी की कब्र पर फातिहा पढ़ने गए जबकि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को उन्होंने श्रद्धांजलि नहीं दी। अखिलेश यादव के मसीहा माफिया और अपराधी प्रवृत्ति के लोग हैं। भाजपा सरकार में बिना दलाली और कटौती के सीधे जनता तक योजनाएं शत-प्रतिशत रूप में पहुंच रही हैं। किसान सम्मान निधि के 2 हजार रुपये सीधे डीबीटी के माध्यम से खाते में पहुंच रहे हैं। कांग्रेस के राज में बिचौलियों की वजह से योजनाओं का लाभ महज कुछ लोगों को ही मिल पाता था।

दावा

▶▶ महिलाओं का सशक्तीकरण चाहने वाले, देश-दुनिया में भारत की ताकत बढ़ाने वाले पीएम मोदी हैं

# सुगम चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड सरकार प्रतिबद्ध

टीम एक्शन इंडिया

**रुद्रप्रयाग/देहरादून:** तीन दिवसीय जनपद भ्रमण पर रुद्रप्रयाग पहुंचे स्वास्थ्य सचिव व चारधाम यात्रा के प्रभारी सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने सोमवार को केदारनाथ धाम में जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों की ओर से की गई तैयारियों, सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुगम, सुरक्षित और निर्बाध यात्रा के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। स्लाइडिंग जोन सिरोबगड़ के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों से कहा कि सिरोबगड़ से ही जनपद की सीमा प्रारंभ हो जाती है। ये क्षेत्र अति-संवेदनशील है। ऐसे में हल्की वर्षा में भी मलबा आने से मार्ग बाधित हो जाता है। इसके लिए उन्होंने समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्लाइडिंग जोन पर 247 जीसीबी मशीन उपलब्ध रहे। जीसीबी ऑपरेटर का नंबर भी सभी प्रशासनिक अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए ताकि यातायात मार्ग अवरुद्ध होने पर तत्काल यातायात सुचारु किया जा सके। डॉ. राजेश कुमार ने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर सुविधा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि केदारनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं का यदि स्वास्थ्य खराब हो जाता है तो उनका प्राथमिकता पर उपचार किया जाए।



समीक्षा

▶▶ स्वास्थ्य सचिव ने श्रीकेदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं, दिए दिशा-निर्देश

## रोडवेज बस और सेना के वाहन के बीच हुई टक्कर

**चम्पावत:** रोडवेज बस और सेना के वाहन के बीच लोहाघाट के समीप सोमवार को टक्कर हो गई। इसमें कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। बताया गया कि लोहाघाट से पांवटा साहिब की ओर जा रही लोहाघाट डिपो की एक बस और टनकपुर से पिथौरागढ़ की ओर से आ रहे सेना के वाहन में एमईएस के समीप आमने-सामने की भिड़ंत हो गई।


इससे बस में सवार कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद वहां से रवाना कर दिया गया।

# कवर्धा: पिकअप खाई में गिरने से 18 मजदूरों की मौत, 4 लोग घायल

टीम एक्शन इंडिया

**कवर्धा:** कवर्धा जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक पिकअप खाई में गिर गई, जिसमें 18 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, वाहन में 25 लोग सवार थे। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि पिकअप सवार मजदूर तेंदूपत्ता तोड़कर लौट रहे थे। घटना बाहपानी ग्राम के पास हुई। पुलिस की टीम अभी घटनास्थल पर पहुंची है।

**सीएम विष्णु देव साय ने जताया दुख:** सीएम विष्णु देव साय ने दुखद हादसे पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि कबीरधाम के बाहपानी गांव के पास पिकअप पलटने से 18 ग्रामीणों के निधन और 4 लोगों के घायल होने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज के आवश्यक निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।



दुखद

▶▶ मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। पिकअप सवार मजदूर तेंदूपत्ता तोड़कर लौट रहे थे

# मतदाता कह रहे हैं 'मैं हूं मोदी का परिवार' : कौशल

टीम एक्शन इंमडिया

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पांचवें चरण की मोहनलालगंज सीट से भाजपा के प्रत्याशी कौशल किशोर ने मतदान किया। मतदान करने के बाद कौशल किशोर ने कहा कि 'मैं हूँ मोदी का परिवार'। मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र का जन-जन यही कह रहा है।

इसी भाव से मतदाता अपने-अपने मत का प्रयोग कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर ने मतदान दिवस पर अपराह्न एक बजे के बाद बढ़े मत प्रतिशत पर प्रसन्नता जाहिर किया। कौशल किशोर ने कहा कि मोहनलालगंज क्षेत्र के मतदाता भाजपा की जीत के लिए मतदान कर रहे हैं। उनके घर से निकलने और मतदान करने का सिलसिला जारी है। इस बार पुनः मोहनलालगंज क्षेत्र में कमल का फूल खिलने जा रहा है। देश में तीसरी बार मोदी सरकार भी बनने जा रही है। मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र में आने वाले पांच विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर शत-प्रतिशत मतदान कराने को वार्ता किया।

# सीएम के रूप में 13 साल पूरे होने पर ममता ने किया राज्य वासियों का अभिनंदन

टीम एक्शन इंडिया

**कोलकाता:** ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के तौर पर 13 साल पूरे होने पर राज्य के लोगों को बधाई दी है। उन्होंने सोमवार को अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि 13 साल पहले, आज ही के ऐतिहासिक दिन, मैंने पहली बार पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उस दिन से पश्चिम बंगाल के लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध होकर, हमने राज्य के विकास के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू की। मैं अपने माता-पिता के अटूट समर्थन और अंतहीन प्यार के लिए सदैव आभारी हूं। मैं बंगाल को प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध हूं। आज मातृ-माटी-मानुष दिवस पर, मैं बंगाल के सभी लोगों को हमारे राज्य में लोकतंत्र बनाए रखने में निभाई गई भूमिका के लिए बधाई देती हूं।



प्रतिबद्ध

▶▶ 13 साल पहले, आज ही के ऐतिहासिक दिन, मैंने बार पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी

## गोलीबारी में घायल हुए राजस्थानी पर्यटक जोड़े की हालत में सुधार

टीम एक्शन इंडिया

**श्रीनगर:** पहलगाम इलाके में पिछले हफ्ते आतंकवादियों की गोलीबारी में घायल हुए पर्यटक जोड़े की हालत में सुधार आया है। एक अधिकारी ने कहा कि तबरेज खान और उनकी पत्नी फराह का सेना के 92 बेस अस्पताल में इलाज चल रहा है। वे दोनों स्थिर हैं और उनकी हालत में सुधार हो रहा है। अधिकारी ने बताया कि फराह को कंधे में गोली लगी थी, जबकि एक गोली तबरेज के चेहरे पर लगी थी।

# कांग्रेस आरक्षण में भी डाका डालने का रच रही षडयंत्र : बंतो

टीम एक्शन इंडिया

**पंचकूला:** अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस को घेरा और भाजपा की उपलब्धियों की जमकर तारीफ की। श्रीमती कटारिया ने कांग्रेस के बारे में बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का मतलब हर बीमारी की जड़ है और भाजपा का मतलब विकास और समाधान है। कांग्रेस ने 60 साल में समस्याओं का समाधान नहीं किया, बल्कि समस्याओं के नाम पर लोगों को डरा कर रखा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने समस्याओं का समाधान किया साथ ही देश को तरक्की की बुलंदियों पर पहुंचाया। श्रीमती कटारिया ने ये बातें सोमवार को सेक्टर- 2, सेक्टर 20, सनसिटी सोसायटी, सेक्टर 12 में जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने ब्रह्मकुमारी आश्रम में जाकर आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान ज्ञानचंद गुप्ता, कैबिनेट मंत्री संजय सिंह और जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा भी साथ रहे। बंतो कटारिया ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति खुलकर कर रही है।

कांग्रेस के लोग भारतियों की खून पसीने से कमाई गई सम्पति पर डाका डालने का मौका ढूंढ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान का भी सम्मान करने वाली पार्टी नहीं है।



निशाने पर

▶▶ कांग्रेस हर बीमारी की जड़ है और भाजपा हर समस्या को जड़ से खत्म करने वाली पार्टी है : बंतो कटारिया

समीकरण — खास बात यह है कि यह रिकार्ड भाजपा के जिन प्रत्याशियों के नाम दर्ज हैं, उनका आपसी संबंध मां और बेटे का है

# लोस चुनाव : सुल्तानपुर सबसे छोटी और सबसे बड़ी जीत भाजपा की

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** उप्र में अवध क्षेत्र की सुल्तानपुर संसदीय सीट पर अब तक 17 बार आम चुनाव हो चुका है। भाजपा ने यहां पांच बार जीत का परचम फहराया है। इस सीट पर सबसे छोटी और सबसे बड़ी जीत दोनों भाजपा के नाम दर्ज है। खास बात यह है कि यह रिकार्ड भाजपा के जिन प्रत्याशियों के नाम दर्ज हैं, उनका आपसी संबंध मां और बेटे का है।

**पांच बार सुल्तानपुर की सुल्तान बनी भाजपा:** भाजपा इस सीट से 1991, 1996, 1998, 2014 और 2019 यानी कुल पांच बार जीत का परचम फहरा चुकी है। लेकिन इस सीट पर सबसे बड़े अंतर से जीत का सेहरा पार्टी के युवा नेता वरुण गांधी के सिर बंधा है। और सबसे छोटी जीत पार्टी की वरिष्ठ सांसद मेनका गांधी के खाते में दर्ज है। वरुण गांधी भाजपा की वरिष्ठ नेता मेनका गांधी के पुत्र हैं। 1991 में पहली बार इस सीट पर भाजपा की जीत का कमल विश्वनाथ दास शास्त्री ने खिलाया। शास्त्री ने जनता दल के राम सिंह को 76953 वोटों के अंतर से शिकस्त दी। 1996 के चुनाव में भाजपा दूसरी बार इस सीट से विजयी रही। इस चुनाव में पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र बहादुर राय ने समाजवादी पार्टी (सपा) प्रत्याशी कमरुज्जमा को 118,284 वोटों के अंतर से मात दी। 1998 के चुनाव में भाजपा के देवेन्द्र बहादुर राय ने 64,448 वोटों के अंतर से सपा की डॉ.रीता बहुगुणा जोशी को हराया।

**मेनका गांधी की कम अंतर से बड़ी जीत:** भाजपा के इस सीट पर अब तक हुई पांच बार की जीत में मेनका गांधी सबसे कम मार्जिन से 2019 के आम चुनाव में जीती। मेनका गांधी ने 14,526 वोट के अंतर से बसपा के चंद्र भद्रा सिंह सोनू का परास्त किया। इस सीट पर ये अब तक की सबसे छोटी जीत के तौर पर दर्ज है। गौरतलब है, बसपा के 1999 के आम चुनाव में बसपा के जयभद्र सिंह ने 14,591 मतों के अंतर से कुर्सी पर कब्जा किया था।

**फिरोज वरुण गांधी ने दर्ज की सबसे बड़ी जीत:** 2014 के आम चुनाव में भाजपा की टिकट पर फिरोज वरुण गांधी चुनाव मैदान में उतरे। वरुण को 410,348 (42.51 प्रतिशत) वोट मिले।



झरोखे से

▶▶ इस सीट पर सबसे बड़े अंतर से जीत का सेहरा पार्टी के युवा नेता वरुण गांधी के सिर बंधा है

# पीएम मोदी के वाराणसी दौरे से कांग्रेस परेशान, उठाए सवाल

टीम एक्शन इंडिया

**वाराणसी:** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे है। वह संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित सम्मेलन में मातृशक्ति से सीधे संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के वाराणसी दौरे को लेकर सियासत भी गरमाने लगी है। मंगलवार को कांग्रेस के जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश्वर पटेल एवं राघवेन्द्र चौबे ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। दोनों नेताओं ने कहा कि नामांकन के एक हफ्ते के भीतर ही प्रधानमंत्री व वाराणसी से भाजपा उम्मीदवार नरेंद्र मोदी का नारी वंदन के बहाने 18 घंटे का काशी में ठहराव साबित करता है कि पूरे देश के साथ बनारस में भी भाजपा की जमीन खिसक गई है। नामांकन के पूर्व रोड शो की तरह इस दौरे को लेकर भी शहर के सरकारी खंभों पर भाजपा के झंडे लगा कर उनकी यात्रा को बड़े इवेंट का रूप देने में प्रशासन भाजपा की मदद में लगा हुआ है।ताकि इससे भारी जनसमर्थन का एक बड़ा भ्रमजाल बुना जा सके।



हमला बोला

▶▶ 18 घंटे का काशी में ठहराव साबित करता है कि पूरे देश के साथ बनारस में भी भाजपा की जमीन खिसक गई है